आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

औचक निरीक्षण में पहुंची महापौर ने मिलाई कॉल, नौ...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 23 फरवरी, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 132 | www.janexpresslive.com/epaper



अमित शाह का राहुल गांधी को जवाब... 12

# विरोधी महाकुंभ आएं, क्षमता दिख जाएगी: सीएम

- देश के ऐसे पहले बायोप्लास्टिक प्लांट का शिलान्यास किया, जिसकी प्लास्टिक मिट्टी में गल जाएगी
- यूपी में 2850 करोड़ की लागत से स्थापित किया जाएगा देश का पहला बायोपॉलिमर संयंत्र: योगी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी

सीएम योगी शनिवार सुबह 10 बजे लखीमपुर-खीरी पहुंचे। यहां कुंभी में आयोजित भव्य समारोह में बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के 2850 करोड़ रुपए लागत से बन रहे बायोप्लास्टिक प्लांट का भूमिपूजन किया। इसके बाद गोला गोकर्णनाथ पहुंचे यहां काशी कॉरिडोर का भूमिपूजन किया और करोड़ों रुपए की कुल 373 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। योगी ने कहा- महाकुंभ को लेकर कई लोग नकारात्मक बयान दे रहे हैं। यूपी सरकार और सनातन के प्रतिनिधियों ने महाकुंभ का सफल आयोजन करके ऐसे लोगों के मुंह पर तमाचा मारा है। सीएम ने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा- अगर सरकार की क्षमता देखनी है तो महाकुंभ आ जाएं। 13 जनवरी से 22 फरवरी तक देश की आधी आबादी यानी करीब 60 करोड़ लोगों ने प्रयागराज पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। क्या ये कहीं और संभव है।



### लखीमपुर जल्द देश के विकसित शहरों में शामिल होगा: योगी

कुंभी में प्लांट के भूमि पूजन के बाद सीएम योगी गोला के लिए रवाना हो गए। यहां पर सीएम ने गोला गोकर्णनाथ धाम के निर्माण के भूमिपूजन किया। साथी ही काशी कॉरिडोर के लिए शिलान्यास भी किया। सीएम ने कहा - लखीमपुर-खीरी के सभी जनप्रतिनिधि विकास के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। कोई कॉरिडोर, कोई एयरपोर्ट तो कोई नये प्लांट स्थापित करने में। अब इसमें कोई संशय नहीं कि जल्द ही लखीमपुर-खीरी देश के विकसित जनपदों में शामिल होगा।

### कुंभी में दिख रहा महाकुंभ का निवेश

कुंभी में योगी ने कहा कि यह देश का पहला बायोप्लास्टिक प्लांट होगा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करेगा। यहां बनने वाली बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से डिस्पोजेबल होंगे। महज तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे। आज पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के महाकुंभ में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है। मुझे इस कार्यक्रम में 11 बजे पहुंचना था, पर मैं दो घंटे पहले 9.00 बजे ही पहुंच गया। दो घंटे पूर्व आने के बावजूद यहां लोगों की भीड़ देखकर आश्चर्यचकित हूं। सीएम ने बताया कि मैं यहां से गोला गोकर्णनाथ और फिर प्रयागराज जाऊंगा। लेकिन कुंभी में ही मुझे महाकुंभ दिख गया। यह निवेश का महाकुंभ है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान

योगी ने कहा- 2850 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह संयंत्र भारत की पहली इंटीग्रेटेड यूनिट होगी। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। यूपी सरकार यहां के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्लांट के साथ एमओयू करेगी, जिससे पढ़ाई कर रहे छात्र सीधे रोजगार से जुड़ सकें। यह प्लांट स्वीडन, ऑस्ट्रिया और यूएसए की जीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक पर बना है, जिससे नदियां भी सुरक्षित रहेंगी। इस दौरान सीएम ने ग्लोबलवॉर्मिंग पर चिंता जताते हुए, सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया।

### यूपी में निवेश को लेकर उन्साह

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में 45 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव आया है। अब तक 15 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है और 3 से 5 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। 7 से 8 लाख युवाओं को नौकरी भी मिल चुकी है। सीएम ने कहा- भविष्य में भी हम युवाओं को उनकी क्षमता के अनुसार, रोजगार दिलाने का काम करेंगे।



### कैसा होगा गोला गोकर्णनाथ कॉरिडोर

गोला गोकर्णनाथ कॉरिडोर 19524.670 वर्ग मीटर में 96 करोड़ की लागत से बनेगा। मंदिर जाने के लिए कुल तीन द्वार बनाए जाएंगे। अंगद धर्मशाला के पास से मुख्य गेट बनाया जाएगा। जहां से होकर भक्त सीधे मंदिर जा सकेंगे। मुख्य मार्ग के दक्षिण दिशा में पार्किंग की व्यवस्था होगी। दूसरा द्वार तीर्थ सरोवर के पास बनेगा और तीसरा द्वार शिव मन्दिर में प्रवेश द्वार के रूप में होगा। इसके साथ ही वीआईपी एंट्री के लिए नीलकंठ मैदान की ओर पश्चिम दिशा से 8 मीटर के रास्ते का चौड़ा किया जा रहा है।

### यूपी में बेहतरीन कानून व्यवस्था- योगी

सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतरीन कानून व्यवस्था की स्थिति है। भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर जीरो टॉरेंस की नीति का परिणाम है कि प्रदेश में 45 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें 15 लाख करोड़ निवेश करा चुके हैं। 60 लाख नौजवानों को नौकरी उपलब्ध कराई है। लगातार प्रस्ताव आ रहे हैं। आने वाले दिनों में प्रदेश के युवाओं को उनकी क्षमता और योग्यता नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराएंगे।

### महाकुंभ में 60 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। इस अनुकूल वातावरण का ही परिणाम है कि महाकुंभ में देश की आधी आबादी आस्था की डुबकी लगा चुकी है। 13 जनवरी लेकर 22 फरवरी के बीच 60 करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। दुनिया के अंदर किसी भी आयोजन में इतनी भीड़ भागीदारी नहीं होती है। अब उत्तर प्रदेश में कोई भी आयोजन होता है, इसी भव्यता से होता है।

### पर्यावरण को लेकर पूरी दुनिया चिंतित

सीएम योगी ने कहा कि पर्यावरण और प्रदूषण से पूरी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग एक चेतावनी है। असमय बारिश, सूखा ये सभी दुष्परिणाम ग्लोबल वार्मिंग के हैं। पर्यावण के प्रति हम लोग जितने जागरूक होंगे। पर्यावरण हमें जीने के लिए उतना ही अनुकूल वातारण उपलब्ध कराएगा। कहा कि प्रदेश ने अपनी पॉलिसी के तहत इस तरह के निवेश को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। बलरामपुर चीनी मिल पहला ऐसा ग्रुप है, जिसने इस पहल में कदम बढ़ाया। यह प्लांट बायो प्लास्टिक से बोतल, कप, डिब्बे का निर्माण करेगा। यहां पर जो बोतल, प्लेट व अन्य उत्पाद बनेंगे, वो डिस्पोजल होंगे। ये हर प्रकार से उपयोगी होंगे। पर्यावरण को बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का जो अभियान है। पूरी दुनिया जिसके लिए चिंतित है, इस चिंता को दूर करने के लिए बलराम चीनी मिल ने बड़ी पहल को आगे बढ़ाया है। कहा कि यह प्लांट बहुत ही शीघ्र अपना उत्पादन शुरू करके प्लास्टिक का सब्सिट्यूट उपलब्ध कराएगा। मेक इन इंडिया का विजन आगे बढ़ाएगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 120 चीनी मिल हैं। इनमें से 10 चीनी मिल बलरामपुर चीनी मिल ग्रुप की हैं। इस प्लांट की वार्षिक क्षमता 80 हजार टन होगी। यह जीरो लिक्विड डिस्चार्ज के अंतर्गत संचालित होगा। इस तरह के प्लांट से किसानों की आमदनी बढ़ाने और नौजवानों को रोजगार दिलाने में मदद मिलेगी।

## प्रयागराज में 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 9 मार्च को होगी

**प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान तीर्थयात्रियों की भारी आमद और यातायात में परिवर्तन के कारण लिया निर्णय**

- प्रदेश के अन्य सभी जिलों में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी को होंगी
- अब प्रयागराज में छात्रों के लिए ये परीक्षाएं 9 मार्च को उसी समय पर आयोजित की जाएंगी, जैसा कि 24 फरवरी को घोषित किया गया था
- पूर्वाह्न की परीक्षा सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक और दोपहर की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान तीर्थयात्रियों की भारी आमद और यातायात में परिवर्तन के कारण, उत्तर प्रदेश राज्य बोर्ड ने प्रयागराज में 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को 9 मार्च को पुनर्निर्धारित किया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रदेश के अन्य सभी जिलों में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी को होंगी। शेड्यूल के अनुसार, 24 फरवरी को हाईस्कूल के विद्यार्थियों की पहली पाली में हिंदी और दूसरी पाली में हेल्थकेयर की परीक्षा होगी। इसी तरह इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की पहली पाली में सैन्य विज्ञान और दूसरी पाली में हिंदी की परीक्षा होगी। अब प्रयागराज में छात्रों के लिए ये परीक्षाएं 9 मार्च को उसी समय पर आयोजित की जाएंगी, जैसा कि 24 फरवरी को घोषित किया गया था। पूर्वाह्न की परीक्षा सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक और दोपहर की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी। पिछले हफ़्ते प्रयागराज में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी गई, यहाँ प्रतिदिन आने वालों की संख्या 1 करोड़ से ज़्यादा हो गई। महाकुंभ मेला 26 फ़रवरी को समाप्त होने वाला है। आने वाले दिनों में भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने यातायात प्रबंधन, अस्पताल सुविधाओं और अन्य उपायों सहित सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए हैं।

## बुजुर्गों को शिकार बना रहे साइबर जालसाज

**महानगर के कई अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों को उनके ही क्रेडिट कार्ड से खरीदारी कर साइबर जालसाजों ने लाखों रुपये की चपत लगाई**

- एक पीड़ित ने क्रेडिट कार्ड बंद करवाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल की, लेकिन कॉल साइबर जालसाजों को लग गई
- एक अन्य बुजुर्ग ने न खरीदारी की न किसी को ओटीपी बताया, फिर भी उनके क्रेडिट कार्ड की मदद से अमेजन पर खरीदारी का मेल आया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

महानगर के कई अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों को उनके ही क्रेडिट कार्ड से खरीदारी कर साइबर जालसाजों ने लाखों रुपये की चपत लगा दी। खुलासा तब हुआ जब पीड़ितों ने इस संबंध में साइबर क्राइम पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार शालीमार गैलेंट निवासी बुजुर्ग अनूप श्रीवास्तव के पास अमेरिकन एक्सप्रेस का क्रेडिट कार्ड है। पीड़ित ने क्रेडिट कार्ड बंद करवाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल की, लेकिन कॉल साइबर जालसाजों को लग गई। साइबर जालसाज ने झांसा देकर उनके क्रेडिट कार्ड से 6,36,527 रुपये पार कर दिए। इसी तरह, विपुल खंड स्थित अवध अपार्टमेंट में रहने वाले बुजुर्ग कमलेंद्र प्रसाद के पास एक क्रेडिट कार्ड है। 21 जनवरी को उनके क्रेडिट कार्ड की मदद से अमेजन पर खरीदारी का मेल आया। पीड़ित ने बैंक के कस्टमर केयर पर कॉल की। जानकारी दी कि क्रेडिट कार्ड उन्हीं के पास है और उन्होंने किसी को ओटीपी भी नहीं बताया है। इसके बावजूद उनके क्रेडिट कार्ड से 7,94,313 रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली गई।



### दोगुना से अधिक मुनाफा होने का झांसा देकर 27.55 लाख रुपये ट्रांसफर करवाए

इंदिरानगर सी-ब्लॉक निवासी रवि वाधवान ने बताया कि फेसबुक पर अर्पिता नाम से रिक्वेस्ट आई। एक्सेप्ट करने पर युवती ने कहा कि वह बेंगलुरु में एक गारमेंट कंपनी में जॉब करती है। बातचीत के दौरान उसने बिटकॉइन ट्रेडिंग के बारे में बताया। पीड़ित का दोगुना से अधिक मुनाफा होने का झांसा देकर 27.55 लाख रुपये ट्रांसफर करवा कर ठग लिए।

### बॉस बनकर लगाया 78 लाख का चूना

रायबरेली रोड स्थित शहीद नगर कॉलोनी निवासी सर्वेश द्विवेदी टैक्स इंडिया कंपनी में 27 साल से अकाउंट मैनेजर हैं। 16 फरवरी की शाम उनके वॉट्सऐप पर एक मेसेज आया। मेसेज करने वाले ने दावा किया कि वह पीड़ित का बॉस मयूर गर्ग है। उनका यह नया नंबर है। डीपी पर बॉस की फोटो भी लगी थी। इसके बाद साइबर जालसाज ने पीड़ित का बॉस बनकर 78 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। कॉल रिसीव न होने पर पीड़ित इंडसइंड बैंक गया तो पता चला कि जिस खाते में रुपये ट्रांसफर हुए थे, वह दूसरे खातों में भेज दिए गए हैं। सर्वेश ने बॉस को फोन किया तो ठगी का पता चला। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## कासगंज में डीएम बिटिया से रू-ब-रू होंगे मुख्य चुनाव आयुक्त



- एटा-कासगंज और हाथरस के जिलाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक
- बेटी के यहां रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन मीटिंग के बाद दिल्ली होंगे रवाना

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हाल ही में नियुक्त हुए 1988 बैच के आईएएस अधिकारी और मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार शनिवार को कासगंज दौरे पर हैं। यहां वे अफसरों के साथ चुनाव आयोग की बैठक करेंगे। बैठक में अलीगढ़ मंडलायुक्त के साथ एटा, कासगंज और हाथरस के जिलाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। यहां यह बताना बेहद जरूरी है कि कासगंज की मौजूदा डीएम मेधा रूपम मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बड़ी बेटी हैं। जानकारी के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त रात्रि में अपनी बेटी के यहां विश्राम करेंगे और अगले दिन चुनाव आयोग की बैठक में अधिकारियों से चुनाव संबंधी और अन्य आवश्यक चर्चा करने के बाद दिल्ली को रवाना हो जाएंगे।

### नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले सीईसी

ज्ञानेश कुमार देश के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त बने हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वो पहले सीईसी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। उनके परिवार में कई सदस्य बड़े प्रशासनिक पदों पर हैं। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा से लेकर भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय राजस्व सेवा समेत कई अहम पद शामिल हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले की डीएम बड़ी बेटी मेधा रूपम और सहारनपुर में मेधा के पति मनीष बसंल डीएम हैं।

## नया मुरादाबाद में पीएफए की जिला अध्यक्ष की हॉकी से पिटाई, घर में घुस जमकर किया हंगामा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद में शुक्रवार रात पीएफए की जिला अध्यक्ष करुणा शर्मा पर कुछ लोगों ने हॉकी से हमला कर दिया। इस हमले में वह घायल हो गई। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने करुणा शर्मा की तहरीर पर चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पूर्व सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपुल फॉर एनिमल(पीएफए) की जिला अध्यक्ष करुणा शर्मा नया मुरादाबाद में रहती हैं। करुणा शर्मा ने पुलिस को बताया कि कुछ लोगों ने फ्लैट की छत से स्ट्रीट डॉग को फेंक कर मार दिया था।

## भाजपा के वादों पर जनता को भरोसा नहीं, झूठे वादे करने में यह पार्टी दुनिया में नंबर वन: अखिलेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय सीमा बदलते हैं, देश-प्रदेश का भविष्य नहीं। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि 2021 में भाजपाइयों ने कहा था कि 2024 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 10 खरब डॉलर की हो जाएगी। अब 2025 में कह रहे हैं कि 2029 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 10 खरब डॉलर की हो जाएगी। जनता को न भाजपा के बीते कल के वादे पर विश्वास था, न आने वाले कल के दावे पर भरोसा है। अखिलेश यादव ने कहा कि झूठे वादे करने में भाजपा के लोग दुनिया में नंबर एक पर है। भाजपा देश के किसानों, नौजवानों, महिलाओं से अब तक न जाने कितने झूठ बोल चुकी है। समाज का हर वर्ग समझ चुका है कि भाजपा बेईमानी और झूठ की राजनीति करती है। पहले भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने, गन्ना किसानों को 14 दिन में गन्ना मूल्य का भुगतान कराने और समय सीमा में भुगतान न होने पर ब्याज समेत भुगतान करने, हर साल दो करोड़ नौजवानों को नौकरी देने, छात्रों को लैपटॉप देने और महंगाई खत्म करने समेत तमाम वादे किए थे। लेकिन, भाजपा और उनके नेताओं के सारे वादे झूठे साबित हुए है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा झूठ, बेईमानी और लफ्फाजी के जरिये राजनीति करना चाहती है।

## लाला काशीनाथ सेठ ज्वैलर्स के यहां 56 घंटे तक चली आयकर की जांच



जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में लाला काशीनाथ सेठ ज्वैलर्स के चौक क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठान में शनिवार को भी आयकर विभाग की टीम जांच करती रही। शाम करीब सात बजे टीम के सदस्यों ने जांच खत्म की। शाम को टीम के सदस्य दो वाहनों से लौट गए। हालांकि छापे के दौरान क्या अनियमितता मिली, इसको लेकर टीम ने खुलासा नहीं किया है। आयकर विभाग के 21 सदस्यों की टीम ने बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे चौक स्थित लाला काशीनाथ सेठ ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान में छापा मारा था। तब से लेकर शनिवार शाम सात बजे तक प्रतिष्ठान का मुख्य दरवाजा बंद रहा। बीच-बीच में सुरक्षाकर्मी या कुछ लोग बाहर निकलते हैं और फिर अंदर चले जाते हैं। शनिवार सुबह आयकर विभाग की टीम के दो सदस्य बाहर निकले और एक वाहन में बैठकर कहीं चले गए। बाकी टीम अंदर जांच करती रही। इस दौरान आयकर विभाग की टीम अभिलेखों और स्टॉक की जांच में जुटी रही।

### सराफा बाजार में उड़ती रही अफवाहें

आयकर अधिकारियों की मौजूदगी के कारण क्षेत्र के सर्राफा बाजार में कई अफवाहें उड़ती रहीं। कई सर्राफा कारोबारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। छापे में अभी तक आयकर विभाग को क्या हासिल हुआ है, इस पर टीम की ओर से कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। लंबे समय से चल रही जांच से यह माना जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम चौंकाने वाला खुलासा कर सकती है। शनिवार शाम करीब सात बजे आयकर विभाग की टीम लौट गई है।

## संदिग्ध हालात में पत्नी की मौत, पीएसी सिपाही की हालत गंभीर, जंगल में पड़े मिले थे दोनों

- सिपाही की हालत गंभीर बनी हुई है वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में तैनात पीएसी सिपाही की पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सिपाही और उसकी पत्नी शनिवार दोपहर फरीदपुर इनायत खां के जंगल में बेहोश पड़े मिले थे। सूचना पर पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। सिपाही की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक पीएसी आठवीं बटालियन में तैनात आरक्षी रवि शनिवार सुबह अपनी पत्नी के साथ कार लेकर बिथरी थाना क्षेत्र में दवा लेने गए थे। दोपहर बाद फरीदपुर इनायत खा के जंगल में दोनों बेहोश हालत में पड़े मिले। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर बिथरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों को नकटिया के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### लूट के बाद महिला की हत्या की उड़ी अफवाह

डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि रवि की हालत गंभीर है। इस मामले में अफवाह उड़ी कि बदमाशों ने लूटपाट के बाद महिला की हत्या कर दी है। जानकारी मिलने पर एसपी सिटी मानुष पारीक मौके पर पहुंचे और जांच की। महिला के बैग में रुपये और जेवर सुरक्षित मिले हैं। पास में ही कार खड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक जहर से मौत का मामला है। हालात सुधरने पर रवि ही इस बारे में सही जानकारी दे पाएंगे। रवि मूल रूप से रामपुर जिले के मिलक थाने के सिहारी गांव के निवासी हैं वह पीएसी परिसर के सरकारी आवास में परिवार के साथ रहते हैं, उनकी तीन बेटियां हैं।



# अटल भूजल योजना के तहत जिला पंचायत ने दी 25 करोड़ की कार्य योजना की स्वीकृतिः अशोक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला पंचायत की बैठक में शनिवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया गया। साथ ही अटल भूजल योजना के अंतर्गत 25 करोड़ की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा जिले में तीन स्थानों पर बारात घर निर्माण कराए जाने का अनुमोदन किया गया।

जिला मुख्यालय में शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट 5,216 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट 4,095 लाख को स्वीकृति दी गई। पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए शासन द्वारा आवंटित धनराशि के सापेक्ष 817.85 लाख की कार्ययोजना एवं जिला निधि 1,000 लाख की कार्ययोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया। इसी क्रम में 15वें केन्द्रीय वित्त आयोग-टाइड फंड एवं अनटाइड फंड की संस्तुतियों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 504.31 लाख तथा अनटाइड फंड की 344.20 लाख की कार्य योजनाएं एवं अटल भूजल योजना के अंतर्गत 25 करोड़ की कार्ययोजना अनुमोदित की गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता की समस्याओं को देखते हुए जिला पंचायत की मानिकपुर स्थित डाक बंगला की जमीन व रैपुरा स्थित डाक बंगला की जमीन एवं ग्राम गहोरा माफी में बारात घर निर्माण कराए जाने की स्वीकृति बोर्ड ने प्रदान की है। अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि श्रम रोजगार उपायुक्त के प्रस्ताव के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा के अंतर्गत कनर्वेजेंस के माध्यम से काम कराने के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी कर्वी द्वितीय द्वारा 11 कार्यों के लिए 51.58 लाख (श्रमांश) एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक द्वारा चार कार्यों के लिए श्रमांश 31.99 लाख की धनराशि पर विचार किया गया। बैठक में एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में सर्वसम्मति/ ध्वनिमत से प्रस्ताव परित किया गया। साथ ही कर निर्धारण सूची का अनुमोदन किया गया।

इस मौके पर पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्र, रामनगर ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र, जिला पंचायत सदस्य अनिल, विनील कुमार द्विवेदी, राजाराम पाल, अर्जुन प्रसाद शुक्ल, उमाकांत त्रिपाठी, राजरानी, प्रेमचन्द्र वर्मा, दशरथ प्रजापति, जगदीश यादव, संगीता देवी, मीरा भारती, मनरेगा उपायुक्त धर्मजीत सिंह, अभियंता राकेश कुमार, वित्तीय परामर्श दाता पंचानन वर्मा, अनुभागीय मुख्य लिपिक इन्द्रपाल सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सनातन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पर्व महाकुम्भ मेलाः स्वामी प्रखर जी महाराज

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ के पावन पवित्र अवसर पर आध्यात्मिक, वैदिक, सांस्कृतिक एवं परम्परागत धार्मिक सम्मेलन का आयोजन इस वर्ष बहुत ही भव्य दिव्य एवं अमृत महाकुम्भ के नाम से मनाया गया। महाकुम्भ मेला में अपनी सेवा दे रहे प्रखर परोपकार मिशन द्वारा संचालित पचास बिस्तरीय निःशुल्क अस्पताल का भी विसर्जन हो चुका। साथ ही इस शिविर के माध्यम से धार्मिक आयोजनों की त्रिवेणी भी बहाई गयी,जिसमें सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को शिविर के संस्थापक यज्ञ सम्राट परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री प्रखर जी महाराज ने पत्रकारों से रूबरू हुए अपने शिविर से सम्बन्धित जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि हम सबका सौभाग्य है कि बारह वर्ष बाद लगे इस विशाल महाकुम्भ में शासन और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी द्वारा सकुशल सफलता प्राप्त हुई, उन्होंने सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि योगी जी के सानिध्य में सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु इस सरकार द्वारा महाकुम्भ में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो पायी,हालांकि हमारे घरों में अतिरिक्त मेहमान आने पर असुविधा उत्पन्न हो जाती है लेकिन यहां करोणों की जनसंख्या को नियंत्रित करना अकल्पनीय है।

शिविर में होने वाले आयोजनों को लेकर उन्होंने कहा कि देश के योग्य डाक्टर की टीम द्वारा सर्व साधारण श्रद्धालुओं की सेवा हेतु निशुल्क सुविधाएं दीं गयीं। महाकुंभ में आध्यात्मिक ज्ञान, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता का आदान-प्रदान के साथ ही सबकी निरोगी काया हो जाये इस उद्देश्य से विशिष्ट प्रखर परोपकार मिशन अस्पताल बनाया गया,जिसमें अत्याधुनिक तकनीक से सम्बन्धित मशीनों एवं विशिष्ट डाक्टरों की टीम द्वारा समुचित इलाज किया गया।

स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि महाकुम्भ, भारतीय संस्कृति का महापर्व है। हमारी प्राचीन सनातनी परम्परा को आधुनिक परिवेश में जोड़ने वाले इस विराट महापर्व पर देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आकर कल्पवास एवं माघ स्नान कर अपने जीवन को धन्य करते है। तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ के आयोजन का विशेष महत्व है।

शिविर संयोजिका माता चिदानंदमयी ने कहा कि शिविर के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 250 दण्डी सन्यासियों हेतु निःशुल्क जलपान, मेले में आने जाने वाले तीर्थयात्रियों हेतु निःशुल्क चाय-पकौड़ी का भी वितरण प्रतिदिन प्रातः से सायं तक किया गया। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन इस शिविर के माध्यम से किये गए जिनमें विश्व विख्यात पूज्य डॉ. दिव्य चेतन ब्रह्मचारी जी महाराज (सहायक आचार्य, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी) के श्रीमुख से माघ माहात्म्य कथा,पूज्य गुरुदेव अनन्तश्री विभूषित महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीप्रखर जी महाराज के श्रीमुख से श्रीरामकथा जिसमें जगतगुरू रामानुचार्य स्वामी राघवाचार्य जी महाराज सहित अन्य सुप्रसिद्ध कथावाचक आते रहे। इसी क्रम में ज्ञानमय यज्ञ में दिनांक 16 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक रात्रि 08 से 09 बजे तक धर्मशास्त्र तथा मीमांसा की विविध पंक्तियों के माध्यम से भक्तों के प्रश्नों के सटीक व शास्त्र सम्मत उत्तर देने के लिए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के मीमांसा विभाग के प्रोफेसर डॉ. कमलाकान्त त्रिपाठी जी, डॉ. गिरीश पाण्डेय, पी.पी.एम. संस्कृत एकेडमी के डॉयरेक्टर डॉ. सज्जन प्रसाद तिवारी जी एवं पूज्य योगेश ब्रह्मचारी जी द्वारा 'प्रश्नोत्तरी सभा' एवं शंका समाधान का भी अयोजन भी नित्य प्रति किया गया। शिविर में निवास करने वाले कल्पवासियों तथा अन्य भक्तों के पितरों के निमित्त तर्पण आदि कर्म कराने के लिए परम्परागत विद्वान ब्राह्मणों की भी व्यवस्था की गई। इस महाकुम्भ में आये अवासीय शिविर में निवास हेतु अटैच लैट-बाथरूम एवं प्लाई वुड से बने सुसज्जित 52 कमरों (विष्णु लोक) का निर्माण कराया गया और साधु-सन्तों के निवास हेतु अटैच लैट-बाथरूम एवं प्लाई वुड से बने 6 कमरों (भक्ति लोक) का निर्माण कराया गया। सामान्य भक्तजनों के निवास हेतु 36 कमरों (शिवलोक) का निर्माण कराया गया।

शिविर में कल्पवासियों के लिए भोजन एवं भंडारा की शुद्धता व पवित्रता का विशेष ध्यान रखते हुए वेणीमाधव प्रसादालय में तीनों समय सात्विक भोजन की भी व्यवस्था गई है। शिविर में प्रत्येक दिन महापुरुषों का भी आगमन होता है, जिसमें सामवेदीय पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज, ज्योतिष पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज, परम पूज्य रावतपुरा सरकार जी महाराज, सुविख्यात कथावाचक पूज्य अनिरुद्धाचार्य जी महाराज, हरियाणा मठ के स्वामी शिवाधार जी महाराज सहित विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक बड़े दिनेश जी, इंद्रेश जी सहित अन्य विशिष्ट महापुरुष भी शिविर में पधारते रहे। वार्ता में माँ चिदानंदमयी, आचार्य गौरव शास्त्री, अशोक जोशी, नरेंद्र शर्मा, रोहित शर्मा, सुषमा अग्रवाल, विनीता शर्मा, आनंद वराहम्चारी, दिनेश मिश्रा, कुल्दीप तिवारी, सौरभ शर्मा, नवीन चौधरी, कुश उपाध्याय समेत अनेकों लोग उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अपर जिलाधिकारी व अपर एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को थाना मानिकपुर व मारकुण्डी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रार्थना पत्र लेकर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना मानिकपुर व मारकुण्डी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों के प्रार्थना पत्र लेकर आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धितों निर्देशित किया। कहा कि भूमि सम्बन्धी विवादों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके जाकर जांचकर मामले का निस्तारण कराए। इस मौके पर सम्बन्धित राजस्व अधिकारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट। सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की 23 मत्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी से बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। कहा कि इस योजना का लाभ पाने के लिए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी विभागीय पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का डॉयरेक्टर ने जाना हाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में 10 से 25 फरवरी तक चलाए जा रहे एमडीए अभियान का राष्ट्रीय टीम की डायरेक्टर डॉ इंदु ग्रेवाल ने रामनगर ब्लाक के ग्राम पहाडी व ब्लाक मऊ के ग्राम छिवली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ इंदु द्वारा ग्रामीणों से फाइलेरिया की दवा खिलाये जाने संबंधी जानकारी ली व ग्रामीणो से अपील की कि वह फाइलेरियारोधी दवा अवश्य खाए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि मच्छरों का प्रकोप अधिक है और फाइलेरिया बीमारी मच्छरों द्वारा फैलती है। उन्होंने स्वास्थ्य दवा प्रदाताओं को निर्देश दिये कि लाभार्थियों को दवा अपने सामने खिलायें जिससे यह सुनिश्चित हो कि सभी ने पूरी और सही मात्रा में दवा का सेवन किया है। उन्होंने अभियान की प्रभावशीलता बढाने के सम्बन्ध में कई सुझाव देते हुए सुपरवाइजरों को शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। नोडल अधिकारी डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि इस अभियान के तहत दो दवाएं डीईसी व एल्बेन्डाजोल खिलाई जा रही है। इन दवाओं का सेवन कर स्वयं को व अपने परिवार को फाइलेरिया से बचाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक जनमानस को दवा का सेवन कराना है जिससे फाइलेरिया रोग का उन्मूलन किया जा सके। इसी मौके पर डब्ल्यूएचओ के जोनल कोआर्डिनेटर डॉ निशान्त, चिकित्सा अधीक्षक रामनगर डॉ शैलेन्द्र सिंह, चिकित्सा अधीक्षक रामनगर डॉ हारून, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक जयशंकर गुप्ता, जिला समन्वयक पाथ अनिल कुमार, ब्लाक मऊ के बीसीपीएम, ब्लाक रामनगर के बीपीएम व क्षेत्र की आशा मौजूद रहीं।

### किशोरी ने कुएं में लगाई छलांग, मौके पर मौत

जन एक्सप्रेस । उरई। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम ऐकों में किशोरी ने घर के समीप बने कुएं में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने किशोरी को मंदबुद्धि बताया है। कुठौंद थाना क्षेत्र के ऐकों गांव निवासी चुखू की 15 वर्षीय बेटी रोशनी मंदबुद्धि थी। शुक्रवार को वह परिजनों के साथ मटर तोड़कर घर लौटी और शाम को उसने घर के पास बने कुएं में छलांग लगा दी। मौजूद लोगों ने उसे कुएं में कूदता देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने परिजनों को जानकारी दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव वालों की मदद से उसे कुएं से बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने की वजह से पुलिस व परिजन उसे नहीं निकाल सके। सुबह उसका शव कुएं से बाहर निकालकर पुलिस ने कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत पुत्री गम्भीर

जन एक्सप्रेस । कालपी। कोतवाली क्षेत्र में मदारीपुर रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पिता पुत्री को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्री को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर निवासी किसान गजेंद्र सिंह 42 की पुत्री शिवानी 16 वर्ष इंटरमीडिएट की छात्रा है। बताया गया कि वह शनिवार को अपनी पुत्री के साथ बाइक से महेवा के गुलजारी सिंह मदारी सिंह इंटर कालेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र लेने जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक जोल्हुपुर मदारीपुर मार्ग पर गोराकला के नून नदी पुल पार करके आगे बढ़ी। तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक रोड के नीचे खंदक में चली गई और बाइक पर सवार पिता व पुत्री घायल हो गए। लोगों ने सूचना कालपी पुलिस को दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टर ने किसान गजेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही घटना की खबर घर पर पहुंची तो परिजनों में चीख पुकार मच गई, और वह रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। वहीं पुत्री की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दाह संस्कार के लिए जा रहे लोगों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़। शव को लेकर दाह संस्कार करने जा रहे लोगों के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। मधुमक्खियों के हमले से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से इलाज के बाद सभी को घर भेज दिया गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के सिहारी निवासी मुन्नीलाल तिवारी 85 का शुक्रवार रात निधन हो गया था। शनिवार दोपहर को परिजन व ग्रामीण दाह संस्कार करने के लिए शव को खेत पर ले गए। खेत के पास लगे नीम के पेड़ पर मधुमक्खियों ने दाह संस्कार में आए लोगों के ऊपर हमला कर दिया। जिससे अफरा तफरी मच गई।मधुमक्खियों का हमला इतना तेज था कि गिरकर चुटहिल हो गए। वही ग्रामीण अरूण तिवारी, नरेंद्र तिवारी, राकेश तिवारी, संकल्प तिवारी, प्रशांत, राजबीर सिंह आदि घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उपचार के बाद में घर भेज दिया गया।

# रामकथा के छठे दिन राम-सीता विवाह हुआ सम्पन्न





जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

ग्राम सिधौली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चल रही नौ दिवसीय रामकथा महायज्ञ के छठे दिन श्री रामचरित मानस की कथा में राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कासी बनारस से पधारे पंडित श्री सोनेश्वर महाराज ने श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा- महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ।

माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। इस क्रम में आचार्य सोनेश्वर महाराज ने क्षेत्रीय संगीत की धुन पर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया।

इस मौके पर व्यवस्थापक विश्वनाथ राजपूत, राहुल राजपूत, रामगोपाल गुप्ता पहाड़ी, प्रकाश राजपूत ब्यौहरा, आदि ग्राम वासी मौजूद रहे।

# डीआईजी और एसपी ने जिला मुख्यालय में लिया यातायात व्यवस्था का जायजा



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ एवं महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत आने वाले भीड़ के चलते जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय में बेड़ी पुलिया से कर्वी तक यातायात व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेले में लगे सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि प्रयागराज महाकुंभ में जाने तथा धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने ड्यूटि स्थल पर तैनात रहकर सतर्क होकर ड्यूटि करें। उन्होंने यातायात व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों से कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहनी चाहिए तथा कोई भी वाहन सड़क के पटरी पर खड़ा न होने पाए। इस मौके पर पीआरओ प्रवीण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने किया थानों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मानिकपुर। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने शनिवार को थाना मानिकपुर व मारकुंडी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क एवं मेस थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि महाकुंभ के पावन पर्व पर जनपद चित्रकूट से होकर प्रयागराज को जाने वाले एवं जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। कहा कि अनावश्यक रूप से रोड पर खड़े वाहनों को हटवाए तथा सुरक्षा का माहौल बनाए रखें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम, मानिकपुर थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह, मारकुंडी थाना प्रभारी शिवआसरे सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, जिले में 593 जोड़ों ने लिए फेरे

जन एक्सप्रेस । उरई



जिले की नवीन गल्ला मंडी कालपी रोड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य समारोह में 593 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद और उज्जवल भविष्य की कामना की। विवाह समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके सुखमय जीवन की शुभकामनाएँ दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह योजना समाज के अंतिम छोर तक पहुँच रही है और इससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम सभी धर्मों और समुदायों के बीच एकता का प्रतीक है और इससे आपसी मेलजोल को बढ़ावा मिलता है। सदर विधायक ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को गरीब परिवारों के लिए वरदान बताते हुए कहा, यह योजना वंचित वर्गों को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि उनकी बेटियों की शादी का बोझ भी हल्का करती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है और रोजगार के अवसर भी मुहैया करा रही है। कहा कि पहले गरीब परिवारों के लिए बेटी की शादी करना कठिन होता था। कई बार उन्हें कर्ज लेना पड़ता था, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती थी। लेकिन इस योजना ने उनकी यह चिंता दूर कर दी है। सभी धर्मों और समुदायों की रीति-रिवाजों का ध्यान रखकर विवाह संपन्न कराए जा रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 51 हजार की सहायता दी जाती है। इस अवसर पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीसीएनआरएलएम महेंद्र चौबे, पीडी अखिलेश तिवारी, सहित कई अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना न केवल गरीब परिवारों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा दे रही है। इस तरह के आयोजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# डीएम एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस । उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन थाना आटा में किया गया। सम्पूर्ण थाना दिवस में आये हुए फरियादियो की शिकायतो को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियो को त्वरित निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद, पारिवारिक झगड़े, आपराधिक शिकायतों तथा अन्य प्रशासनिक मुद्दों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपकर एक सप्ताह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की सभी शिकायतों का निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी फरियादियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का जल्द से जल्द समाधान करें। उन्होंने यह भी कहा कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य है कि आम जनता को न्याय सुलभ कराया जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाएगी और यदि किसी अधिकारी की लापरवाही पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामोदय के छात्र अथर्व गुप्ता का कूड़ो वर्ल्ड कप बुल्गारिया यूरोप के लिए हुआ चयन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बीबीए पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे युवा प्रतिभाशाली एथलीट अथर्व गुप्ता में अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर कूड़ो वर्ल्ड कप 2025 में स्थान सुनिश्चित किया है। अथर्व की इस उपलब्धि पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने छात्र अथर्व गुप्ता को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अथर्व ने अपने समर्पण और संघर्ष के बल पर शानदार मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। ग्रामोदय विश्वविद्यालय सहित पूरे चित्रकूट क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### सदर विधायक ने एट कोटरा सम्पर्क मार्ग का भूमि पूजनकर किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । उरई

आप लोगों ने जिस विश्वास के साथ मुझे आशीर्वाद दिया है, मैं उस पर खरा उतरनें का प्रयास करता हूं। इसके लिए मैं सदा आप सबका आभारी रहूगां। साथ ही मैं लगातार आप लोगों की परेशानियों को दूर करनें का प्रयास भी कर रहा हूं। एट कोटरा संपर्क मार्ग पिछले कई सालों से बदहाल था। आम लोगों का इस मार्ग पर चलना दूभर था। अब आप सबको इस समस्या से निजात मिलेगी। यह वात शनिवार को सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने एट कोटरा सम्पर्क मार्ग का भूमि पूजन व शिलान्यास करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह सड़क वन जाएगी व मेरे प्रिय क्षेत्रवासियों का यातायात सुरक्षित व आसान हो जाएगा। ग्राम वरसार से कोटरा तक उखड़े पड़े मार्ग को पहले ही दुरस्त करा दिया गया है। अव एट कोटरा मार्ग का निर्माण होने से कोटरा कस्वा के लोगों का आवागमन और सुगम हो जाएगा। मैं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी जी महाराज का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने इस मार्ग के निर्माण की स्वीकृति दी।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive





**ट्रंप का कई नेताओं के साथ पॉजिटिव...**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दुनिया के कई नेताओं के साथ सकारात्मक इतिहास नहीं रहा है। मगर पीएम मोदी के मामले में बात अलग है। दिल्ली विवि के साहित्य महोत्सव में विदेश मंत्री एस जयशंकर... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# औचक निरीक्षण में पहुंची महापौर ने मिलाई कॉल, नौ मिनट तक रही वेटिंग, बाद में ऑपरेटर ने की बदसलूकी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर के औचक निरीक्षण पर शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल पहुंची। उन्होंने कॉल सेंटर 1533 पर कॉल की। नौ मिनट तक वेटिंग पर रहीं। कॉल रिसीव नहीं हुई। उन्होंने दोबारा कॉल की। कॉल रिसीव करने वाले ऑपरेटर ने बदसलूकी की। महापौर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश अफसरों को दिए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि कमांड सेंटर को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। नगर निगम द्वारा जारी कंट्रोल रूम के नंबर 1533 पर कॉल नहीं उठने की अधिकतम शिकायतें थीं। कॉल उठती भी हैं तो समस्याओं का निस्तारण नहीं होता। ऐसे में शनिवार दोपहर महापौर औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गईं। उन्होंने रियलटी चेक किया। इस दौरान उन्हें कई बड़ी खामियां मिली। महापौर ने स्मार्ट सिटी के कॉल सेंटर की शिकायत मिलने के बाद अपने पर्सनल नंबर से 1533 पर कॉल किया। नौ मिनट तक उनकी कॉल वेटिंग में रही और कोई रिस्पॉस नहीं मिला। उन्होंने दोबारा कॉल मिलाई। इस बार तीन मिनट बाद कॉल रिसीव हुआ। उन्होंने अपना परिचय नहीं दिया, एक नागरिक की तरह बात की। इस पर कॉल रिसीव करने वाले ऑपरेटर ने उनसे खराब व्यवहार किया। महापौर ने कॉल काट दी। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि पूरे प्रकरण में दो ऑपरेटरों पर कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच भी कराई जा रही है।

### ऑपरेटरों को लगाई फटकार

महापौर अपर नगर आयुक्त ललित कुमार के साथ निजी कार से लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर पहुंची थीं। उन्होंने सेंटर में काम करने वाले ऑपरेटरों से ब्यौरा लिया। ऑपरेटरों को फटकारा भी। कहाकि जनता की सेवा के लिए बैठे हैं। उनसे ऊंच व कठोर आवाज में बात नहीं कर सकते। लहजा नर्म रखना होगा।

### आठ दिन बाद दूर हुई शिकायत

शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया। जानकीपुरम के एक व्यक्ति द्वारा कंट्रोल रूम में पिछले शनिवार को घर के पास स्ट्रीटलाइट ऑन रहने की शिकायत की गई थी। फीडबैक लेने पर खुलासा हुआ कि शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह हाल तब है, जब शिकायतकर्ता ने बीते शुक्रवार को दोबारा कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। महापौर के निर्देश पर शनिवार को उनकी समस्या का समाधान किया गया। महापौर ने पिछले दो दिन के कॉल रिकॉर्ड भी चेक किए। सेंटर में आने वाली शिकायतों को जांचा। उन पर हुई कार्रवाई का ब्यौरा लिया। अपर नगर आयुक्त को रिकॉर्ड की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।

## भारतीय मूल निवासी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम डीसीपी दक्षिणी को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय मूल निवासी संयुक्त मोर्चा व बहुजन क्रांति संघ व अन्य पासी संगठन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के अंतर्गत आने वाले सभी थाना क्षेत्र में दलित व पिछड़ों पर हो रहें अत्याचारों को लेकर धरना प्रदर्शन किया व मुख्यमंत्री के नाम पुलिस उपयुक्त दक्षिणी को ज्ञापन शौपा। इस पर संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारीयों ने बताया कि कई ऐसे प्रकरण है जहां पुलिस द्वारा दलित पिछड़ों के साथ हुए अपराधों पर संबंधित थानों में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई सिर्फ कार्रवाई के नाम पर हल्की धाराओं में मुकदमा लिखकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इस तरह दलित पिछड़ों पर हो रहें अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के लापरवाह पुलिसकर्मीयों पर कार्यवाही होनी चाहिए। इस मौके पर लक्ष्मी प्रसाद रावत राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पासी महासंघ, रमाशंकर भीम राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक परिवर्तन महासभा, डॉ मोहनलाल पासी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन क्रांति संघ, रामफेर निराला अध्यक्ष, रामकृपाल अध्यक्ष, आर0डी0 रावत निर्मोही अध्यक्ष, मुरारी रावत अध्यक्ष, क्रांति कुमार अध्यक्ष आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहें।

## राजकीय इंटर कॉलेज की खाली जमीनों पर बनेंगे मिनी स्टेडियम, अलंकार प्रोजेक्ट के तहत होगा निर्माण



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में जिला मुख्यालय स्तर पर राजकीय इंटर कॉलेजों में खाली पड़ी जमीन पर इंडोर मिनी स्टेडियम बनाए जाएंगे। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक से एस्टीमेट तैयार करके उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसके लिए प्रोजेक्ट अलंकार के तहत बजट दिया जाएगा। प्रदेश के राजकीय इंटर कॉलेजों में खेल सुविधाओं के विकास करने व प्रदेश को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से इस कवायद को गति दी जा रही है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने कहा है कि जिला मुख्यालय स्तर पर ऐसे राजकीय इंटर कॉलेज (बालक-बालिका), जहां 2500 वर्ग मीटर से अधिक जमीन खाली है। यहां पर खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एक मिनी स्टेडियम बनाने व चलाने का प्रस्ताव है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को खेल विभाग से अनुमोदित इंडोर मिनी स्टेडियम का मॉडल भी भेजा है। उन्होंने इसके अनुसार जिला मुख्यालय के ऐसे इंटर कॉलेजों को चिह्नित करते हुए मंडलवार एस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह एस्टीमेट पांच करोड़ से अधिक नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत इन स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। इसके माध्यम से राजकीय इंटर कॉलेजों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ करने का काम किया जा सकेगा।

## फरवरी के महीने में मार्च जैसी गर्म हवाएं

### वाराणसी रहा सबसे गर्म जिला, मौसम विभाग ने जारी किए पूर्वानुमान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश के ज्यादातर जिलों में शनिवार को मौसम शुष्क और साफ रहा है। रविवार को भी इसी तरह का मौसम रहने के आसार है है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में धूप खिलेगी, हालांकि, सुबह के समय हल्की ठंडक महसूस की जा सकती है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं, जबकि रात में तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। कई जिलों में इस समय अधिकतम व न्यूनतम तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। यही वजह है कि लोगों को दिन में तेज धूप और हल्की गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की माने तो बीते दो दिन पहले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई थी, लेकिन अब मौसम सामान्य हो गया है। अगले कुछ दिनों में तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी, जिससे गर्मी का असर बढ़ सकता है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम के अनुसार अपनी खेती और फसलों की देखभाल करें। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक आगामी दिनों में भी प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान बढ़ने व घटने के आसार है। बारिश होने की संभावना नहीं है।

### वाराणसी रहा सबसे गर्म

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान वाराणसी 31.3, गोरखपुर 30.1 , लखीमपुर खीरी 30.2, सुल्तानपुर 30.0, डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह मुज्जफरनगर में सबसे कम अधिकतम तापमान 23.0 व बुलंदशहर में 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## सपा ने बनाया फहद शेख को अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ रहीमाबाद के युवा नेता फहद शेख को समाजवादी पार्टी ने अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करते हुए अल्पसंख्यक सभा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नामित किया गया। फहद कई वर्षो से समाजवादी पार्टी के लिए कार्य कर रहे है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र के युवाओं में काफ़ी जोश दिखाई दे रहा है। फहद शेख ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद इकबाल खान कादरी द्वारा जो जिम्मेदारी अल्पसंख्यक राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनाकर सौंपी गई है उसका पूर्ण रूप से निर्वहन करुंगा समाजवादी पार्टी की 2027 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है जिस प्रकार से युवा पार्टी से जुड़ रहा है पार्टी एक अलग ही दिशा में नई ऊंचाइयों पर जाती दिखाई दे रही है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कार से अगवा कर युवक से 57000 हजार रुपए लूटे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। मलिहाबाद लखनऊ अज्ञात बदमाशों ने रोड पर खड़े एक युवक को अगवा कर उसे मारा पीटा और उसके पास से नगदी तथा मोबाइल छीनकर चलती कार से फेंक कर फरार हो गए पीड़ित ने मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। बताते चले की विपिन कुमार यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी ग्राम गदिया खेड़ा मजरा गढ़ी जिंदौर थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ अपने दोस्त बदौरा निवासी जो बीमारी के कारण कसमंडी कला थाना मलिहाबाद लखनऊ के उमा हॉस्पिटल में भर्ती है जिसे देखने और रुपए की मदद करने गया था जहां पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन की तारीख आगे बढ़ा दी तो विपिन पैसे वहां न देकर वापस आ रहा था थोड़ी देर मलिहाबाद में रुकने के बाद वह अपने गांव के लिए चला और नजर नगर के पास खड़े होकर कुछ सामान खरीदने लगा इतने में पीछे से आ रही एक कार यू पी 30 ऐ एच 9595 कार रुकी उसमें से से दो अज्ञात लोग उतरे और युवक को उठाकर कर में डाल लिया इस बीच विपिन कार से कूद गया तभी पीछे से आ रही है नीली बिटारा ब्रेजा कर रुकी जिस गाड़ी से भी दो युवक उतरे और उसे दोबारा कार में डाल लिया आप है कि कर सवार बदमाशों ने युवक को कर में मारा पीटा और उसके पास 57000 रुपये नगद छीन लिए और भतोइया थाना रहीमाबाद के ओवर ब्रिज पर युवक को फेंक कर हरदोई की तरफ निकल गए पीड़ित ने मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

### सहकारिता मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के प्रचार-प्रसार और गतिविधियों की निगरानी के लिए एक विशेष वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत सहकारी संगठनों द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को डिजिटल रूप से जनता के समक्ष प्रस्तुत करने और मॉनिटर करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में जन भागीदारी करायी जा सकेगी। यह पोर्टल सहकारी गतिविधियों को प्रचारित करने, युवाओं से जुड़ने और सहकारिता आंदोलन की सशक्त उपस्थिति स्थापित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इसके माध्यम से सहकारी संगठनों को एक डिजिटल मंच मिलेगा, जिससे वे अपनी पहलों को व्यापक स्तर पर साझा कर सकेंगे।इस अवसर पर सहकारिता विभाग के आयुक्त एवं निबंधक कार्यालय को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड करने की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई, जिससे कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता होगी।कार्यक्रम के दौरान सहकारिता विभाग के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक हुई जिसमें विभिन्न सहकारी संगठनों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू, अयुक्त एवं निबंधक सहकारिता अनिल कुमार सिंह, प्रबंध निदेशन उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक आरके कुलश्रेष्ठ, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन श्रीकांत गोस्वामी, समस्त संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता, उपाअयुक्त, उपनिबंधक सहकारिता सहित कई गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजलीकर्मियों ने किया आर-पार की लड़ाई का एलान कहा, निजीकरण का प्रस्ताव रद्द होने तक होगा संघर्ष

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल निगमों के निजीकरण प्रस्ताव के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है। कर्मचारियों ने एलान किया है कि जब तक प्रस्ताव निरस्त नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से चल रहे आंदोलन के क्रम में शनिवार को शक्ति भवन, विभिन्न परियोजना मुख्यालयों एवं बिजली कार्यालयों पर प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने कहा कि दोनों निगमों की रेटिंग नंबर बढ़ा है, इसके बाद भी इनका निजीकरण उचित नहीं है। प्रदेश में आरडीएसएस स्कीम के तहत विद्युत वितरण निगमों का नेटवर्क सुधारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बिजली कर्मियों के परिश्रम का परिणाम है कि विद्युत वितरण निगम लगातार सुधार की ओर बढ़ रहे हैं। विद्युत संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा दक्षिणांचल ने वर्ष 2023-24 में प्रति यूनिट बिजली विक्रय कर 04.47 प्रति यूनिट राजस्व वसूली की है, जो आगरा में टोरेंट पावर कंपनी से मिलने वाले राजस्व 4.36 प्रति यूनिट से अधिक है। दक्षिणांचल के तहत बुंदेलखंड और चंबल का क्षेत्र आता है। यहां के गांवों से बिजली का राजस्व बहुत कम है। इसके बावजूद दक्षिणांचल ने टोरेंट की तुलना में प्रति यूनिट अधिक राजस्व जुटाया है। महाकुंभ में दिनरात बिजली कर्मी परिश्रम कर रहे हैं। वहां आंदोलन भी नहीं किया गया फिर भी निजीकरण का प्रस्ताव निरस्त नहीं किया जा रहा है। समिति ने मुख्यमंत्री से निजीकरण का प्रस्ताव निरस्त कराने की गुहार लगाई है।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण को मिली नई दिशा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महाकुंभ के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित 'दिव्य कुम्भ प्रदर्शनी' के अंतर्गत राज्य आयुक्तों के राष्ट्रीय सम्मेलन में दिव्यांग पोर्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला में देशभर के राज्य आयुक्तों और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जहां दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, उनके अधिकारों और शिक्षा पर व्यापक चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी सुगमता से उपलब्ध होगी।कार्यशाला के दौरान महाकुंभ-2025 पर आधारित एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों की भागीदारी और उनके लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव,दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सुभाष चंद शर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की।संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली राजीव शर्मा ने दिव्यांगजनों के अधिकारों और सशक्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।

## महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान की तैयारी में जुटी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानि शनिवार रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अबतक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं।मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पवित्र मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम तट पर आयोजित विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ में अबतक 59 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगा ली है। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुम्भ अब अपने अंतिम चरण में है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर आखिरी महत्वपूर्ण स्नान का आयोजन होना है, जिसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार ने कमर कस ली है। महाकुम्भ में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। सनातन धर्म की विभिन्न शाखाओं, मत-सम्प्रदाय से जुड़े साधु-संतों सहित देश के हर कोने से आस्थावान सनातनी संगम में स्नान की कामना लेकर प्रयागराज पहुंचे। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, भूटान नरेश, विदेशी राजनयिकों, देश के दिग्गज उद्योगपतियों समेत फिल्मी दुनिया के नामचीन सितारों ने संगम में डुबकी लगाई है।

## राज्यपाल ने किया विधानसभा का निरीक्षण, की तारीफ

- स्पीकर ने राज्यपाल को भेंट की रामायण की तीन खंडों वाली पुस्तक एवं विधानसभा का स्मृति चिन्ह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आज विधान भवन में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का स्वागत किया। इस अवसर पर स्पीकर ने उन्हें विधानसभा के विभिन्न अनुभागों का भ्रमण कराया। विधायी प्रक्रियाओं एवं ऐतिहासिक महत्व से जुड़ी जानकारी साझा कीं। यह सौहार्दपूर्ण भेंट सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों की समृद्ध परंपरा का प्रतीक बनी।राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा गैलरी का भ्रमण कर वहां के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने विधानसभा परिसर में स्थित भित्तिचित्रों, अत्याधुनिक हाईटेक सुविधाओं, डिजिटल गैलरी और विधानसभा की ऐतिहासिक धरोहर को संजोने वाले नवाचारों को देखा और सराहा।राज्यपाल ने डिजिटल म्यूजियम, साउंड ऐंड लाइट शो, विधानसभा के कार्यालय, बैठक कक्ष, राजर्षि पुरुषोत्तम दास हॉल, विधानसभा मंडप और संसदीय दल के कार्यालय का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से विधानसभा डिजिटल गैलरी में लगी हाईटेक स्क्रीन पर विभागों, समितियों की जानकारी, विधायकों एवं मंत्रियों के कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारियों की डिजिटल प्रदर्शनी को देखा और इसे प्रभावी पहल बताया।उन्होंने विधानसभा में स्थापित भित्तिचित्रों का अवलोकन किया, जिनमें भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक परंपराओं को चित्रित किया गया है। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुए नवीनीकरण कार्यों और तकनीकी उन्नयन की सराहना करते हुए कहा कि विधानसभा का आधुनिकीकरण इसे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बना रहा है। उन्होंने हेलीकॉप्टर सिमुलेशन का अनुभव किया, जहां उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण पौराणिक एवं आध्यात्मिक स्थानों का वर्चुअल भ्रमण हेलीकॉप्टर सिमुलेशन के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने इसे अद्भुत अनुभव बताया।विधानसभा डिजिटल कॉरिडोर में पिछले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और उनकी पूरी टीम को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इनके प्रयासों से विधानसभा का विकास और सौंदर्यीकरण अद्वितीय है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राज्यपाल को रामायण की तीन खंडों वाली पुस्तक एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा का स्मृति चिन्ह भेंट किया, जिसे राज्यपाल ने हर्ष के साथ स्वीकार किया। उन्होंने इस पुस्तक को विशेष रूप से उत्कृष्ट एवं ज्ञानवर्धक बताया।

राज्यपाल ने विधानसभा में सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह आधुनिक तकनीकों और सांस्कृतिक धरोहर के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नवाचारों से आम जनता और जनप्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व और कार्यप्रणाली को समझने में सहायता मिलेगी।इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आदर्श क्लब अरई ने जीती क्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता की शील्ड

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विकास खंड उरुवा के पकरी सेवार गाँव के चंद्रकली बालिका इंटर कॉलेज के खेल प्रांगण में दो दिवसीय क्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में क्षेत्र की लगभग 23 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। शनिवार को वॉलीबाल प्रतियोगिता के खेले गए फाइनल मैच में आदर्श क्लब अरई,मेजा ने कंबाइड वॉलीबाल क्लब चेहरा,मांडा को 25 - 23 व 26 - 24 अंकों से हराकर क्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता की शील्ड जीत ली। इसके पूर्व खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में आदर्श क्लब अरई ने वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर को 25 - 18 व 25 - 16 अंकों से हराया तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में कंबाइड वॉलीबाल क्लब चेहरा,मांडा ने सुभाष वॉलीबाल क्लब पकरी सेवार को 25 - 21 व 25 - 20 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार मेजा नंदलाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने विजेता टीम अरई,मेजा व उपविजेता टीम चेहरा,मांडा को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया। प्रतियोगिता के दौरान मुकेश शुक्ला, प्रभाकर चौबे, असफाक अहमद, आशीष द्विवेदी, संतोष भास्कर व राजन कुमार आदि ने निर्णायक की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता के आयोजक प्रबंधक रमेश चंद पांडेय ने आये हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और प्रतियोगिता के सयोंजक जय प्रकाश द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा प्रतियोगिता में पधारें सभी अतिथियों व क्षेत्र के पूर्व वॉलीबाल खिलाड़ियों को माल्यार्पण व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के कोषाध्यक्ष के.बी.एल.श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश दिवेदी, प्रधान प्रतिनिधि रामनगर नीरज यादव, टी.एन.सिंह, कृष्ण प्रकाश द्विवेदी, वीरेंद्र शुक्ला, विवेक द्विवेदी, काशी नरेश यादव, मुकेश द्विवेदी, चौकी इंचार्ज अनिल पांडेय व गौरव यादव, शिवशंकर दुबे, संजय तिवारी, धनंजय केसरी, सुबालाल सिंह, राकेश चंद्र पांडेय, अनिरुद्ध दुबे, बिरजू सोनकर आदि लोग उपस्थित रहें। अंत मे प्रतियोगिता के सयोंजक वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश द्विवेदी ने आये हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।।

# सीडीओ ने किया विकास खंड भादर का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । अमेठी



मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शनिवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय भादर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान खंड विकास अधिकारी रतन कुमार सिंह अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय कक्ष में इंटरनेट वायरिंग और अन्य विद्युत केबलों की अव्यवस्थाओं को लेकर फटकार लगाई। साथ ही मनरेगा सेल के कंप्यूटर कक्ष में अभिलेखों के रखरखाव और स्वच्छता की स्थिति ठीक करने को कहा।इस पर बीडीओ को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द इन कमियों को सुधारें।और ग्राम पंचायतवार अभिलेखों को अलमारी में अद्यतन करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।इसके बाद सीडीओ ने कार्यालय प्रांगण में निर्माणाधीन आवासीय और अनावासीय भवन का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परियोजना स्थल पर कोई भी श्रमिक कार्यरत नहीं मिला। जिस पर उन्होंने रोष व्यक्त किया।उन्होंने कार्यदायी संस्था आवास विकास के अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।और परियोजना को निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ को निर्देशित किया गया कि वे समय-समय पर निर्माण कार्य की निगरानी करें। एवं विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। तदोपरांत विकास खंड की ग्राम पंचायत बालीपुर दुहिया में मनरेगा योजना के अंतर्गत गाटा संख्या 516 पर चल रहे तालाब खुदाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा श्रमिक कार्यरत पाए गए। सीडीओ ने पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक मनरेगा को निर्देश दिया गया कि तालाब खुदाई पूर्ण होते ही नियमानुसार उसके चारों ओर वृक्षारोपण किया जाए।और उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत बालीपुर दुहिया में निर्माणाधीन आरआरसी का भी निरीक्षण किया गया।जहां कंसल्टिंग इंजीनियर अनुपस्थित पाए गए। इस पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश दिया गया कि संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करें। सीडीओ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का भी निरीक्षण किया।जहां कार्य की गति धीमी पाई गई।इस पर अधिशासी अभियंता जल निगम को कार्य में तेजी लाने,निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचने और मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं और लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से कार्य संचालित हो।

## पीएम मत्स्य संपदा योजना की परियोजनाओं के लाभ हेतु 28 फरवरी तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण इरफानुल्लाह ने बताया है कि मत्स्य विभाग की संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु वर्ष 2024-25 में परियोजनाओं-निजी भूमि में तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश, निजी भूमि में तालाब निर्माण खारा जल एवं प्रथम वर्ष निवेश, बायोफ्लॉक तालाब निर्माण, मत्स्य बीज हैचरी, रियरिंग यूनिट तालाब निर्माण, इन्सुलेटेड व्हीकल, मत्स्य विक्रय केन्द्र, कियोस्क निर्माण/ सजावटी मछली कियोस्क, मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स व अन्य हेतु 01 से 15 फरवरी तक खोला गया था, पुनः 22 से 28 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल खुला है, इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं, आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी पोर्टल पर एवं कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, रायबरेली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है, विभिन्न परियोजनान्तर्गत विभाग द्वारा परियोजना अंश की अनुदान धनराशि-सामान्य/ अ0पि0 व0 40 प्रतिशत एवं अनु0जा0/ अनु.ज.जा. तथा महिलाओं हेतु 60 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा देय है, अवशेष लाभार्थी अंश की धनराशि आवेदकों द्वारा स्वयं के संसाधनों से व्यय की जायेगी।

# सरकार में दो सांड एक चर रहे खेत दूसरे चर रहे जेब: सुनील सिंह साजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर बछरावा विधानसभा क्षेत्र के राजामऊ में पीडीए पीडीए चर्चा कार्यक्रम को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व एमएलसी सुनील सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों के हक़, अधिकार तभी संभव है जब देश का किसान, मज़दूर, छात्र, नवजवान एवं समाज के अंतिम छोर पर खड़े शोषित वंचित समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर खुशहाली एवं सम्मान मिलेगा। बीजेपी सरकार की डबल इंजन सरकार ने दो दो सांड छोड़े हैं एक खेत चरने के लिए एवं दूसरे आमजनों की जेब चर रहें हैं भाजपा पोषित लोग अस्पतालों, तहसीलों, थानों में लोगों से धन उगाही कर रहें हैं।आवारा जानवर छोड़कर किसानों को फसल की रखवाली के लिए विवश कर दिया है लेकिन इस समस्या का समाधान बीजेपी सरकार से नहीं अपितु बूथ पर वोटों के लुटेरों से वोट की रखवाली कर पीडीए की सरकार अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनाकर किसानों, मज़दूरों एवं आमजनों की तरक़्क़ी करना है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा बछरावा क्षेत्र के किसानों, मज़दूरों, छात्रों, महिलाओं के सम्मान विकास के लिए अनेकों योजनाएँ शुरू हुई इस क्षेत्र में बिशुनपुर, बेडारू गाँवों में बिजली केंद्रों की स्थापना कर सोलह से अठारह घण्टे बिजली, कई चिकित्सालय एवं अनेकों मार्गों का निर्माण की परियोजनाएँ देकर विकास को गति दिया परन्तु भाजपा सरकार ने कोई भी नयी परियोजना नहीं लगाया बल्कि जनहितक़ारी योजनाएँ बंद कर दी। विधायक बछरावा श्यामसुंदर भारती ने पीडीए जनपंचायत में कहा कि बछरावा क्षेत्र ने सदैव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मज़बूत किया है भविष्य में भी प्रदेश की बेहतरी, सौहार्द के लिए समाजवादी पार्टी को क्षेत्र का पीडीए समाज मज़बूती देगा कार्यक्रमों को मुनेश्वर पासी, ब्रजेंद्र चौधरी, विनायक सोनकर रामशरण यादव, हशनैन ख़ान आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को सम्बोधित कर पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया। उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यों को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही सभी ने आगामी चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# मार्डन रेल कोच फैक्ट्री के महाप्रबंधक ने आरेडिका का किया दौरा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



लालगंज रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला के महाप्रबंधक एसएस मिश्रा ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली आरेडिका का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा और अन्य उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की और कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। आरसीएफ कपूरथला भी आरेडिका की तरह भारतीय रेल के लिए कोचों का निर्माण करती है और आरेडिका केअवसंरचनात्मक विकास एवं उत्पादन में मार्गदर्शिका के रूप में महत्वपूर्ण योगदान है। महाप्रबंधक ने आरेडिका के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया जिनमें शेलशॉप बोगीशॉप व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप फोर्ज्ड व्हील प्लांट आदि शामिल हैं। उन्होंने शेलशॉप में तैयार हो रहे दीन-दयालु एसी3 चेयरकार एवं लगेज रैक आदि के शेल प्रोटोटाइप के निर्माण का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पहले आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में हेरीटेज पार्क का उद्घाटन किया था।

आरेडिका प्रशासन के द्वारा इस हेरीटेज पार्क में रेलवे के कोचों एवं इंजनों के विभिन्न तकनीकीय मॉडलों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है जिससे रेलवे की अनमोल विरासतों को संरक्षित किया जा सके साथ ही साथ लोगों को रेलवे की भूली-बिछड़ी यादों से लोगों को जोड़ा जा सके।हेरीटेज पार्क के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक करेगा है इसी के साथ पार्क में लोगों के बैठने तथा घूमने फिरने के लिए हरित घास के मैदान परिभ्रमण पथ बच्चों के मनोरंजन के लिए छोटे-2 पुल एवं तालाबों का निर्माण किया गया।आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार इस सुन्दर प्राकृति छटा का लुत्फ उठाएंगे हेरीटेज पार्क के निर्माण होने से आने वाले आगुन्तको को आरेडिका की सकारात्मक छवि की अनुभूति होगी।

# थाना दिवस पर हरचंदपुर में डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ हरचन्दपुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायतें आई जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए इस अवसर पर तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी सहित पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 06 मार्च को-सीडीओ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं समस्त नगर पंचायतों से कहा है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी हेतु पूर्व में समस्त निकायों को 1571 जोड़ों का सामूहिक विवाह करने का भौतिक लक्ष्य आवंटित किया गया था, जिसके सापेक्ष 1363 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जा चुका है। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुभ लग्न के अनुसार माह मार्च में 06 मार्च 2025 को शुभ लग्न की तिथि निर्धारित की गई है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराने हेतु समस्त निकायों के आयोजन की तिथि 6 मार्च को निर्धारित की जाती हैमुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सामूहिक विवाह योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के साथ ही वेबसाइट पर पात्र लाभार्थी जोड़ों का ऑनलाइन पंजीकरण कराते हुए लक्ष्य के अनुरूप सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जोड़ों को सम्मिलित कराकर योजना से लाभान्वित कराएं।

# केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया विश्व चिंतन दिवस



जन एक्सप्रेस । अमेठी

केंद्रीय विद्यालय अमेठी में शनिवार को स्काउट गाइड के जन्मदाता लॉर्ड बेडेन पावेल तथा लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन को विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। स्काउट आर्यन तथा स्काउट आदृत तिवारी ने लॉर्ड बेडन पावेल तथा लेडी बेडन पावेल के जीवन पर पर प्रकाश डाला।तथा स्काउट गाइड के महत्व को बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉर्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। एवं कब और बुलबुल के बच्चों की ग्रीटिंग हुई। गाइड आराध्या एवं संध्या त्रिपाठी ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। कक्षापांच की बुलबुल ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। स्काउट के बच्चों ने धार्मिक एकता को दिखाते हुए एक लघु नाटिका प्रस्तुत किया। स्काउट मास्टर उमेश प्रसाद वर्मा ने बेडेन पावेल द्वारा एक्शन गीत करवाया। इसके पश्चात स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने विद्यालय प्रांगण की सफाई की। और वृक्षारोपण किया। अंत में प्राचार्य कपिल देव मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड एक निस्वार्थ सेवा भाव है। स्काउट गाइड के बच्चे निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करते हैं। तथा पशु पक्षियों और पेड़ पौधों से प्रेम करते हैं। और उनकी रक्षा करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्काउट मास्टर आलोक कुमार पाण्डेय, कपिल कुमार, केशव कब मास्टर जीतेश राय तथा फ्लॉक लीडर उपासना गर्ब्याल उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधी टास्क देता रहा

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

साइबर अपराधी ने पीतल व्यापारी को घर बैठे मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख 90 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। गलशहीद के ईदगाह नई आबादी निवासी सुब्हान ने साइबर थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि उनके पास 29 नवंबर 2024 को टेलीग्राम पर एक मैसेज आया था। जिसमें बताया गया कि वह घर बैठे ही कुछ टास्क पूरा करने पर मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। 30 नवंबर 2024 को मो. सुब्हान को टेलीग्राम पर कुछ टास्क दिए गए। जिसे उन्होंने पूरा कर दिया। इसके बाद उनके खाते में 884 रुपये आ गए। सुब्हान ने बताया कि कस्टमर सर्विस के नामसे टेलीग्राम एकाउंट दिया गया।

दस हजार रुपये से आईडी चालू करने को कहा गया। इसके बाद साइबर अपराधी ने उन्हें 60 टास्क दिए। जिन्हें सुब्हान ने पूरा कर दिया। इसके बाद उनके खाते में 17419 रुपये भेज दिए। इसके बाद 16807 रुपये कराने को कहा। सुब्हान ने यह रकम भी ट्रांसफर कर दी।

इसके बाद ठग ने उनके खाते में 36227 रुपये वापस कर दिए। साइबर अपराधी ने दस हजार रुपये फिर जमा करा दिए।

इसके बाद 30 हजार रुपये और जमा कराने को कहा गया। इसके बाद 20 हजार जमा करा दिए। इसके बाद स्पेशल टास्क दिया और फिर जमा करने को कहा गया।

इसके बाद अगला टास्क 62550 रुपये का दिया गया। फिर 50 हजार रुपये जमा करा दिए।

इसी तरह साइबर अपराधी टास्क देता गया और व्यापारी से रुपये जमा करा देता।

पीड़िता का कहना कि साइबर अपराधी ने उनसे अलग अलग तारीख और अलग टास्क के नाम पर 17 लाख 90 हजार रुपये जमा करा दिए हैं।

एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

साइबर अपराध थाने की टीम ने इस केस पर काम शुरू कर दिया है।

# नया मुरादाबाद में पीएफए की जिला अध्यक्ष की हॉकी से पिटाई

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद



मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद में शुक्रवार रात पीएफए की जिला अध्यक्ष करुणा शर्मा पर कुछ लोगों ने हॉकी से हमला कर दिया। इस हमले में वह घायल हो गई। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पुलिस ने करुणा शर्मा की तहरीर पर चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पूर्व सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपुल फॉर एनिमल(पीएफए) की जिला अध्यक्ष करुणा शर्मा नया मुरादाबाद में रहती हैं। करुणा शर्मा ने पुलिस को बताया कि कुछ लोगों ने फ्लैट की छत से स्ट्रीट डॉग को फेंक कर मार दिया था।

उन्होंने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसके बाद से आरोपी उनसे रंजिश रखते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात 8-20 बजे वह घर में मॉजूद थी। इसी दौरान कॉलोनी में रहने वाले नितिन वर्मा, उसकी पत्नी शिवानी वर्मा, नकुल यादव और अंकुर गुप्ता अपने अन्य साथियों के साथ आ गए और गाली गलौज करने लगे।

करुणा शर्मा और उनकी पड़ोसन हुसना परवीन अपने अपने फ्लैट से बाहर आईं और उन्होंने गाली गलौज और अभद्रता का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उन पर हॉकी से भी हमला किया गया।

जिसमें वह घायल हो गई। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए।

एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी कब्जे में ली गई है।

घटना की जांच की जा रही है।

पहले से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है।

# वैश्य समाज रायबरेली द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर रेखा गुप्ता को मनोनीत किए जाने पर बैठक संपन्न



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

दिल्ली को रेखा गुप्ता के रूप में नया मुख्यमंत्री मिल गया है। रेखा गुप्ता ने क्क्रू मोदी की मौजूदगी में ष्टरू पद के लिए शपथग्रहण किया। उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रेखा गुप्ता को ष्टरू पद की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री पद पर रेखा गुप्ता को मनोनीत किए जाने पर वैश्य समाज रायबरेली के जिला प्रभारी अतुल गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष संदीप जैन के नेतृत्व में बैठक कर प्रसन्नता व्यक्ति की गई जिला अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साधारण परिवार की महिला भी राजनीति मे ऊंचा स्थान हासिल कर सकती है। जिला प्रभारी अतुल गुप्ता ने कहा कि रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने से दिल्ली ही नहीं पूरे देश का वैश्य व्यापारी समाज गौरवान्वित हुआ है। वैश्य समाज के जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल डॉ संजय रस्तोगी हरिश्चंद्र जायसवाल टी एन गुप्ता महेश नारायण अग्रवाल प्रेमनाथ गुप्ता एवं राजेश अग्रवाल चंद्र प्रकाश गुप्ता राकेश गुप्ता मुकेश अग्रवाल दीपक गुप्ता आदि ने भी हर्ष व्यक्त किया।

# सांसद और विधायक के बेटे के केस में पुलिस ने मेटा से मांगा डाटा

जन एक्सप्रेस । संभल

24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में दर्ज मुकदमा संख्या 335 की चार्जशीट अभी दाखिल नहीं हुई है। इसमें पुलिस ने मेटा कंपनी से व्हाट्सएप का डाटा मांगा है। उसके बाद पुलिस चार्जशीट दाखिल करेगी। इस मुकदमे में सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल नामजद आरोपी हैं। बाकी अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। यह इस पूरे बवाल में मुख्य मुकदमा माना जा रहा है। क्योंकि सांसद पर भड़काऊ भाषण देने और विधायक के बेटे पर भीड़ को उकसाने का आरोप है। पुलिस को कुछ ऐसे भी मैसेज मिले हैं, जिसमें जामा मस्जिद पर पहुंचने का आह्वान किया गया है। जामा मस्जिद पर भीड़ एकत्र करने और बवाल कराने के लिए व्हाट्सएप पर कॉल या मैसेज का इस्तेमाल करने की पुलिस को आशंका है। एसपी ने बताया कि पुलिस चार्जशीट में तथ्य के तौर पर सीसीटीवी फुटेज व अन्य मजबूत सबूत शामिल कर रही है। इसी क्रम में व्हाट्सएप डाटा मेटा से मांगा गया है। इसके बाद चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। बताया कि चार्जशीट में आरोपी वहीं बनाए गए हैं, जिनके खिलाफ सबूत पुलिस को मिले हैं। आगे भी कार्रवाई इसी तरह जारी रहेगी। एसपी ने बताया कि बवाल में सात मुकदमे दर्ज हुए थे। इसमें पांच मुकदमे संभल कोतवाली और दो मुकदमे नखासा थाने में दर्ज किए गए थे। इन सात मुकदमो में से छह मुकदमों की चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी है। जो सातवां मुकदमा बचा है, उसमें सांसद और विधायक का बेटा आरोपी हैं। उस मुकदमे में साक्ष्य के लिए मेटा से डाटा मांगा है। बवाल से जुड़े छह मुकदमों की पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की है। इसमें चार मुकदमे संभल कोतवाली में दर्ज हुए थे। दो मुकदमे नखासा थाने में दर्ज हुए थे। जिन छह मुकदमों की चार्जशीट दाखिल की गई है। इसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों पर हमला करने, लूट, आगजनी के मामले शामिल हैं। अपराध संख्या 305 का मुकदमा दरोगा शाह फैसल ने दर्ज कराया था। इसमें दरोगा की बाइक और सरकारी बाइक को लूटकर जलाने का प्रयास किया गया था। 23 आरोपी चार्जशीट में शामिल हैं। अपराध संख्या 304 का मुकदमा एसपी के पीआरओ संजीव कुमार ने दर्ज कराया था। इस मुकदमे में एसपी और पीआरओ पर जानलेवा हमला किया गया था। चार्जशीट में 25 आरोपी हैं। अपराध संख्या 337 का मुकदमा संभल कोतवाल ने दर्ज कराई थी। इसमें 21 आरोपी गिरफ्तार किए थे। 53 आरोपी बनाए गए। अपराध संख्या 336 का मुकदमा एसडीएम रमेश बाबू पर हमले का दर्ज किया गया था। अपराध संख्या 334 का मुकदमा सीओ अनुज कुमार द्वारा दर्ज कराया गया था।

# तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर शहजादनगर थाना क्षेत्र में एक क्रेटा कार ने पीछे से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर मारने के बाद ई-रिक्शा को हाईवे पर 50 मीटर आगे तक घसीट ले गई। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक पिता और उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मृतक की पत्नी व दूसरी बेटी घायल है। हादसे के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसा क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर धमोरा बाईपास पर शुक्रवार की सुबह हुआ। गंज थाना क्षेत्र की चपटा कॉलोनी निवासी शमशाद ई-रिक्शा चालक थे।

शुक्रवार को शमशाद शहजादनगर थाना क्षेत्र के कमोरा गांव में एक रिश्तेदार के घर जा रहे थे। उनके साथ ई-रिक्शा में उनकी पत्नी रुखसाना के अलावा बेटी राहेमीन और छोटी बेटी अलीशा भी थीं। जैसे ही ई-रिक्शा शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा बाईपास पर पहुंची तो रामपुर से बरेली की ओर जा रही क्रेटा कार के चालक ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही कार ई-रिक्शा के ऊपर चढ़ गई और करीब 50 मीटर तक कार ई-रिक्शा को रौंदते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार चारों लोग फंस गए। चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी और ई-रिक्शा में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 23 फरवरी, 2025






**मदन राठौड़ को दोबारा मिली प्रदेश बीजेपी...**

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ फिर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बन गए हैं। सात महीने में दूसरी बार मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई है। सीएम भजनलाल... ▸ शेष पेज 12 पर...

# छठवें सेमेस्टर परीक्षा में बैक लगने पर नर्सिंग छात्रा ने लगाया फंदा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बिठूर के मंधना स्थित एक विश्वविद्यालय में बीएससी नर्सिंग की छात्रा ने शनिवार को हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। विश्वविद्यालय कर्मियों ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल छात्रा की हालत गंभीर है। छठवें सेमेस्टर की परीक्षा में एक विषय में बैक लगने की वजह से छात्रा परेशान चल रही थी।

नौबस्ता के दामोदरनगर में रहने वाली आरती सचान मंधना स्थित निजी विश्वविद्यालय में बीएससी नर्सिंग में अंतिम वर्ष की छात्रा थी। आरती ने शनिवार दोपहर 12:15 बजे तक क्लास अटेंड की। इसके बाद वॉशरूम जाने की बात कहकर वापस हॉस्टल चली गई। काफी देर तक क्लास में नही लौटी, तो सहपाठी महिमा भदौरिया, महिमा शुक्ला और सुप्रिया उसे देखने हॉस्टल पहुंच गईं। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आरती से फोन से भी संपर्क नही हो रहा था। इस पर तीनों छात्राओं ने वॉर्डन रूबी श्रीवास्तव को बुलाया। दरवाजा तोड़ा गया तो भीतर छत के पंखे के कुंडे में चुनरी के सहारे आरती फंदे से लटकती मिली। यह देख आरती की रूममेट सुप्रिया की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। साथ ही आरती को विश्वविद्यालय परिसर स्थित अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहां उसकी हालत नाजुक बताई गई है। वहीं, घटना की सूचना पर बिठूर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। आरती की सरकारी शिक्षक मां रश्मि सचान, निजी स्कूल में पढ़ाने वाले पिता जयकरन सचान और मामा अधिवक्ता आलोक सचान मौके पर पहुंचे। सहपाठियों के मुताबिक 20 फरवरी को छठवें सेमेस्टर परीक्षा में परिणाम में आरती सचान का एक विषय में बैक आ आ गई थी। इसी को लेकर आरती तनाव में चल रही है।

## बलखंडेश्वर धाम परिसर में चल रही रास लीला में भक्त प्रहलाद की लीला का हुआ मंचन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

परियर। स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर धाम परिसर में धूम धाम से महाशिवरात्रि तक चलने वाले रात्रि के आयोजन में भक्त प्रहलाद लीला की शुरुआत भाजपा नेता व नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी ने बाबा बलखंडेश्वर महादेव आदि की पूजा अर्चना के बाद की। दिन में राम जन्म की लीला का मंचन देख लोग भाव विभोर हो गए।पूरे पंडाल में रामचंद्र की जय के जयकारे लगते रहे। भक्तों के सहयोग से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृंदावन से पधारे ब्रजरास लीला व रामलीला मंडल द्वारा रात्रि में भक्त प्रहलाद लीला में हास्य कलाकार ने मौजूद लोगो को खूब हंसाया वही होलिका दहन,हिरणाकश्यप वध का सजीव मंचन देख लोगों ने खूब तारीफ की। दिन की लीला में राम जन्म,नाम कारण,वन गमन,तड़का वध देख मौजूद लोग भाव विभोर हो गए।इस लीला के पूरे मंचन में लोग रामचंद्र के जयकारे लगाते रहे।बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के लोगो ने अधिक से अधिक लोगों से आयोजन में शामिल होने की अपील की।

# नवनिर्वाचित सदस्य मीनू को ब्लॉक प्रमुख कल्याणपुर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



क्षेत्र पंचायत कल्यानपुर कानपुर नगर की बैठक विकास खण्ड सभागार में समय 11:00 बजे अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत श्रीमती अनुराधा अवस्थी की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुयी। सर्वप्रथम सदन से सर्वसम्मति से एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। तदोपरान्त अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड स0-49 से नवनिर्वाचित सदस्य मीनू को पद और गोपनियता की शपथ दिलायी गयी। एजेण्डा अनुसार प्रत्येक बिन्दुवार चर्चा की गयी। वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 2.5 करोड रूपये से कराये जाने वाले कार्यो को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सर्वे 2024 के मानको पर विस्तृत चर्चा की गयी। उपस्थित ग्राम प्रधान द्वारा बनाये गये कठोर पात्रता मानक का विरोध किया गया सदस्यों के सभी प्रश्नों का उत्तर खण्ड विकास अधिकारी महोदया द्वारा दिया गया। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी। नहरो में टेल तक पानी पहुँचाना, राजकीय नलकूपों के रखरखाव, पेयजल की समस्या और उसका निराकरण ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, कृषि कार्यक्रम एवं खाद बीज की उपलब्धता, पशुपालन व गौआश्रय स्थल, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व बच्चों के टीकाकरण एवं ग्रामीण स्वास्थ कार्यक्रमों, बालविकास कार्यक्रम, सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, वृद्धा पेन्शन, निराश्रित महिला पेन्शन, दिव्यांग पेन्शन व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। राजस्व विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण कई शासकीय कार्य अनारम्भ है जैसे आँगनवाडी भवन, अन्नपूर्णा भवन, स्वच्छ भारत मिशन से सम्बन्धित कार्य बाधित है। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा अपनी समस्या क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की। आज की बैठक में राजस्व विभाग के किसी अधिकारी की उपस्थिति नही रही जिससे सदन द्वारा सर्वसम्मति से राजस्व विभाग क प्रति निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में बडी संख्या में सदस्य क्षेत्र पंचायत, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख श्रीमती अनुराधा अवस्थी द्वारा की गयी। बैठक में श्रीमती ज्योत्सना त्रिपाठी खण्ड विकास अधिकारी, दिनेश यादव जे.ई.आर.ई.डी., अतुल शुक्ला सहायक विकास अधिकारी (पं0), पंकज सहाय सहायक विकास अधिकारी (सह0), विकास खण्ड के समस्त स्टाफ व ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।

# देश के बंदरगाहों को स्मार्ट बनाने में मदद करेगा आईआईटी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

देश के बंदरगाहों को स्मार्ट बनाने का बीड़ा अब आईआईटी ने उठाया है। इसके लिए इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत आईआईटी के सी3आई हब के साथ शनिवार को संस्थान परिसर में समझौता (एमओयू) किया है। इसकी मदद से साइबर सुरक्षा नियंत्रण और प्रबंधन प्रणालियों को लागू किया जाएगा।

एमओयू के तहत बंदरगाह अधिकारियों और परिचालन टीमों के लिए विशेष साइबर सुरक्षा-संबंधी कौशल सेट विकसित करने और समुद्री क्षेत्र के लिए व्यापक साइबर सुरक्षा नीतियों को डिजाइन करने पर ध्यान केंद्रित होगा। आईपीए के चेयरमैन सुनील पालीवाल ने कहा कि यह समझौता भारतीय बंदरगाहों को विश्वस्तरीय स्मार्ट बंदरगाहों में बदलने में सहायक होगा। इसका लक्ष्य न केवल स्वचालन को आगे बढ़ाना है, बल्कि डिजिटल संपत्तियों की सुरक्षा करने वाले मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे को भी सुनिश्चित करना है। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि संस्थान को इस पहल का हिस्सा बनने पर गर्व है। आईपीए को सुरक्षित, स्मार्ट पोर्ट संचालन के लिए अत्याधुनिक अनुसंधान और तकनीकी विशेषज्ञता में सहयोग किया जाएगा।

सी3आई हब के प्रोजेक्ट निदेशक प्रो. संदीप शुक्ला ने कहा कि जैसे-जैसे बंदरगाह अधिक डिजिटल और स्वचालित होते जा रहे हैं, साइबर सुरक्षा को भी समानांतर रूप से विकसित किया जाना चाहिए। कहा कि लक्ष्य समुद्री परिचालन में साइबर सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करना है।

## पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शुरू, स्टेशनों पर रही भीड़भाड़

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात।** पांच दिनों से रद्द चल रही अप और डाउन की पैसेंजर ट्रेनों का शनिवार से संचालन शुरू कर दिया गया। इससे दैनिक यात्रियों को राहत मिली है। हालांकि भीड़भाड़ होने के कारण सीट को लेकर मारामारी दिखी। यात्री खड़े होकर सफर करने को मजबूर दिखे। महाशिवरात्रि पर्व पर कुंभ स्नान करने वाले लोग प्रयागराज जाने लगे हैं। इसको लेकर शनिवार सुबह से रूरा व झींझक स्टेशनों पर भीड़भाड़ रही। इधर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए 18 फरवरी से बंद की गई पैसेंजर ट्रेनें शुक्रवार शाम से संचालित कर दी गई।

## पंचायत घर के शौचालय में घुसा तेंदुए का बच्चा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** चकरनगर। ददरा गांव के परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने खेलने के दौरान एक तेंदुए के बच्चे को बिल्ली समझकर शौचालय में बंद कर दिया। तेंदुए के बच्चे को शौचालय में बंद करने की सूचना ग्रामीणों ने दी। कुछ ही देर में तेंदुए के बच्चे को देखने को पंचायत घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ एकजुट हो गई। प्रशासनिक, पुलिस व सैंक्चुअरी की टीम ने लोगों को समझाया। बाद में सफारी की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन करते हुए तेंदुए के बच्चे को पिजड़े में बंद कर ले गई। शनिवार दोपहर समय करीब दो बजे चकरनगर तहसील के गांव ददरा में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चे छुट्टी के दौरान घर जा रहे थे। इसी दौरान विद्यालय की बाउंड्री से सटे पंचायत भवन के शौचालय के समीप में एक करीब एक वर्ष का तेंदुए का बच्चा दिखाई दिया। बच्चों ने बिल्ली समझकर उसे समीप से देखने का प्रयास किया, लेकिन तेंदुए का बच्चा विद्यालय के बच्चों की भीड़ देखकर समीप में बने शौचालय में छिप गया।

# 28 फरवरी तक प्रयागराज के लिए हर रोज चलेंगी 600 रोडवेज बसें



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

महाशिवरात्रि पर संगम में होने वाले अमृत स्नान के लिए रोडवेज की ओर से पहले की तुलना में हर रोज डेढ़ गुना अधिक (करीब 600) बसें संचालित की जाएंगी। यह बसें शनिवार से चलना शुरू हो गई हैं और 28 फरवरी तक नियमित रूप से चलाई जाएंगी। शहर के तीन स्थानों से श्रद्धालुओं को हर दस मिनट में प्रयागराज के लिए बस मिले इसके लिए अनुबंधित बसों को भी लगाया जाएगा।

रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया महाकुंभ के दौरान प्रमुख स्नानों पर जोन से लगभग 400 बसें भेजी गई हैं। अब महाकुंभ का समापन निकट है। महाशिवरात्रि पर होने वाले अमृत स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज जाएंगे। उनकी सुविधा के लिए इस बार पहले से डेढ़ गुनी लगभग 600 बसें उस रूट पर चलाई जाएंगी। शहर के यात्रियों को रावतपुर, सिग्नेचर ग्रींन और झकरकटी बस अड्डे से बसें मिलेंगी। शनिवार और रविवार के बाद महाशिवरात्रि के बाद 28 फरवरी तक जोन से लगभग 600 बसें नियमित फेरे लगाएंगी।

# नशीली चाय पिलाकर छात्रा के साथ किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चकेरी निवासी छात्रा ने अपने एक रिश्तेदार पर कॉलेज छोड़ने के बहाने अपने साथ ले जाकर नशीली चाय पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया।

युवती की मां के मुताबिक घाटमपुर क्षेत्र में रहने वाला युवक उसका रिश्तेदार है।

अक्सर घर आना-जाना रहता था। बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने बेटी को घर में गुमसुम देखकर कारण पूछा तो उसने आपबीती बताई। इसी के बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। कार्यवाहक थाना प्रभारी कुलदीप सिंह सेंगर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# राजेश बिंदल बोले- गांवों को गोद लेकर कानून की जानकारी दें एलएलबी के छात्र



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानून का अधिक उल्लंघन उसकी जानकारी के अभाव में होता है। देश में पांच लाख से अधिक लॉ के छात्र-छात्राएं और लगभग छह लाख गांव हैं। अगर एक छात्र एक गांव को गोद लेकर लोगों को कानून की जानकारी दें, तो इस समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है। यह बातें छत्रपति शाहूजी महाराज विवि में शुक्रवार को आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने आए मुख्य अतिथि व सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश राजेश बिंदल ने कहीं। उन्होंने कहा कहा कि समाज को सस्ते और सुलभ न्याय की आवश्यकता है। इसको देखते हुए मूट कोर्ट अत्यंत उपयोगी है। इस प्रतियोगिता में जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण भागीदारी है, क्योंकि सीखना एक सतत यात्रा है। डीपफेक के इस्तेमाल एवं साइबर अपराधों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में नई पीढ़ी की भूमिका अहम होने वाली है।

### सीखने, भूलने और फिर से सीखने का सुझाव दिया

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग और ई-एससीआर पोर्टल के बारे में बताया कि विभिन्न भाषाओं में 37,000 निर्णय को उपलब्ध कराया गया है, जो युवा अधिवक्ताओं के लिए उपयोगी है। कानून समाज के साथ विकसित होता है। छात्रों को सीखने, भूलने और फिर से सीखने का सुझाव दिया। डीप फेक के इस्तेमाल एवं साइबर अपराधों के बारे में बताया कि कैसे कंपनी आपका डाटा एकत्र करते हैं। उन्होंने ई-एससीआर, एससीआर एवं ई-कोर्ट के एप के बारे में जानकारी दी।

### प्रो. पाठक बोले- शिक्षण संस्थानों से संबद्ध हो न्यायिक तंत्र

सीएसजेएमयू कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश राजेश बिंदल से कानपुर एयरपोर्ट पर मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इसमें उन्होंने सेवानिवृत न्यायाधीशों एवं लीगल प्रैक्टिशनर्स को शिक्षण संस्थानों से जोड़ने का सुझाव दिया। कहा कि ज्यूडिशियल सिस्टम के विशेषज्ञों के शिक्षण संस्थानों से जुड़ने की पहल से विधि छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा। साथ ही वह न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

# महिलाओं के नाम पर वाहन छह लाख, डीएल एक लाख के पास

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर शहर की महिलाएं बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने में आगे हैं। शहर में महिलाओं के नाम पर छह लाख 40 हजार 104 दोपहिया और चार पहिया वाहन हैं। हालांकि ड्राइविंग लाइसेंस सिर्फ एक लाख 18 हजार 215 महिलाओं ने ही बनवाए हैं। बाकी बगैर डीएल वाहन चला रही हैं। शहर में महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की संख्या पुरुषों की तुलना में भी काफी कम है।

इसके पीछे कई कारण हैं। जागरूकता की कमी, पारिवारिक दबाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण महिलाएं डीएल बनवाने से कतराती हैं। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शहर में कुल लाइसेंस धारकों में महिलाओं का प्रतिशत मात्र छह है। शहर में पंजीकृत कुल वाहन 18, 28, 871 हैं, जिसमें 35 फीसदी महिलाओं के नाम वाहन पंजीकृत हैं।

17,14,758 ड्राइविंग लाइसेंस बने हैं, जिसमें 15, 96,543 पुरुषों और 1,18,215 महिलाओं के लाइसेंस हैं। परिवहन अधिकारियों का कहना है कि महिलाएं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में पीछे हैं। उन्हें यह समझना होगा कि ड्राइविंग एक महत्वपूर्ण कौशल है और यह उनकी स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के लिए बहुत जरूरी है। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं को ड्राइविंग के प्रति जागरूक करने के लिए कई अभियान विभाग की तरफ से चलाए जा रहे हैं।

### महिलाओं ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी हवाला दिया

इसके साथ ही परिवारों को भी अपनी बेटियों और पत्नियों को ड्राइविंग सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

इस संबंध में कुछ महिलाओं ने बताया कि वे ड्राइविंग सीखना चाहती हैं,

लेकिन उनके परिवार वाले उन्हें इसकी अनुमति नहीं देते हैं। कुछ महिलाओं ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी हवाला दिया।

हालांकि, कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं जिन्होंने सभी बाधाओं को पार करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया है और वे अब वाहन चला रही हैं।

# शहर में दौड़ेंगी 22 सीटों की जगह 30 सीट वाली बसें

### 30 सीट बसों के चलने का रास्ता हो जाएगा साफ

कम संख्या में बड़ी बसें चलाने से ट्रैफिक का लोड भी कम होगा। आरटीए बैठक में सभी पक्षों पर सुनवाई के बाद 30 सीट वाली बसों के कुछ रूटों पर चलने का रास्ता साफ हो सकता है। परिवहन विभाग की ओर से छोटी बसों के रूटों पर सर्वे भी कराया जा चुका है। मंडलायुक्त की सहमति मिलते ही 30 सीट बसों के चलने का रास्ता साफ हो जाएगा।



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में 22 सीटर बसों की जगह अब 30 सीटों वाली बसें लेंगी। 25 फरवरी को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में प्रस्तावित आरटीए बैठक में इस पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा विभिन्न सवारी वाहनों के परमिटों के नवीनीकरण और निरस्तीकरण पर भी चर्चा होगी।

आरटीओ प्रशासन राकेंद्र सिंह और आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह ने बताया कि शहर के कुछ रूटों पर 18 सीटों वाली छोटी बसें दौड़ती हैं। कई बसें अपनी मियाद पूरी कर चुकी हैं। वर्तमान में इन बसों के संचालन में भी वाहन मालिकों को लाभ नहीं हो रहा। ऐसे में छोटी बसों के मालिकों ने इन रूटों पर लंबी बसें चलाने की मांग की है। नई बसें 30 सीटर होंगी। लंबी होने के चलते इनमें एक बार में अधिक सवारियां बैठ सकेंगी।

### इन मुद्दों पर भी होगी चर्चा

घंटाघर से बकेवर मार्ग पर स्टेट कैरिज परमिट का नवीनीकरण, टेपो टैक्सी, ऑटो रिक्शा, स्टैज कैरेज, कानपुर नगर बस, स्कूल बस एवं स्कूल वैन परमिटों की वैधता पांच वर्ष पूर्ण होने पर नवीनीकरण पर विचार, 28 दिव्यांगजनों को कानपुर से उन्नाव के मध्य सीएनजी टेपो टैक्सी परमिट दिए जाने के संबंध में, सार्वजनिक सेवायान द्वारा यात्रा के टिकटों की बिक्री के लिए अभिकर्ता अनुज्ञप्ति के लिए प्राप्त आवेदन आदि मुद्दों पर भी विचार किया जाएगा।

# गंगा पुल के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने CM को लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



टूट चुके गंगा पुल के पास चार-लेन का नया पुल बनाने के लिए शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इसके समानांतर चार लेन का रेलवे पुल बनवाने पर जोर दिया। एमएलसी सलिल विश्नोई ने विधान परिषद में गंगा पर नया पुल बनाने की मांग की। कानपुर नगर और उन्नाव को जोड़ने वाला 150 साल पुराना पुल 24 नवंबर को टूट गया था। विधानसभा अध्यक्ष के अनुसार नए पुल का निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके बनने से लखनऊ, उन्नाव और हरदोई आवागमन में सहूलियत हो जाएगी। क्षतिग्रस्त शुक्लागंज सेतु के स्थान पर नए चार लेन पुल और लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग के सम्पार संख्या 41 स्पेशल पर चार लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण किए जाने से लगभग 3.50 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। प्रशासनिक अधिकारियों से पता चला कि उक्त प्रस्तावित परियोजना को वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना में शामिल करने के लिए शासन भेजा जा चुका है। पत्र में आमजनों के आवागमन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए पुराने क्षतिग्रस्त पुल के समीप गंगा नदी पर नए सेतु के निर्माण के लिए संबंधित को निर्देशित करने पर जोर दिया गया। इसी तरह, एमएलसी सलिल विश्नोई ने विधान परिषद में कानपुर-शुक्लागंज के निवासियों की समस्या का हवाला देकर गंगा पर अविलंब नया पुल बनाने की मांग की।

# डंपर की टक्कर से पलटी ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



पुखरायां। कानपुर-झांसी हाईवे पर चौरा के पास शनिवार तड़के तेज रफ्तार डंपर ने ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मजदूर की दबकर मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

भोगनीपुर थाना क्षेत्र के हलधरपुर निवासी पंकज सविता शनिवार रात को साथी विजय (24) के साथ भोगनीपुर स्थित भट्टे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट लेकर झांसी की ओर जा रहे थे। शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे के करीब चौरा के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर के नीच दबने से मजदूर विजय की मौत हो गई, जबकि चालक पंकज घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। साथ ही हाईवे पर पड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली व ईंटों को हटवाया। अनहोनी की जानकारी पर विजय के पिता बाबू, मां उर्मिला, छोटा भाई विशाल, बहन पूजा, सरोज आकांक्षा रोने लगीं। मृतक के पिता ने बताया कि बेटा मजदूरी कर परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। थाना प्रभारी अंजन कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। हादसा कर भागे डंपर की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# जनजातीय हितों व श्रद्धा पर केंद्रित हो नई वननीति

**केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है। वनवासी बंधुओं की धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वनीय विविधता बनी रहे, यह परम आवश्यक है। इस नई वन नीति से हमारी आने वाली पीढ़ियाँ कई वन उत्पादों के केवल नाम ही सुन पाएगी। आज जिस प्रकार कृषि क्षेत्र में केवल दो चार प्रकार के अन्न का उत्पादन हो रहा है व शेष फसलों का उन्मूलन होता जा रहा है, वही स्थिति वनों में भी देखने को मिलेगी।**

*वनग्राम, वनों से सटे राजस्व ग्राम, जनजातीय समाज, वनों के भीतर कृषि का अधिकार, जनजातीय समाज को वनों के सीमित उपयोग की अनुमति आदि-आदि विषय मप्र में एक बड़ा सामाजिक सरोकार का प्रश्न रहे हैं। यह प्रश्न अब गहरा रहा है। मप्र सरकार कंपनी, संस्था, व्यक्ति या स्वयंसेवी संस्था को बिगड़े जंगल अनुबंध पर साठ वर्ष हेतु देने के प्रस्ताव पर विचाररत है। नई नीति में निजी क्षेत्र को विभाग के अनुसार नए पौधे लगाने होंगे। दो वर्ष में पौधे नहीं उगे तो अनुबंध समाप्ति का अधिकार शासन के पास सुरक्षित रहेगा। इन वनों का कार्बन क्रेडिट, वन विभाग के माध्यम से विक्रय करेंगे। इस नीति के अनुसार एक हजार हेक्टेयर तक के जंगल को यदि कोई निजी कंपनी विकसित करना चाहेगी तो वनों की पुनर्स्थापना का भी प्रावधान है। अनुबंधित वनों से प्राप्त वनोपज का पांचवां भाग वन समिति और शेष चार भाग वन विकास निगम और निजी कंपनी को मिलेंगे। फल वनोपज का आधा भाग निजी कंपनी को प्राप्त होगा। मप्र में 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बिगड़े वन हैं, इसे ही निजी क्षेत्र में सौंपने की तैयारी है। नई नीति के अन्तर्गत निजी निवेशकों का इन वनीय क्षेत्रों की उपज व कार्बन क्रेडिट पर प्रथम अधिकार होगा। नई नीति का नाम ÷सीएसआर एवं कंपनी एन्वायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी एवं अशासकीय निधियों के उपयोग से वनों की पुनर्स्थापना÷ है। इसके अंतर्गत मप्र में निजी निवेशक न्यूनतम दस हेक्टेयर वन का चयन कर सकेंगे। नई वन नीति में कई विसंगतियाँ हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी। वनवासियों हेतु हर वृक्ष का हर उत्सव व ऋतु में अलग-अलग आस्था का सम्बंध होता है। हजारों-लाखों प्रकार के जीव-जंतुओं का भोजन, उनकी औषधियां, उनकी रहवासी आवश्यकताएँ सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। जीव-जंतु तो छोड़िए जनजातीय समाज और नगरीय समाज को मिलने वाली हजारों वनीय औषधियां, जड़ी-बूटियाँ, रसायन, मौसमी उत्पाद सभी कुछ समाप्त हो जाएँगे। प्रकृति की अविरल धारा के समक्ष एक बड़ा अवरोध व परिवर्तन उपस्थित होगा जिससे कई प्रकार की असंगतियाँ-विसंगतियाँ देखने को मिलेंगी। अनुबंध पर जंगल लेने वाले व्यसायी केवल लाभ से सरोकार रखेंगे। निजी वन व्यवसायी और कम्पनियाँ आदि; राष्ट्रीय, पर्यावरणीय, सामाजिक, धार्मिक विषयों के प्रति कोई सरोकार या संवेदनशीलता रखने से तो रहे। व्यावसायिक लाभ ही एकमेव लक्ष्य होगा, इससे वनोपज में असंतुलित वृद्धि तो हो सकती है किंतु पर्यावर्णीय हानि, जैव व वन विविधता की हानि व वनवासी समाज के साथ शासन व शेष समाज के सम्बंध बिगड़ सकते हैं। नई वन नीति की सम्पूर्ण समीक्षा की आवश्यकता है। या तो यह नीति रद्द हो या फिर इस नीति में वनीय, विविधता, जैव विविधता, जलीय सरंचनाओं, वनीय पशु-पक्षियों की आवश्यकताओं, वनवासी बंधुओं की आजीविका आदि विषय में सुरक्षा की गारंटी हो। नई वन नीति में जिसे बिगड़े वन कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुट ओवरब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी। हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा-सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है।**

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र



रमेश सर्राफ धमोरा

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकठ्ठा होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।**

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद हैं। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारें भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इन दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है। भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना



**30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी।**

संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.। 14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगलसराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुट ओवरब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी। हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा-सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 13:51 तक |
| नक्षत्रः | मूल 18:30 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | वज्र, 11:10 |
| सूर्योदयः | 06:55 |
| सूर्यास्तः | 18:12 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 16:48-18:12 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:11-12:56 |

## जन एक्सप्रेस

### तय करती पर जनता !

*मेहनत का फल है मिला ।*
*ना बस हवा हवाई ।।*
*हो जाती जब अति ।*
*है फिर जगहंसाई ।।*
*मिला फिर से मौका ।*
*जनमत का आदेश ।।*
*तय करती है जनता ।*
*कौन है विशेष ।।*
*है उतरना खरा ।*
*रखना फिर से ध्यान ।।*
*वरना फिर रसातल ।*
*आता जब गुमान ।।*
*अपने अपने स्तर पर ।*
*सबका हुआ प्रयास ।।*
*तय करती पर जनता ।*
*कौन उसे पर रास ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मोबाइल फोन की कई आदतें हो सकती हैं एंग्जाइटी का कारण



**आज** के समय में मोबाइल फोन हमारी लाइफ का एक अहम हिस्सा बन चुका है। बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग कोई भी व्यक्ति मोबाइल के बिना एक पल भी गुजार पाना मुश्किल हो सकता है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक आपके हाथ में हर समय मोबाइल फोन जरूर दिखता है। लेकिन क्या आपको पता है मोबाइल फोन का हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। यह न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। मोबाइल फोन इस्तेमाल करते समय आपकी कुछ ऐसी आदतें भी होती हैं, जो आपके एंग्जाइटी का कारण बन सकती हैं।

**कॉल करने या उठाने से बचना:** फोन उठाने या किसी को कॉल करने से बचने की कोशिश करना, लोगों से बात करने का डर सोशल एंग्जाइटी की समस्या को बढ़ा सकता है। यह आदत किसी से लड़ने, कोई फैसला लेने या जवाब न जानने के डर से बढ़ सकती है।

**फोन पर व्यस्त होने का दिखावा करना:** दूसरों से बातचीत करने से बचने के लिए अपने फोन पर व्यस्त रहने का दिखावा करना आपको दूसरे लोगों के साथ घूलने-मिलने से रोक सकता है और एंग्जाइटी की समस्या को बढ़ा सकता है।

**फोन पर बहुत ज्यादा स्क्रॉलिंग करना:** फोन पर बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करना दूसरों को नजरअंदाज करने से बचने का एक तरीका हो सकता है, जिससे कई तरह का तनाव और एंग्जाइटी की समस्या बढ़ सकती है।

**लगातार नोटिफिकेशन चेक करना:** बार-बार फोन पर नोटिफिकेशन चेक करने की आदत हाइपरविजिलेंस की समस्या पैदा कर सकती है, जो आपकी एंग्जाइटी की समस्या के बढ़ाने का कारण बन सकता है।

**मैसेज का तुरंत जवाब देना:** फोन पर आने वाले कॉल या मैसेज का तुरंत जवाब देने की जरूरत महसूस होना, आप में तनाव की भावना को बढ़ा सकता है, जिसके कारण आराम करना मुश्किल हो जाता है और आपकी एंग्जाइटी की समस्या बढ़ सकती है।

**परेशान होने पर गूगल सर्च करना:** अपनी समस्याओं को दूर करने के लिए बार-बार गूगल से मदद लेना, एंग्जाइटी या साइबरकॉन्ड्रिया का कारण हो सकता है, जिसमें आप ऑनलाइन मिली जानकारी के आधार पर स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान हो जाते हैं।

**फोन से जुड़ी एंग्जाइटी कम करने के टिप्स:** फोन चेक करने के लिए समय तय करें। सुबह उठने के तुरंत बाद और सोने से ठीक पहले फोन चेक करने से बचें। फोन को बार-बार चेक करने की इच्छा को कम करने के लिए माइंडफुलनेस एक्सरसाइज करें। फोन को बार-बार चेक करने से बचने के लिए गैर-जरूरी नोटिफिकेशन बंद करें। आत्मविश्वास बढ़ाने और चिंता को कम करने के लिए धीरे-धीरे कॉल करने और जवाब देने के लिए तैयार करें।

### एक्सप्रेस विशेष

# भाषा हमारे अस्तित्व का साधन भी है और साध्य भी



गिरीश्वर मिश्र

**इसी दृष्टि से नई शिक्षा नीति में बहुभाषिकता, लुप्तप्राय भाषाओं का संरक्षण और स्थानीय भाषा में समावेशी शिक्षा जैसे सरोकारों पर ख़ास ज़ोर दिया जा रहा है। औपनिवेशिक विरासत के तहत अंग्रेज़ी के वर्चस्व का सामाजिक जीवन पर विभाजनकारी असर रहा है।**

**भाषाओं की बहुलता समृद्धि का स्रोत है जो हज़ारों वर्षों के प्रवास, परस्पर क्रिया और विभिन्न समूहों के बीच एकीकरण से पली- बढ़ी है। भाषिक विविधता की दृष्टि से भारत आज विश्व में दूसरे नम्बर पर है। भारत के संविधान की वर्तमान व्यवस्था में 22 मुख्य भाषाएँ तथा 6 क्लासिकल भाषाएँ (तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया) सम्मिलित हैं।**

**भाषाई** और सांस्कृतिक विविधता के अंतरराष्ट्रीय उत्सव के रूप में इस बार का मातृभाषा-दिवस यूनेस्को के आयोजन का रजत जयंती वर्ष है। इसके पीछे टिकाऊ समाज के निर्माण के लिए विभिन्न भाषाओं के संरक्षण, सहनशीलता और पारस्परिक आदर का संकल्प लिया गया है। अपनी और दूसरों की भाषा को समझना अपनी और दूसरों की संस्कृति को जानने-समझने का मुख्य माध्यम है। भाषा न रहे तो हम अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक ठीक से पहुँचाने में चूक जाएँगे। ऐसे में आज विश्व में प्रचलित विभिन्न भाषाओं को सुरक्षित और संवर्धित करना हमारा विशेष दायित्व है। आशा की जाती है कि मातृभाषाओं का समादर समावेशिकता को बढ़ाएगा। एक विरल नैसर्गिक शक्ति के रूप में भाषा हमें न केवल ज्ञान-सृजन का अवसर देती है बल्कि उस ज्ञान को संजोने और दूसरों से साझा करना भी संभव बनाती है। प्रकृति भी इसे समर्थन देती है। जन्म के समय से ही हर सामान्य बच्चा भाषा अर्जित करने के उपकरण से सज्जित रहता है। नवजात की श्रवण शक्ति अद्भुत होती है। वह स्वाभाविक ध्वनि और शोर में फ़र्क़ करने लगता है। छह माह होने के पहले ही वे कई भाषाएँ सुनते और समझते रहते हैं। तीन वर्ष की आयु में उनका तीन-चार भाषाओं से परिचय स्वाभाविक रूप से होता है। दस वर्ष तक यह प्रक्रिया काफ़ी तेजी से चलती है। भारत के बच्चे स्वाभाविक रूप से बहुभाषिक परिवेश में जन्म लेते हैं और उनकी परवरिश होती है। सांस्कृतिक स्तर पर भाषा-विकास हमारे लिए अद्भुत अवसर बन जाता है। उसी के सहारे ही हम व्यवहार करते हैं, सोचते हैं, कल्पना करते हैं और उस कल्पना को मूर्त आकार भी देते हैं। लिखित रूप में आने के पहले सभी भाषाएँ वाचिक रूप में ही प्रयुक्त होती थीं । भारत में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे इस जीवन-दर्शन का एक बड़ा हिस्सा मौखिक रूप से प्राप्त होता रहा है। वेद 'श्रुति' के नाम से विख्यात हैं। अनुमानतः 2300 ईसा पूर्व लिखित रूप में उन्हें प्रस्तुत किया गया। बाद में, विभिन्न भाषाई और सांस्कृतिक विकास ने भाषा, संस्कृति और कलात्मक रूपों के मामले में इस क्षेत्र को अनोखी रंगत दी। इस प्रकार विभिन्न समूहों के बीच संपर्क और उनके भाषाई और सांस्कृतिक आवाजाही ने इस क्षेत्र में बहुभाषिकता के ख़ास पैटर्न को जन्म दिया। इस स्थिति ने भाषाओं में एकता आई तथा जिसने सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों को एक सूत्र में पिरोया। एकता में इस विविधता ने भारतीय सांस्कृतिक जीवन को इंद्रधनुषी रूप दिया जिसमें एक ख़ास क़िस्म का समग्रता बोध है। भारतीय भाषाओं में दृष्टिगत समानता हजारों वर्षों के सघन सांस्कृतिक संपर्क के कारण आई। धर्म, दर्शन, संगीत, भोजन, आदि सब में यह स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होती है। भारत सदियों से एक बहुभाषी देश के रूप में आगे बढ़ा है। यहाँ समाज का हर वर्ग, हर क्षेत्र, भाषा, कला-रूप और शैलियाँ, एक बहुरूपदर्शी (कैलिडोस्कोप) के टुकड़ों जैसे हैं। यह अनगिनत धागों की एक जटिल बुनाई की याद दिलाती है जिनमें से हर धागा जीवन के आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक पहलुओं का प्रतिनिधित्व करता है। परंपराओं और आधुनिक विकास ने भी इसकी बहुमुखी एकता में निरंतर योगदान दिया है। इसका जीता जागता ताज़ा प्रमाण देश के सभी भागों से आए स्नानार्थियों ने संगम तट पर दिया है। महाकुंभ के अवसर पर प्रयाग में त्रिवेणी संगम पर जुटे कोटि-कोटि भारतीयों को देख कर उनकी अंतरंग सांस्कृतिक एकता और ऊपर की विविधवर्णी छवि के बीच अनोखे सामंजस्य का भाव मूर्त हो उठा। इससे यह सच प्रकट हुआ कि भारतीय समाज हमारे सामने सांस्कृतिक, सामाजिक, भाषाई और धार्मिक प्रथाओं का एक समग्र दृश्य रचता है। आज भारत में लगभग आठ सौ भाषाएँ दर्ज हैं। बहुतेरे भारतीय कई भाषाएँ बोलते हैं। यह बहुभाषिकता विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच न केवल संचार को प्रभावी बनाती है बल्कि साझा पहचान को सबल करती है। बावजूद इसके कि विभिन्न भाषाएँ अलग-अलग लिपियों का उपयोग करती हैं, इनमें से कई लिपियाँ एक ही मूल की हैं, जैसे ब्राह्मी लिपि। यह साझा भाषाई विरासत, धार्मिक और सांस्कृतिक ग्रंथों में संस्कृत भाषा और साहित्य के व्यापक उपयोग के साथ-साथ भारतीय भाषाई क्षेत्र में गहन निरंतरता विकसित करने में योगदान करती है। साझा विषय, पारस्परिक प्रभाव और समान ऐतिहासिक अनुभव इन विविध साहित्यिक परंपराओं को एक साथ बांधते हैं। तमिल-काशी संगम जैसा मेल-मिलाप संवाद के द्वारा भारतीय साहित्य एकता में विविधता की अवधारणा का प्रबल उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# निबंध प्रतियोगिता में नेत्रा रस्तोगी को मिला प्रथम स्थान

■ ऐश्वर्या, अनादि, साक्षी को द्वितीय स्थान तथा आर्या त्रिपाठी को मिला तृतीय स्थान

जन एक्सप्रेस | बहराइच



किसान पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग की ओर से शनिवार को परिषदीय कार्यक्रमों के अंतर्गत एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका रहा। इस प्रतियोगिता में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें मनोविज्ञान विषय के द्वितीय, चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार त्रिपाठी, शिक्षाशास्त्र विभाग के मनोज कुमार यादव, आशुतोष पाण्डेय तथा अर्थशास्त्र विभाग के उमेश कुमार सिंह रहें। प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में बी.ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा नेत्रा रस्तोगी को प्रथम स्थान, छात्रा ऐश्वर्या श्रीवास्तव, अनादि पजनी, साक्षी गौड़ को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, आर्या त्रिपाठी को तृतीय स्थान, दानिश, सुनील कुमार निषाद और रोहित कुमार को संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान, ओमप्रकाश को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा इस प्रतियोगिता में सर्वेश, बुशरा, सहाना, ओम प्रकाश, अर्पिता, आदित्य बृजेश, सोनाक्षी, सोनम, श्रुति, राहुल, आलोक, आनन्द गोपाल, पिंकी, सुखमनी, मानवी, अनुरंजन, यशराज, आशीष, शुभम, निष्ठा आदि अनेक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन मनोविज्ञान विभाग के विभाग प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने इस अवसर पर आये प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के सभी सदस्यों का धन्यवाद और आभार प्रकट कुछ किया। राजेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि इस प्रकार के निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसी स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों से निपटने, अपनी क्षमताओं का एहसास करने, अच्छी तरह से सीखने और अच्छी तरह से काम करने और अपने समाज में योगदान करने में सक्षम बनाती है। जब विद्यार्थी मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तो वह उच्च शैक्षिक उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं तथा विपरीत परिस्थितियों का भी बेहतर ढंग से सामना कर सकते हैं। उन्होंने बताते हुए कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिन विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया है उन सभी विद्यार्थियों को विभाग के द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने नानपारा के गांधी पार्क में मनाई मौलाना आजाद व कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि

■ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, मदनी मस्जिद का मुद्दा भी उठाया

जन एक्सप्रेस | बहराइच

स्वतंत्रता आंदोलन की महान सेनानी एवं महात्मा गांधी की धर्मपत्नी कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के दो बार अध्यक्ष रहे देश के प्रथम शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर शनिवार को कांग्रेस जनों ने गांधी पार्क में श्रमदान किया। साथ ही देश व समाज के ज्वलंत मुद्दों को डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को मांग पत्र भेजा। मांगपत्र में विगत दिनों भाजपा सरकार की तानाशाही रवैये के चलते उसके शासन प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में 26 वर्ष पुरानी मदनी मस्जिद को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा बुलडोजर के मनमाने प्रयोग पर सख्त टिप्पणी के बावजूद साथ ही हाई कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद भी मनमाने तरीके से उक्त मदनी मस्जिद के हिस्से को ढहाए जाने एवं घृणास्पद सांप्रदायिक आधार पर नागरिकों के पूजा स्थलों के अस्तित्व को मिटाने के साथ साथ गाजीपुर में अमर बलिदानी वीर अब्दुल हमीद जी के नाम को शैक्षणिक संस्थान से हटाए जाने तथा पुस्तक मेलों में गांधीजी एवं नेहरू जी के पुस्तकों की प्रदर्शनी व विक्रय पर प्रतिबंध लगाने व आजादी के धरोहरों की सुरक्षा व सम्मान पर प्रश्नचिन्ह लगाकर उसकी उपेक्षा बदहाली पर अंकुश न लगाए जाने आदि के प्रति राष्ट्रपति का ध्यानाकर्षण कराते हुए देश व समाज हित में त्वरित कार्यवाही करने एवं अंकुश लगाने की पुरजोर तरीके से मांग की गई है।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि कस्तूरबा गांधी ने 1920 में महिलाओं का सेवादल संगठित करके अहमदाबाद, जलालपुर, आबंद, मातर, नाडियाद व बोरसद में नमक कर बंदी और स्वदेशी प्रचार तथा विदेशी बहिष्कार आन्दोलनों में अपनी सहयोगी डाही बहन राव जी भाई पटेल, मणिबेन नरहरि पारीख आदि के साथ सक्रिय भूमिका निभाई थी। गांधीजी के भारत लौटने के बाद वे अपना घरबार त्याग करअपने पति गांधीजी के साथ साबरमती आश्रम में आकर रहने लगीं थीं। उनके द्वारा किया गया समाज सेवा रचनात्मकता से हमें भी प्रेरणा मिलती है। ब्लॉक नवाबगंज के अध्यक्ष रामदीन गौतम ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम साहब का निधन 22फरवरी 1958 को हुआ था वे महान शिक्षाविद तथा प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1923 में दिल्ली में स्पेशल अधिवेशन तथा 1940में रामगढ़ में कांग्रेस महाधिवेशन की अध्यक्षता करके देश और समाज को ऊंचाई पर ले जाने में अहम योगदान दिया था। संचालन निवर्तमान अध्यक्ष बलहा एहसान वारिस ने किया। इस दौरान आगामी 26, 27 व 1 मार्च को होने वाले सर्वोदय संवाद शिविर को बोर्ड परीक्षा, रमजान, होली के मद्देनजर स्थगित कर आगामी अप्रैल माह में आयोजित करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वन्देमातरम् उद्घोष से तथा समापन सामूहिक प्रतिज्ञा एवं राष्ट्रगान से किया गया।

## अर्बन कोऑपरेटिव बैंक में पहुंची आयकर की टीम, ज्वैलर्स के यहां भी जांच जारी



जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

आयकर विभाग की जांच पड़ताल के दौरान मिले दस्तावेजों के आधार पर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक भी निशाने पर आ गया है। आयकर की टीम ने शनिवार को बैंक की मुख्य शाखा में जांच शुरू की। बैंक के मुख्यालय में लोगों के जाने पर रोक लगा दी गई है। उधर, लाला काशीनाथ सेठ ज्वैलर्स के शोरूम पर दो दिनों से चल रही इनकम टैक्स की जांच के बीच शनिवार को मौके पर पहुंची वीआईपी गाड़ी को लेकर लोगों में चर्चा होती रही। गाड़ी पर जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार लिखा है, वहीं वीवीआईपी लिखा लोगों के बीच सुगबुगाहट पैदा कर रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर हड़पे 12.22 लाख रूपये, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस | सुनहरा




**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव लखनियारपुर निवासी गुरुपाल सिंह ने कैंडिड इमीग्रेसन रुद्रपुर उत्तराखंड के संचालक समेत तीन लोगों पर धोखाधड़ी समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि आरोपियों ने उसके भाई का ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश दिलाने और वीजा आदि बनवाने के नाम पर 12 लाख 22 हजार रुपये की ठगी की है। कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुपाल सिंह ने बताया कि शहर के मोहल्ला निर्मलनगर निवासी दानिश उसके भाई का जानने वाला है। दानिश ने अपने मिलने वाले वाले कैंडिड इमीग्रेसन रुद्रपुर (उत्तराखंड) के संचालक मनप्रीत सिंह व सतवंत सिंह से मिलाया। उसके भाई को आस्ट्रेलिया के कॉलेज में प्रवेश का फर्जी ऑफर लेटर दिया और कहा कि हम तुम्हारा एडमीशन ऑस्ट्रेलिया के कॉलेज में करा देंगे और वीजा भी बनवा देंगे। भाई के सभी शैक्षणिक प्रपत्र व पासपोर्ट की छाया प्रतियां ले लीं। साथ ही ट्रेनिंग के नाम पर दो लाख रुपये नकद ले लिए। इसके ही बाद ठगी का खेल शुरू हुआ। भाई से कॉलेज की फीस जमा करने को लेकर सतवंत सिंह ने भेजे गए यूनीमनी फाइनेंशियल सर्विस लिमिटेड के एचडीएफसी बैंक के एकाउंट नंबर पर 8,22,035 रुपये आरटीजीएस करने को कहा। इसके बाद 05 मई 2023 को रुपये आरटीजीएस कर दिया। भाई का वीजा 06 जून 2023 को मंजूर होने की बात कहकर अन्य रकम देने की बात कही। आरोप है कि तीनों लोगों ने विभिन्न खातों में कई बार अलग-अलग तारीखों में कुल 12,22,035 रुपये जमा करा लिए। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उर्दू विभाग की निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग




■ अब्दुल शमी और फुरकान ने बाजी मारी अन्य प्रतिभागियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | बहराइच

किसान पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग की ओर से एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उर्दू परिषद की ओर से प्रतियोगिता का निर्देश विभाग प्रभारी डॉ राजकमल गुप्ता ने किया। इस प्रतियोगिता बीए सभी सेमेस्टर तथा एमए सभी सेमेस्टर के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निबंध का शीर्षक सोशल मीडिया के नुकसान व फायदे था। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय सेमेस्टर के अब्दुल समी को प्रथम, अफजल करामत को द्वितीय तथा अतिया खातून व इलमा बेग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार मुंशी प्रेमचंद की अफसाना निगारी का तन्कीकी दी जायजह नामी उर्दू मजमून निगारी प्रतियोगिता में बा चतुर्थ सेमेस्टर के फुरकान अहमद को प्रथम एवं कलीम सिद्दीकी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताएं भी कराई गई। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मेराजुद्दीन का भी विशेष योगदान रहा।

# महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत तैनात किये गये मजिस्ट्रेट

जन एक्सप्रेस | बहराइच

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 26 फरवरी 2025 को नगर क्षेत्र में निकाले जाने वाले जुलूसों/ शोभायात्रा/ शिव बारात को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगायी गयी है। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं द्वारा प्रातः 04:00 बजे से ही कॉवर यात्रा निकाल कर विभिन्न स्थानों पर स्थित शिवालयों/ मन्दिरों में जलाभिषेक किया जाता है जो सिलसिला देर सॉयकाल तक चलता रहता है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा व तहसीलदार सदर अनिरूद्ध यादव को सिद्ध नाथ मन्दिर के अन्दर व अगल-बगल एवं सड़क मार्ग पर व सड़क मार्ग से मन्दिर की ओर प्रवेश मार्ग एवं बाहर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियन्त्रित रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, नायब तहसीलदार सदर सुरेन्द्र प्रसाद, आबकारी निरीक्षक विवेक चौहान व उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा को श्री मरी माता मन्दिर, सरयू तट से लेकर गोलवाघाट पुल, केडीसी तिराहा, डीएम आवास तिराहा, पानी टंकी चौराहा, डिगिहा तिराहा से छावनी चौराहा होते हुए कॉवरिया दल के साथ-साथ भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला कृषि अधिकारी सबूदार यादव व नायब तहसीलदार सदर पी.पी. गिरि को श्री मरी माता मन्दिर, सरयू तट से लेकर किसान डिग्री कालेज, बस स्टेशन, पीपल तिराहा होते हुए घंटाघर चौक निकट सिद्ध नाथ मन्दिर तक भमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार शुक्ला व जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर को मनकामेश्वर मन्दिर धनकुट्टीपुरा से सॉय 07:00 बजे निकलने वाली शिव बारात के साथ गणेश पूजा स्थल ब्राहम्णीपुरा घंटाघर चौक छावनी चौराहा होते हुए स्टेशन रोड धनकुट्टीपुरा से वापसी स्थल तक भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय को थाना दरगाह शरीफ मोहल्ला गुलामअलीपुरा स्थित राम घाट मन्दिर से सॉय 07:00 बजे निकलने वाली शिव बारात के साथ निर्धारित मार्ग राम जानकी मन्दिर गुलामअलीपुरा तक भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उपरोक्त अधिकारी शोभा यात्रा/ जुलूस/ शिव बारात के साथ कार्यक्रम की समाप्ति तक उपस्थित रहकर अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर मजिस्ट्रेट सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की कानून व्यवस्था हेतु ओवर आल प्रभारी होंगी जबकि समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने तहसील क्षेत्रान्तर्गत स्थित नदियों के प्रसिद्ध घाटों एवं शिव मन्दिरों जहॉ जहॉ स्नान एवं जलाभिषेक के लिए भीड़-भाड़ लगती हो वहॉ पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों की तैनाती करके थानाध्यक्ष व पुलिस क्षेत्राधिकारी से समन्वय बनाये रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे।

# महाकुंभ में गुम हुई वृद्धा पहुंची घर, खुशी से झूमे परिजन

जन एक्सप्रेस | सिंगाही खीरी

महाकुंभ में अपने समूह से बिछड़ी सिंगाही कस्बे की 75 साल की बुजुर्ग महिला शुक्रवार की देर रात अपने घर पहुंच गई। निघासन में वाहन की तलाश में खड़ी वृद्धा को सिंगाही नगर पंचायत चेयरमैन ने अपनी कार से उनके घर छोड़ा। वृद्धा के घर सकुशल वापस आने पर परिवार के लोग खुशी से झूम उठे और उन्हें गले से लगा लिया। परिजनों में काफी खुशी का माहौल था।

बुधवार को सिंगाही कस्बे के मोहल्ला छावनी से 70 श्रद्धालुओं का एक समूह निजी बस से गंगा स्नान करने महाकुंभ प्रयागराज गया था, जिसमें मोहल्ले की 75 वर्षीय उमा सिंह परमार भी शामिल थीं। 20 फरवरी को सभी यात्री संगम में स्नान करने के बाद समूह बनाकर वापस आ रहे थे।

तभी पिलर संख्या 158 के पास अत्यधिक भीड़ होने के कारण उमा सिंह परमार (उम्र 75 वर्ष, निवासी सिंगाही छावनी वार्ड 10) समूह से अलग होकर मेले में बिछड़ गईं। समूह के साथियों ने काफी तलाश की, लेकिन पता न चलने पर खोया-पाया केंद्र में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार की देर रात उमा सिंह परमार अपने घर पहुंच गईं। उन्हें देख परिवार के लोग खुशी से झूम उठे। बुजुर्ग उमा सिंह परमार ने बताया कि सेक्टर नंबर 4 में लेटे हनुमान मंदिर के पास वह जमा भीड़ में भटक गई थीं। मंदिर से बाहर आने पर उन्हें अपने साथी नजर नहीं आए। उन्होंने वहीं के खोया-पाया केंद्र में जाकर अपनी व्यथा बताई और मदद मांगी। खोया-पाया केंद्र के कर्मचारी और वहां तैनात पुलिस बल ने उनकी काफी मदद की। उन्हें अपनी निजी कार से प्रयागराज सिविल बस स्टेशन पहुंचाया, जिससे वह लखनऊ कैसरबाग पहुंची और वहां से बस पकड़ कर निघासन आईं। निघासन बस स्टैंड पर सिंगाही की तरफ जाने वाले वाहन का इंतजार कर रही थींइसी बीच एक नगर पंचायत अध्यक्ष की कार आती दिखाई दी। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम ने उन्हें गाड़ी में बैठाकर उनके घर तक पहुंचा दिया। उनके घर पहुंचते ही परिवार वालों ने गले से लगा लिया। वृद्धा के वापस आने से परिवार में खुशी का माहौल है।

# कानून एवं शान्ति व्यवस्था पुलिस प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता : डीआईजी

जन एक्सप्रेस | बहराइच

महाशिवरात्रि, होली, रमजान, ईद आदि आसन्न त्योहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने के मद्देनज़र डी.आई.जी. देवीपाटन मण्डल अमित पाठक ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ पुलिस लाईन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्राप्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने में सुरक्षा बल या संसाधनों की कमी नही होने दी जायेगी। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 13 व 14 को होली तथा 14 को रमाज़ान का शुक्रवार होने के कारण सभी अधिकारी विशेष सतर्कता बरतेंगे। डीआईजी श्री पाठक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि समकक्ष मजिस्ट्रेटों के साथ त्योहारों के पूर्व ही महत्वपूर्ण स्थलों का अनिवार्य रूप से भ्रमण कर क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों के साथ समन्वय बनाते हुए क्षेत्र की संवेदनशीलता के अनुसार सूक्ष्म स्तर पर योजना तैयार करें और तद्नुसार कार्यवाही अमल में लायें। पुलिस फोर्स के सभी अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी के दौरान आमजन से शिष्ट व्यवहार करें। क्षेत्र के प्रभावशाली संभ्रान्तजनों के साथ वार्ता कर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था हेतु माहौल तैयार करें व कम्युनिकेशन के माध्यम से आमजनमानस में शान्ति व्यवस्था के प्रति जागरूकता फैलाये ताकि किसी स्तर पर संवादहीनता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाये। डीआईजी ने निर्देश दिया कि सभी सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं से समन्वय बनाते हुए उनके माध्यम से सौहार्द बनाये रखने की अपील जारी करायी जाय। होली व शिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली बारात व जुलूसों के मार्गो पर रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया जाय। डीआईजी ने निर्देश दिया कि त्योहारों के अवसर पर धार्मिक स्थलों, जुलूस मार्गो व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की पर्याप्त साफ-सफाई के साथ-साथ जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति के माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित किये जायें। डीआईजी ने नगर निकाय व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया कि त्योहारों के अवसर पर धार्मिक स्थलों व मार्गो तथा नालियों की नियमित साफ-सफाई तथा चूनाकारी करायी जाय। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ स्थानीय फाल्ट को दुरूस्त करने हेतु पूर्व से ही टीमों का गठन कर दिया जाय तथा उपभोक्ताओं की ओर से शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करें। डीआईजी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली संभ्रान्तजनों से वार्ता कर उन्हें विशेष परिस्थितियों में भीड़ आदि को नियंत्रित करने हेतु पूर्व से ही मानसिक रूप से तैयार कर लिया जाय व उनके मोबाइल नम्बर की सूची भी तैयार करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर कानून एवं शान्ति को बनाएं रखने में ऐसे नागरिकों का सहयोग लिया जाय।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को सामान्य, संवेदनशील व अति संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में चिन्हित करते हुए फुलप्रूफ कार्ययोजना तैयार करें। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व ग्रामों में अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि थाने पर मौजूद त्योहार रजिस्टर का अध्ययन कर पूर्व के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन पर डाला गया प्रकाश



जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

शनिवार को जनपद लखीमपुर खीरी में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में कई जगहों पर भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रमों के आयोजन हुए इसी कड़ी में कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी गोला गोकर्ण खीरी में निवर्तमान अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में पुण्यतिथि का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें वक्ताओं ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकुमार वर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, कृष्ण किशोर मिश्रा, जसकरण लाल, मोहम्मद अनीस अहमद, राम शंकर पाल, अजय शुक्ला गुड्डू, सरदार जोगिंदर सिंह भोली, मोहनलाल पाल, मोहम्मद डॉक्टर अनवर अंसारी, शेर सिंह वर्मा, पंकज पटेल, सरदार जसवंत सिंह, दीपेंद्र शुक्ला, विक्रम पटेल, अध्ययन पटेल, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे। उधर लखीमपुर जिला कांग्रेस भवन मुख्यालय पर डॉक्टर रईस अहमद उस्मानी, जावेद अली खान एडवोकेट, रवि तिवारी, रामपाल शाक्य, अब्दुल रहीम, सरोजिनी अवस्थी, राजेंद्र गुप्ता, अब्दुल कयूम आदि कांग्रेस जनों मौलाना अबुल कलाम आजाद जी की पुण्यतिथि मनाई।

## नगर पंचायत बरवर में सुपर 99 स्टोर का हुआ शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी

बरवर नगर पंचायत बरवर मुख्य मार्केट सब्जी मंडी स्थित सुपर 99 कैफे हर माल 99 रुपए में उपलब्ध स्टोर का हुआ शुभारंभ जिसका उद्घाटन मौलाना जावेद असलम कासमी ने फीता काटकर किया।

तहसीन हैदर ने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों की मांग को देखते हुए 99 कैफे में हरमाल जरूरत का सामान मात्र 99 रुपए में सेल किया जा रहा है मेरा उद्देश्य ग्राहकों को संतुष्टि कर उनकी जरूरत का सामान उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्रीय पत्रकारों को 99 कैफे के संचालक द्वारा डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिकमतुल्ला खान, अली शहवाज, नेता जगन्नाथ, लबलेश कुमार, आशीष गुप्ता, मिर्जा शाहिद बेग, डॉ नजमुल, वहीद अहमद, कैसर खान, अफसर खान, रुकसाद खान, आरिफ खान, डॉ रिजवान खान, अरविन्द कुमार, एजाज अहमद, मुंसिफ जैदी, प्रभू दयाल, वसीक अहमद, मुईद खान, यूनुस कुरैशी, मोहम्मद यासीन, आदि लोग मौजूद रहे।

# मानसिक मुक्ति के प्रतीक थे मौलाना अबुल कलाम आजाद

जन एक्सप्रेस | बहराइच

स्थानीय सेनानी भवन सभागार में शनिवार को महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि मनाई गयी द्य उपस्थिति जनों ने आजाद की देशभक्ति और उनके राष्ट्र के समर्पण की भूरि - भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी के कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद एक महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान् एवं भारत के प्रथम शिक्षामंत्री थे उनके योगदान को उनके जन्मदिवस यानि 11 नवम्बर को भारत में हर साल नेशनल एजुकेशन डे के रूप में मनाया जाता है। मौलाना अबुल कलाम आजाद एक प्रतिभाशाली वाद-विवाद कर्ता थे उनके नाम का शाब्दिक अर्थ है बातचीत का देवता उन्होंने धर्म और जीवन के संकीर्ण दृष्टिकोण से अपनी मानसिक मुक्ति के प्रतीक के रूप में अपना उपनाम आजाद रखा उनका जन्म इस्लाम धर्म के प्रमुख स्थान मक्का में हुआ था। समाज सेवी मुकुंद जी शुक्ल ने कहा फ्रीडम एट नाईट नामक मौलाना आजाद की आत्मकथा जो भारतीय स्वतंत्रता पर आधारित घटना की सग्ची कहानी है जो लार्ड माउन्टवेटन की ब्रिटिश भारत के अंतिम वायसराय के रूप नियुक्ति के साथ शुरू होती है और महात्मा गाँधी की हत्या एवं अंतिम संस्कार के साथ समाप्त होती है, एक महत्वपूर्ण पुस्तक है। वह मौलाना आजाद के नाम से लोकप्रिय थे उनके प्रयासों से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं भारतीय प्रोद्योगकी संसथान की स्थापना हुई। उन्होंने अल-हिलाल नामक समाचार पत्र का प्रकाशन किया जिसपर ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबन्ध लगाया। वरिष्ठ सेनानी उत्तराधिकारी भानु प्रताप द्विवेदी ने कहा कि उन्होंने खिलाफत आन्दोलन का समर्थन किया उन्होंने 1919 के रोलेट एक्ट के खिलाफ असहयोग आन्दोलन में भी हिस्सा लिया वे गाँधी के अहिंसक सत्याग्रह विचारो के समर्थक थे वे सविनय अवज्ञा आन्दोलन के लिए प्रतिबद्ध थे उन्होंने स्वराज और स्वदेशी आन्दोलन को भी बढ़ावा दिया। अन्त में ऐसे महान धर्मनिरपेक्ष और राष्ट्र भक्त महान नेता के प्रति अपनी श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए सेनानी उत्तराधिकरियो ने कार्यक्रम समाप्त किया कार्यक्रम में देवमणि शुक्ला, शिवम् मिश्रा सहित तमाम देशभक्त मौजूद थे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अभी तक चिन्हित किये गये ब्लैक स्पाटों की स्थिति की जानकारी करते हुये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर दुर्घटना ज्यादा हुयी हैं, वहां के ब्लैक स्पाटों को चिन्हित करते हुये आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किये जाये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सम्मिलित प्रयास कर एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाते हुये दुर्घटनाओं की संख्या में कमी किये जाने हेतु अवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने व्यापक स्तर पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जो नए ब्लैक स्पाट चिन्हित किये गये हैं, उनका निस्तारण जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाये ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जहां पर लाइटें लगायी जानी हैं, उस कार्य को ससमय पूर्ण किया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया जिन सड़कों अवैध निर्माण हैं, उसमें संबंधित के खिलाफ नोटिस जारी करते हुये तत्काल हटवाया जाये।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने थाना मानपुर में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पैमाईश से सम्बन्धित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित कराया जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस रजिस्टर के साथ अन्य सम्बंधित अभिलेखों का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाये, वह स्पष्ट होना चाहिये तथा जिस टीम द्वारा मौके का मुआयना किया गया है, उस टीम का विवरण तथा निस्तारण का पूर्ण विवरण रजिस्टर में अंकित होना चाहिये। शिकायतकर्ता द्वारा मकान में कब्जा न देने के कारण जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दोनों पक्षों को बुलाकर मौके पर ही शिकायत का निस्तारण किया। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने आगामी शिवरात्री के दृष्टिगत समय से संबंधित को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों भ्रमण कर लें, जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाये। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए।




## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 23.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04613 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुवा, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |
| 04611 | फाफामऊ जं. | 19:30 | फिरोज़पुर कैंट | 16:45 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बठिंडा जं., कोट कपूरा एवं फरीदकोट स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवादुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एंव ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाज़ीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी,उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर बिहार,बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 07708 | आजमगढ़ | 19:45 | मौला अलि | 07:30 | बनारस, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेलमपल्ली, मंचिर्याल, पेद्दापल्ली, काजीपेट जं., जनगांव एवं चार्लपल्ली स्टेशन |
| 05296 | झूँसी | 12:10 | दरभंगा जं. | 02:30 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., ढोली एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन |
| 09140 | बलिया | 23:30 | विश्वामित्री | 10:05 | गाज़ीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी,उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं.,नगदा जं., रतलाम जं., दाहोद, एवं गोधरा स्टेशन |
| 05208 | झूँसी | 08:00 | बरौनी जं. | 21:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., अक्षयवट राय नगर, देसरी, महनार रोड, शाहपुर पटोरी, विद्यापति धाम एवं बछवारा जं. स्टेशन |
| 03417 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी | 17:15 | न्यु फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेन्द्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, एवं बनारस स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |

**दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुण्ड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | ज़फराबाद, मड़ियाहूँ, जंघई एवं फुलपूर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलालगंज, बछरावाँ, रायबरेली, ऊँचाहार, परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर एवं लालगोपालगंज स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर, जगाधरी, अंबाला कैंट जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनंदपुर साहिब, नंगल डैम एवं ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वारा जं. स्टेशन |
| 04614 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 08254 | वाराणसी जं. | 10:50 | बिलासपुर जं. | 10:40 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., राजनांदगाव, दुर्ग एवं रायपुर जं. स्टेशन |
| 02275 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ जं. स्टेशन |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 07384 | वाराणसी जं. | 05:00 | हुबली जं. | 00:45 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर जं., पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, भुसावल जं., मनमाड जं., कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन, पुणे जं., सतारा, कराड, किर्लोस्कर वाडी, सांगली, मिराज जं., कुडची, रायबाग, घाटप्रभा, गोकक रोड, बेलगावि, खानापुर, लोंडा जं., अलनावर जं. एवं धारवाड स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी | 13:00 | हलद्वानी, लाल कुआँ जं., किच्छा, बहेडी, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोलागोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 05314 | कासगंज जं. | 19:50 | झूँसी | 17:45 | सोरों शूकर क्षेत्र, उझानी, बदायूँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्ज़तनगर, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोलागोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवादुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एंव ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 07108 | बनारस | 17:30 | विजयवाड़ा जं. | 05:30 | वाराणसी जं., काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चंदौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं., डाल्टनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, तोरी, बरका काना, मुरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ, केसिंगा, मुनिगुडा, रायगड़, पार्वतीपुरम टाउन, बोब्बिलि जं., विजयानगरम जं., कोत्तवलसा, पेन्दुर्ति, दुव्वाडा, अनकापल्ली एलमंचिली, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमुंदरी, निडढ़वोलु जं., ताडेपल्लिगडेम एवं एलूरू स्टेशन |
| 04816 | पाटलिपुत्र | 04:30 | जोधपुर जं. | 13:40 | दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला जं., अलीगढ़ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट., गुड़गांव, रेवारी, महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू जं., सादुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, छोटी खाटू, बड़ी खाटू, डेगाना जं., मेड़ता रोड जं. एवं गोटन स्टेशन |
| 03418 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यु फरक्का जं. स्टेशन |
| 03429 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी | 17:15 | न्यु फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेन्द्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, एवं बनारस स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें


# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से शुरु

- परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर आंतरिक दल द्वारा ली जाएगी परीक्षार्थियों की तलाशी
- जनपद में 111 परीक्षा केंद्रों को चार जोन व 11 सेक्टर में बांटा
- जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट करेंगे परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

यूपी बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। इसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा एक साथ 111 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इसमें कुल 72 हजार 606 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, डबल लॉक आलमारी, साफ सफाई आदि का जायजा लिया।

सभी केंद्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, सुचितापूर्ण व पारदर्शी ढंग से पूरा कराने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों को कड़ा दिशा निर्देश दिया है। परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों पर कुल 72 हजार 606 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसमें हाईस्कूल के 40119 व इंटरमीडिएट के 32487 परीक्षार्थी शामिल है। परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं को पहुंचा दिया गया है।

प्रश्नपत्रों को डबल लॉक में रखा गया है जहां 24 घंटे लगातार सीसीटीवी कैमरा से निगरानी हो रही है। प्रश्नपत्रों को निकालने व सीलबंद करके रखने की कार्यवाही सेक्टर मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक अपने सामने कराएंगे।

बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद के सभी 111 परीक्षा केंद्रों को चार जोन व 11 सेक्टर में बाटा गया है। सभी एसडीएम को जोनल मजिस्ट्रेट व जिला स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

ये अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। पहले दिन की परीक्षा के पहली पाली में हाईस्कूल के हिन्दी, प्रारंभिक हिंदी व पहली पाली में इंटरमीडिएट के सैन्य विज्ञान की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में हाईस्कूल को हेल्थ केयर व इंटरमीडिएट का हिन्दी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा 2 बजे से 5:15 बजे तक होगी। हांलाकि परीक्षा के दिन मुख्य गेट पर ही आंतरिक दल द्वारा परीक्षार्थियों की तलाशी ली जाएगी। इसमें महिला अध्यापक को भी शामिल किया गया है। छात्रों की तलाशी पुरूष अध्यापक व छात्रा की तलाशी महिला अध्यापक द्वारा ली जाएगी।

### लॉकबुक में दर्ज होगा स्ट्रांग रूम के खुलने का समय

स्ट्रांग रूम के लिए एक अलग से लॉकबुक बनाया गया है। इसमें स्ट्रांग रूम खुलने और बंद होने का समय दर्ज किया जाएगा। केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। खुलने व बंद होने की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे की नजर में होगा और उसका समय लाकबुक में दर्ज किया जाएगा।

### बंद रहेंगी फोटो कापी की दुकानें

परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास सभी प्रकार की फोटो कापी की दुकानें, फोटो कापीयर्स, स्कैनर केंद्र को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। दुकान खुलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्र के परिधि में धारा 144 लागू रहेगा।

### नकल करने पर ये होगी सजा

नकल निवारण अध्यादेश 2024 के तहत नकल करना और नकल कराना दोनों अपराध है। इसमें दस वर्ष की सजा, आजीवन कारावास व एक करोड़ रूपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि कोई नकल करते या कराते पकड़ा जाएगा तो उसे प्रशासन जेल भेजने की कार्यवाही करेगा।

### डीएम कार्यालय में दिखेगा परीक्षा का लाइव

सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैश किया गया है। इसकी कंट्रोल रूम डीएम कार्यालय के सामने कक्ष में बनाया गया है। जहां से डीएम व आलाधिकारी परीक्षा कक्ष के परीक्षा देते बच्चों की गतिविधि देख सकेंगे। यहां 10 कम्पयूटर सेट लगाया गया है। एक कम्पयूटर सेट से दस परीक्षा केंद्र को जोड़ा गया है। परीक्षा की निगरानी के लिए हर कम्प्यूटर पर आठ आठ घंटे के लिए एक एक आपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर तुरंत कंट्रोल रूम को पता चल जाएगा।

## मिल कर्मचारियों ने हड़ताल करने की दी चेतावानी

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

ठूठीबारी क्षेत्र गड़ौरा जेएचवी शुगर मिल में कार्यरत मजदूरों की मांगे पूरी नहीं होने पर एक बार फिर मजदूरों ने पूर्वांचल चीनी मिल मजदूर यूनियन के बैनर तले आगामी 24 तारीख को मिल में हड़ताल कर आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को उपजिलाधिकारी को भेजे गए पत्रक में बताया गया है कि बीते 10 फरवरी को विभिन्न मांगो को लेकर मजदूर यूनियन के बैनर तले आंदोलन किया गया था। नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा की उपस्थिति में मिल प्रबंधन के अधिकारियों द्वारा लिखित आश्वासन देते हुए 10 दिनों के अंदर समस्याओं के निस्तारण की बात कही थी, लेकिन समयावधि बीत जाने के बावजूद मिल प्रबंधन द्वारा मांगो का उचित निस्तारण नहीं किया गया। साथ ही एक महिला कर्मचारी का उत्पीड़न किया जा रहा है। मजबूरन 24 फरवरी को कार्यरत मिल कर्मी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यूनियन अध्यक्ष नवल किशोर मिश्र ने बताया कि मिल प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन के बावजूद मांगो का निस्तारण नहीं किया गया। मजबूरन मिल कर्मी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे ।

## बदल रहा है गोरखपुर : गोलघर में जाम का झाम होगा दूर



**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

जीडीए टॉवर के बेसमेंट में पहले से ही 946 वर्ग मीटर जमीन पार्किंग के लिए जगह चिह्नित है। टॉवर में अभी कम ही दुकानों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होती हैं, लिहाजा पार्किंग खाली पड़ी रहती है। इसीलिए जीडीए प्रशासन ने इस पार्किंग की सफाई और मरम्मत कार्य पूरा कराकर इसका व्यावसायिक उपयोग करने का निर्णय लिया है। गोलघर की सड़क पर खड़े वाहनों से लगता है गोलघर में खरीदारी करने और इंदिरा बाल विहार पर परिवार के साथ खाने पहुंचे लोगों को वाहन पार्किंग की सुविधा बगल के जीडीए टॉवर में ही मिलेगी। इसके लिए टॉवर के बेसमेंट में जल्द ही स्मार्ट पार्किंग बनाई जाएगी। पार्किंग का संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इस पार्किंग के शुरू होने से शहर में जाम की समस्या का भी समाधान होगा। इंदिरा बाल विहार पर शाम के वक्त घूमने आए लोगों की गाड़ियों की वजह से जाम लग जाता है। यहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के चलते लोग अपनी बाइक और कार सड़क पर ही खड़ी कर दुकानों में खाने-पीने चले जाते हैं। अब इस सड़क को चटोरी गली के रूप में विकसित किया जा रहा है, वहीं जीडीए बोर्ड ने भी पार्क के तरफ की दुकानों को तोड़कर कॉम्प्लेक्स बनाने की सहमति दे दी है। वहीं गोलघर में खरीदारी करने आए लोगों को भी वाहन पार्किंग की दिक्कत होती है।

## दुग्धेश्वर नाथ मंदिर : महाशिवरात्रि मेले के पहले पहुंचे डीआईजी–कमिश्नर, लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

डीआईजी आनन्द कुलकर्णी और कमिश्नर अनिल ढिंगरा ने कहा कि शिवरात्रि पर गोरखपुर मंडल में सबसे अधिक भीड़ दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर भीड़ लगती है। जिसको देखते हुए हर व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। डीएम दिव्या मित्तल ने दोनों अधिकारियों को मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के इंतजाम से भौतिक अवगत कराया। पौराणिक तीर्थ स्थल दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की तैयारी व्यवस्था को लेकर शनिवार को डीआईजी और कमिश्नर ने जायजा लिया। उन्होंने मंदिर के हर कोने का निरीक्षण कर शिव भक्तों को हर सुविधा का ख्याल रखने का निर्देश दिया। मंदिर पर पहली बार सिर्फ शिवरात्रि के दिन भीड़ को देखते हुए चोंगा से गर्भगृह में प्रशासन ने जलाभिषेक कराने का निर्णय लिया है। डीआईजी आनन्द कुलकर्णी और कमिश्नर अनिल ढिंगरा ने कहा कि शिवरात्रि पर गोरखपुर मंडल में सबसे अधिक भीड़ दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर भीड़ लगती है। जिसको देखते हुए हर व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। डीएम दिव्या मित्तल ने दोनों अधिकारियों को मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के इंतजाम से भौतिक अवगत कराया। मंदिर में पूर्व की भांति ही प्रवेश कराया जाएगा। गर्भगृह के चोंगा लगा रहेगा, जिससे जलाभिषेक होगा। डीएम ने बताया कि शिव बरात परंपरा के अनुसार ही निकलेगा। शाम को शिव विवाह को देखते हुए तैयारी मंदिर प्रशासन ने पूर्ण किया है। इस अवसर पर एसपी विक्रांत वीर,एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम हरिशंकर लाल, सीओ अंशमान श्रीवास्तव, एनटी अनिल तिवारी, शिवेन्द्र कौंडिल्य, कोतवाल रतन कुमार पांडेय, ईओ नितेश गौरव, मेला मालिक कादम्बरी सिंह आदि मौजूद रहे।

# राखी से कुछ न कहना पापा, नहर किनारे मिली व्यापारी की बाइक, परिजनों में मची चीख-पुकार, पुलिस को हुआ शक

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



नहर में व्यापारी की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई हैं। वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध भी मान रही है। इस ओर भी पुलिस जांच कर रही है। मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र से गुजर रही लोअर गंग नहर, दन्नाहार पुल पर शुक्रवार शाम खाद्य-बीज विक्रेता की बाइक पुलिस को खड़ी मिली। बाइक की तलाश में उसकी डिग्गी में एक सुसाइड नोट मिला। इसमें कर्ज के चलते जान देने की बात लिखी थी। पुलिस-परिजन नहर में कूदने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस शव की तलाश में लगी है।

वाकया शुक्रवार शाम का है। दन्नाहार इंस्पेक्टर वीरेंद्र पाल सिंह गश्त कर रहे थे। तभी दन्नाहार पुल के पास एक लावारिस बाइक खड़ी मिली। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसकी डिग्गी में एक मोबाइल फोन व एक सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में औंछा क्षेत्र के गांव चितई निवासी जितेंद्र पुत्र महावीर सिंह का नाम लिखा था। पुलिस ने पड़ताल की तो पता लगा कि जितेंद्र खाद्य-बीज विक्रेता है और वह घर से गायब है। पुलिस की सूचना पर जितेंद्र के परिजन भी पहुंच गए। देर शाम से लेकर शनिवार शाम तक जितेंद्र की तलाश नहर में की जाती रही। मगर, उसका कोई सुराग नहीं लगा है। जितेंद्र की औंछा के गांव चितई में ही शाक्य खाद्य-बीज भंडार के नाम से दुकान है। इसके अलावा जनसेवा केंद्र भी इसी दुकान के बराबर में है। पुलिस दूसरी ओर मामला संदिग्ध भी मान रही है।

पुलिस को ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि इससे पहले भी दो बार विक्रेता लापता हो चुका है। बाद में घर लौट आया था। पुलिस इस दिशा में भी काम कर रही है कि कहीं जितेंद्र किसी के साथ तो नहीं चला गया है। सुसाइड नोट के जरिये परिजन व पुलिस को भ्रमित तो नहीं किया जा रहा है।

# एमएलके कॉलेज में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा पर्व करतब का समापन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में 11 फरवरी से चल रहे वार्षिक क्रीडा पर्व करतब का शनिवार को समापन किया गया।

जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय, मुख्य नियंता प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह, पूर्व नियंता प्रोफेसर पीके सिंह, प्रोफेसर एम अंसारी, डॉ दिनेश कुमार मौर्य व डॉ एस के त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। डॉ अजहरुद्दीन, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डॉ प्रकाश त्रिपाठी, डॉक्टर साक्षी शर्मा, कृतिका तिवारी, ज्योति सिंह, प्रसाद सिंह, क्रीडा अध्यक्ष डॉक्टर डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करने के साथ-साथ प्रतियोगिता का कुशल संपादन कराया। प्रतियोगिता में 400 मीटर रेस में शिवम तिवारी को प्रथम प्रभु नाथ शुक्ला को व अनुराग श्रीवास्तव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 400 मीटर बालिका वर्ग रेस में खुशी सिंह को प्रथम अंजू यादव को द्वितीय शगुन पाठक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 500 मी रेस बालिका में अंजू यादव को प्रथम, रिंकी यादव को द्वितीय गंगोत्री यादव एवं नीलू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 800 मीटर रिले रेस में डिंपल शर्मा की टीम को प्रथम स्थान तथा शगुन पाठक की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 400 मीटर रिले रेस में मोहित की टीम को प्रथम, शिवम तिवारी की टीम को द्वितीय तथा राजीव की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार छात्रों को मारी टक्कर, तीन छात्रों की मौत

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में कोतवाली देहात से कुछ ही दूरी पर शनिवार दोपहर एक हृदय विदारक सड़क हादसे में तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 22 घटना कोतवाली देहात क्षेत्र में बलरामपुर-श्रावस्ती राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-730 बौद्ध परिपथ पर पीलीभीत के पास की है। हादसे में मृत छात्रों की पहचान अजय कुमार यादव, विकास यादव और शिवम कुमार के रूप में हुई है। अजय और विकास बेला कोड़री के रहने वाले थे।

जबकि शिवम मोतीपुर तुलसीपुर का निवासी था। विकास यादव सुंदरलाल रामलाल इंटर कॉलेज का छात्र था। विजय यादव सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ता था। तीनों छात्र पहले अपने स्कूल गए थे। वहां से आगामी बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र लेकर मोटरसाइकिल से हरिहरगंज की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान श्रावस्ती की तरफ से आ रही एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो छात्रों के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक छात्र की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। परिवारों में कोहराम मच गया है। तीनों मृतक हाई स्कूल के छात्र थे। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने तीनों छात्रों के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि ड्राइवर फरार है तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# आगरा में कितनी सुरक्षित हैं बेटियां...कॉलेज तो छोड़िए घर में भी दहशत, ये मामले बयां कर रही हकीकत



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

शहर से लेकर देहात तक युवतियों पर हमले और धमकाने की घटनाएं सामने आईं। ट्रांसयमुना में प्रॉपर्टी डीलर की बेटी और भतीजी को घर की छत पर चढ़कर नकाबपोश युवकों ने तमंचे दिखाकर डराया। पुलिस ने जांच की। मगर, आरोपी नहीं पकड़े गए। वहीं बीडी जैन में दो छात्राओं से मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने अपनी ओर से केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आगरा के एत्मादपुर क्षेत्र के गांव भीकनपुर के रास्ते पर शुक्रवार दोपहर कॉलेज से घर लौट रही बीए की छात्रा पर एक युवक ने जानलेवा हमला किया। गर्दन पर धारदार हथियार से प्रहार किया। वह लहूलुहान हो गई। हमलावर युवक पैदल आया और भाग गया। परिजन ने बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया। ढाई घंटे बाद पुलिस को सूचना दी। आरोपी युवक घर से फरार हो गया है। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी है। एत्मादपुर क्षेत्र की 21 वर्षीय छात्रा बीए तृतीय वर्ष में पढ़ती है। दोपहर में ढाई बजे वह कॉलेज से घर आ रही थी। गांव के रास्ते पर छात्रा के घर के पीछे रहने वाला अतुल कुमार पैदल आ गया। बताया गया है कि अतुल उसे परेशान कर रहा था। उसने छात्रा का रास्ता रोक लिया।

छात्रा ने विरोध किया। इस पर जेब से धारदार हथियार निकालकर छात्रा की गर्दन पर वार करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर लोगों को आता देखकर आरोपी भाग गया। छात्रा किसी तरह घर पहुंची। घटना की जानकारी दी। परिजन उसे अस्पताल ले गए। मगर, उसे निजी अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। इस पर एसएन मेडिकल कॉलेज ले आए। तब तक परिजन ने पुलिस को सूचना नहीं दी थी। शाम तकरीबन पांच बजे पुलिस को जानकारी दी। इस पर एसीपी एत्मादपुर पियूष कांत राय फोर्स के साथ पहुंच गए। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर में नहीं लिखी हमले की वजह एसीपी पियूष कांत राय ने बताया कि हमले के पीछे वजह परिजन और छात्रा नहीं बता पा रही हैं। फिलहाल हमले की बात की गई है। मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। आरोपी घर से फरार हो गया है। यह भी हो सकता है कि आरोपी छात्रा को परेशान कर रहा होगा।

छात्रा के विरोध पर उस पर हमला बोला गया। हालांकि घरवालों ने मुकदमे में घटना की कोई वजह नहीं लिखी है। यही कहा है कि मोबाइल छीनने के लिए गले पर प्रहार किया। घटना के बाद पुलिस आरोपी अतुल की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पहुंची। मगर, वो नहीं मिला। परिजन से जानकारी ली। आरोपी का मोबाइल बंद है। पीड़ित छात्रा का परिवार दहशत में हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा के लिए कहा है। ...नकाबपोशों ने घर की छत पर लहराए तमंचे, दहशत में युवती आगरा के महावीर नगर निवासी राकेश यादव प्रॉपर्टी डीलर हैं। बृहस्पतिवार को वह शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर में बेटी और भतीजी अकेली थीं। रात आठ बजे एक युवक पड़ोसी के घर की छत से उनके घर की छत पर आया। लोहे की जाल से तमंचा दिखाकर बेटियों को डराने लगा। यह देखकर वह घबरा गईं। उन्होंने शोर मचा दिया। तब आरोपी भाग निकला। कुछ देर बाद आरोपी अपने कई साथियों के साथ छत पर आ गया। सभी ने अपने चेहरे छिपा रखे थे। हथियार लहराते हुए बेटियों को धमकाने लगे। बेटी और भतीजी जोर से चिल्लाने लगीं। इस पर सभी चले गए। मगर, वो डर गईं। घर से बाहर नहीं निकलीं। उन्होंने मंडी समिति चौकी पर शिकायत की। मगर, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर का कहना है कि घटना से दहशत में आई बेटी रिश्तेदारी में चली गई है। थाना ट्रांस यमुना के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिकायत मिली है।

# सीबीएसई बोर्ड के बिजनेस स्टडीज की परीक्षा आयोजित



**बलरामपुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा केंद्र सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 12 के विषय बिजनेस स्ट्डीज की परीक्षा संपन्न हुई । इस परीक्षा में कुल 4 बग्चे पंजीकृत थे, जिसमें से दो बग्चे अनुपस्थित रहे। कुल 39 बग्चों ने सकुशल परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक और संस्थान के प्रधानाचार्य श्री रूमी ने बताया बग्चों को प्रवेश, समय, अनुशासन, और चेकिंग सभी व्यवस्थाएं सीबीएसई बोर्ड के निर्देशों का पूरी तरह से, पूरी गंभीरता से पालन करते हुए ही परीक्षा कराई जाती है। केंद्र पर परीक्षा सभी की मंगल कामनाओं के साथ बहुत अग्छे से आयोजित की जा रही है। केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि परीक्षा के सी बी एस ई बोर्ड के आब्जर्वर लगातार परीक्षा के दरमियान उपस्थित रहते हैं।

# अपहरण के मामले में दोषी को सात वर्ष कारावास

**अंबेडकरनगर।** करीब 15 वर्ष पूर्व थानाक्षेत्र अहिरौली में हुए नाबालिग के अपहरण के मामले में न्यायालय ने मुख्य अभियुक्त को सात साल की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई है। उसे दुष्कर्म के आरोप से मुक्त कर दिया गया। इस मामले में दो अन्य सह अभियुक्तों को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया है।

इसी केस में पूर्व में भी एक सहअभियुक्त को बरी किया जा चुका है। अहिरौली थानाक्षेत्र के एक व्यक्ति ने वर्ष 2011 में खैरा गांव के रमेश उपाध्याय, दिलीप उपाध्याय, साबमती व उसके पति दलसिंगार पर अपहरण का केस दर्ज कराया था।

# थाना कोतवाली गैसड़ी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंच कर डीएम-एसपी ने सुनी समस्यायें, निस्तारण के दिये निर्देश



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

माह के चतुर्थ शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली गैंसडी में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार से अवैध कब्जा न हो, यह राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

24 घंटे के भीतर जलालपुर, सम्मनपुर और जहांगीरगंज में हुई सड़क दुर्घटनाओं में किसान समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वाहनों की तेज रफ्तार हादसों का कारण बनीं। पुलिस ने तीनों घटनाओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र जलालपुर के अशरफपुर भुआ निवासी मंसाराम यादव (52) मजदूरी करते थे। बेटी रेखा (27) ने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है। मंशाराम ने 27 अप्रैल को बेटी का विवाह तय कर रखा था। वह शुक्रवार को मालीपुर में टेंट की बुकिंग कराने गए थे। लौटते समय भदोही के निकट पेट्रोलपंप के पास टैक्सी पकड़ने के लिए वह सड़क किनारे खड़े थे। अपराह्न चार बजे के करीब मालीपुर से जलालपुर जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार उनसे टकरा गया। पुलिस ने मंशाराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक परिवार में अकेले कमाने वाला था। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी भानमति बदहवास हो गईं। बेटी रेखा और 14 वर्षीय ऋषभ का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र सम्मनपुर के इंदलपुर गांव निवासी किसान चंद्रशेखर वर्मा (40) बृहस्पतिवार शाम अपने साढ़ू के घर बरसाएं गांव में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पलई रामनगर में निर्माणाधीन पुलिया के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज लगी कि वह उछलकर 20 फीट नीचे खाई में जा गिरे। हेलमेट न पहने होने के नाते सिर में गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने चंद्रशेखर को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। चंद्रशेखर खेती करके अपने परिवार की जीविका चलाते थे। पत्नी ज्ञानमति, बेटी आस्था (10) और बेटे अर्जित (12) का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना क्षेत्र जहांगीरगंज के खरगूपुर गांव निवासी विजय कुमार (45) बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे सिपांह गांव से निमंत्रण से वापस आ रहे थे। गनपतपुर के पास तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल से हेलमेट नहीं मिला।

# सिद्धार्थनगर ने बलिया को हराकर जीता मुकाबला

**अंबेडकरनगर।** राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को खेल निदेशालय के निर्देश पर तीन दिवसीय ओपन राज्य आमंत्रण महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। शुभारंभ डीआईओएस गिरीश चंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में सिद्धार्थनगर की टीम ने बलिया को हराया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हमारे देश के भविष्य हैं। सभी लोग खेल भावना से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। जो जीतेगा उसे भी अवसर मिलेगा और जो हारेगा उसे भी। बस अपना मनोबल गिराने की आवश्यकता नहीं हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी शीला भट्टाचार्य ने सभी का स्वागत करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की। प्रतियोगिता का पहला मैच जनपद सिद्धार्थनगर व जनपद बलिया के बीच तीन सेट में खेला गया। सिर्द्धाथनगर ने बलिया की टीम को दो सेट में 25-8 एवं 25-19 के अंतर से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। शनिवार को सभी लीग मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रामजीत, देवेंद्र यादव, बलराज सिंह, सईद अहमद खान, अनीश राय, रमाकांत पांडेय, शिवशंकर यादव, संजय कुमार, विनय राजभर, शिवाजीत सिंह, जुगनू ने निभाई। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी आजमगढ़ ने सिराजुद्दीन ने खिलाड़ियों की समस्याओं का समाधान कराया। जिला ओलिंपिक संघ के सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने संचालन किया। इस मौके पर आशाराम वर्मा, अनुपम प्रजापति, वीरेंद्र निषाद, प्रशिक्षक सुमेधा यादव, अदनान अहमद, देशपाल सिंह, अभिषेक उपाध्याय, अमित चौरसिया, शिल्पी गौतम, देशपाल सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रोवर्स रेंजर्स ने मनाया सर स्टीफेन्सन रॉबर्ट का जन्म दिवस



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में रोवर रेंजर्स द्वारा सर स्टीफेन्सन रॉबर्ट बेडन पॉवेल का जन्मदिन (चिंतन दिवस) के रूप में मनाया गया। इस के उपलक्ष में चित्रकला प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रोवर्स रेंजर्स ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय के निर्देशन में तीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका डॉ के पी मिश्रा सहायक आचार्य वाणिज्य विभाग, डॉ पी एन पाठक सहायक आचार्य वाणिज्य विभाग, डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव सहायक आचार्य वाणिज्य, सिद्धार्थ मोहंता, डॉ सुनील शुक्ला, डॉ के के सिंह ने निर्णय की भूमिका का निर्वहन किया। डॉ एस के त्रिपाठी प्रभारी रोवर्स ने कार्यक्रम कर संचालन किया एवं डॉ वंदना सिंह प्रभारी रेंजर्स ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अभिवादन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सर स्टीफेंस लॉर्ड बेडन पॉवेल के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। भाषण प्रतियोगिता में विनोद राठौर बीए चतुर्थ सेमेस्टर को प्रथम स्थान, मोहित वर्मा बीकॉम सेकंड सेमेस्टर को द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान आकांक्षा सिंह बीकॉम सेकंड सेमेस्टर का रहा ।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षा त्रिपाठी बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर द्वितीय स्थान अरुण चौरसिया बीए चतुर्थ सेमेस्टर, तृतीय स्थान प्रांजू मोदनवाल बीए चतुर्थ सेमेस्टर तथा चतुर्थ स्थान इब्रत फातिमा बीएससी सेकंड सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इब्रत फातिमा बीएससी सेकंड सेमेस्टर, द्वितीय स्थान आकांक्षा सिंह बीकॉम सेकंड सेमेस्टर व तृतीय स्थान प्रिया मोदनवाल बीए चतुर्थ सेमेस्टर को प्राप्त हुआ कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय जी ने बग्चों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा भविष्य और भी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की सलाह दी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिया पाण्डेय, खुशी मिश्रा, आशीष कुमार प्रेम शंकर यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# माइनर उफनाई, 10 बीघा फसल जलमग्न

**अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर के रामपुर रामपट्टी गांव में माइनर में अचानक पानी छोड़े जाने से वह उफना गई और 10 बीघा फसल जलमग्न हो गई। आलू के खेत में पानी भर जाने से किसानों का काफी नुकसान हो गया है। शारदा सहायक नहर की सिबलीपुर-अमरौला माइनर से छह से अधिक गांव के किसान अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं। चार माह पूर्व सिंचाई विभाग ने पलई रामनगर से रामपुर गांव तक नहर में सफाई का कार्य कराया।

# उर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया पुलिस टीम को सम्मानित

- पीलीभीत सुरक्षा सम्मान समारोह में एसपी, एएसपी सहित पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित
- सभी पुलिस अधिकारी दिन-रात बिना रुके सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दें- एसपी अविनाश पांडे

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**





उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत के सौजन्य से होटल सॉलिटेयर में पीलीभीत सुरक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद की पुलिस टीम के उत्कृष्ट कार्यों, सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने एवं अपराध नियंत्रण में उनके योगदान को सराहते हुए उन्हें माल्यार्पण, शॉल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया एवं सीओ बीसलपुर डॉ. प्रतीक दहिया को बेहतरीन पुलिसिंग के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एसओजी टीम, कई थानाध्यक्षों एवं महिला पुलिस टीम को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

जिला महामंत्री शैली अग्रवाल ने पुलिस की सराहना करते हुए जनपद को आतंकवाद मुक्त बनाने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने जिले की सभी तहसील एवं थाना स्तर पर व्यापारी प्रकोष्ठ की मीटिंग कराने का प्रस्ताव रखा, जिसे एसपी अविनाश पांडे ने मंच से ही स्वीकार करते हुए इसकी घोषणा की।

### विशेष टीम प्रभारी एवं अधिकारी

- क्रांतिवीर सिंह प्रभारी, सर्विलांस सेल
- सुनील कुमार शर्मा प्रभारी, एसओजी
- व0उ0नि0 ललित चौधरी थाना पूरनपुर
- व0उ0नि0 अमित प्रताप सिंह पीआरओ, पुलिस अधीक्षक
- उ0नि0 गौतम सिंह थाना माधोटांडा
- उ0नि0 आकाश तेवतिया थाना पूरनपुर
- उ0नि0 सन्नी आर्या (थाना पूरनपुर
- उ0नि0 हिशान्त शर्मा थाना पूरनपुर
- उ0नि0 मोहित सिंह थाना पूरनपुर

### व्यापारियों से सुरक्षा बढ़ाने के लिए आग्रह

पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पुलिस अधिकारी दिन-रात बिना रुके सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दें। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा और साथ ही व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह किया।

वहीं अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारी और पुलिस एक परिवार की तरह हैं, और आपसी सामंजस्य से हम सभी को सुरक्षित रखने में हमेशा तत्पर रहते हैं।

### व्यापार मंडल ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की

जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा कि जनपद की पूरी पुलिस टीम एसपी साहब के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य कर रही है, जिससे व्यापारी एवं आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। व्यापार मंडल बिलसंडा के नगर अध्यक्ष अवनीश जायसवाल ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली सराहनीय है, और हमें समय-समय पर उनके अग्छे कार्यों को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे उनका हौसला और बढ़ सके। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, बरेली महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना के नेतृत्व में बरेली से अमरजीत सिंह बक्शी, सुरेंद्र त्यागी, देवेंद्र जोशी, दानिश जमाल, जतिन अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, पोपिंदर सिंह बक्शी, राजा सेठ, आशु बेग सहित कई वरिष्ठ व्यापारी उपस्थित रहे। पीलीभीत से नगर महामंत्री अलाउद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष निर्मित अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री, युवा नगर अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपीश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, फ़राज़ खान, नगर वरिष्ठ मंत्री सईद अल्वी, मोइन खान, पंकज शर्मा, नगर अध्यक्ष बिलसंडा अवनीश जायसवाल, महामंत्री एम. रेहान, युवा अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना, कोषाध्यक्ष अंकित जायसवाल, उपाध्यक्ष राहुल सिंघल एवं राजीव गुप्ता समेत कई व्यापारीगण मौजूद रहे।

### एसओजी एवं पुलिस कर्मी

- हे0का0 अजब सिंह एसओजी, पीलीभीत
- का0 कुलदीप एसओजी, पीलीभीत
- का0 शाहनवाज एसओजी, पीलीभीत
- का0 303 सुमित राठी थाना माधोटांडा
- का0 हितेश तोमर थाना माधोटांडा
- सहित महिला थानाध्यक्ष रीना सिंह को सम्मानित किया गया।

**इस सम्मान समारोह में जिले के गणमान्य व्यापारीगण, उद्योगपति और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस टीम के सराहनीय कार्यों को देखते हुए व्यापार मंडल ने भविष्य में भी इस तरह के सम्मान समारोह आयोजित करने की बात कही।**

### सम्मानित होने वाले अधिकारीयों में

- पुलिस अधीक्षक- अविनाश पांडे,
- अपर पुलिस अधीक्षक- विक्रम दहिया
- सीओ बीसलपुर- डॉ. प्रतीक दहिया

### थाना प्रभारी एवं चौकी इंचार्ज में...

- नरेश त्यागी थाना प्रभारी, पूरनपुर
- अशोक पाल थाना प्रभारी, माधोटांडा
- संजीव कुमार शुक्ला थाना प्रभारी, बीसलपुर
- राजीव कुमार सिंह थाना प्रभारी, कोतवाली पीलीभीत
- पवन पांडेय थाना प्रभारी, सुनगढ़ी
- मनवीर सिंह ठेका चौकी इंचार्ज

### सुरक्षा सम्मान समारोह में इन पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा आयोजित पीलीभीत सुरक्षा सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सहित कई पुलिस अधिकारियों एवं एसओजी टीम को सम्मानित किया गया। उनके उत्कृष्ट कार्यों और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में दिए गए योगदान को सराहते हुए उन्हें माल्यार्पण, शॉल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## धनाराघाट रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से लखीमपुर के मां बेटे की हुई थी मृत्यु

- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों के सुपुर्द किए शव, पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध लिखी प्राथमिकी, तलाश में जुटी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



देर रात मां को लेकर बाइक से बेटी की ससुराल पूरनपुर आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा दिया। घटनास्थल पर मां और बेटे की दर्दनाक मृत्यु हो गई।बेटे रितिक ने दोनों शवों की शिनाख्त की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों के सुपुर्द कर दिए।मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञान वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। पुलिस वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

लखीमपुर-खीरी के गढ़ी रोड के मोहल्ला शांतिनगर निवासी दीपक गुप्ता (50) ठेका देसी शराब के सैल्स मेन थे। शुक्रवार रात लगभग सात बजे अपनी मां शीला देवी (70) को लेकर बाइक से पूरनपुर में अपनी पुत्री की ससुराल आ रहे थे। पीटीआर के हरीपुर रेंज के जंगल से निकले धनाराघाट रोड पर चंदिया हजारा मोड़ के निकट पीछे से रहे अज्ञात वाहन बाइक सवार मां बेटे को रौंद दिया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घटनास्थल पर ही दोनों की मृत्यु हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों के शिनाख्त के प्रयास किए। देर रात तक शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने संपर्क किया। जिसके बाद मृतक दीपक के पुत्र रितिक गुप्ता ने दोनों शवों की शिनाख्त की। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शवों को स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। मां और बेटे का शव घर पंहुचते ही स्वजनों मे चीत्कार मच गया। मृतक दीपक के पांच बग्चे हैं। तीन पुत्रियों की शादी हो चुकी है।

एक पुत्र और एक पुत्री अविवाहित हैं। पुत्र रितिक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी गई है। प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों की मृत्यु हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सुपुर्द कर दिए गए हैं। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है।

### सब्जी विक्रेता पर हुआ जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला।** सराय मोहिउद्दीनपुर पुलिस चौकी से महज चंद दूरी पर बीती रात मुंह बांधे बाइक सवारों द्वारा एक सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला कर दिया गया। जिसमें वह इस कदर घायल हुआ कि मौके पर ही बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे शाहगंज स्थित एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। सिर पर गंभीर घाव होना बताया जा रहा है। चौकी क्षेत्र का जंगीपुर निवासी सब्जी विक्रेता प्रकाश विंद सराय मोहिउद्दीनपुर अखण्ड नगर मार्ग पर सब्जी बेचने का कार्य करता है।

## भारत स्काउट और गाइड द्वारा विश्व चिंतन दिवस का हुआ आयोजन



### कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता

आस्था गंगवार प्रथम, स्वाति द्वितीय, आरुष तृतीय

### पेंटिंग प्रतियोगिता

आर्यन प्रथम, शिवानी द्वितीय

### निबंध प्रतियोगिता स्कूली वर्ग

आयुष शर्मा प्रथम, फैजान हुसैन द्वितीय, आनंद शर्मा तृतीय

### निबंध प्रतियोगिता रोवर/रेंजर वर्ग

अमन कुमार प्रथम, आयुष रस्तोगी द्वितीय, चाहत रिसीवर तृतीय

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, पीलीभीत द्वारा विश्व चिंतन दिवस का आयोजन स्काउट भवन, पीलीभीत में किया गया। यह दिवस स्काउटिंग के जन्मदाता लॉर्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट गाइड द्वारा श्रमदान से हुई, जिसके बाद ध्वज शिष्टाचार और लॉर्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया।

आज के कार्यक्रम में भारत-नेपाल मैत्री उत्सव के अंतर्गत जनपद के चार रोवर/रेंजर - दीपक शर्मा, विनीत, अभिषेक त्रिवेदी और सौम्या अविरल को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार सिटी मजिस्ट्रेट एवं जिला मुख्यायुक्त विजय वर्धन तोमर, अपर जिलाधिकारी सदर महिपाल और नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर कार्ड मेकिंग, पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता इस प्रकार रहें।

### अधिकारियों ने किया स्काउट-गाइड को प्रोन्साहित

सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने कहा कि स्काउट गाइड सेवा और अनुशासन का प्रतीक है, और उन्होंने जनपद के सभी स्काउट-गाइड से राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।



अपर जिलाधिकारी महिपाल ने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों को अनुशासन में रहना सिखाती है, जो उनके भविष्य के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे ने किया। इस अवसर पर जिला रेंजर आयुक्त डॉ.दरख्शा अजहर, जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सचिन सक्सेना, आईटी कोऑर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति, प्रशिक्षक योगेश मौर्य, सचिन पटेल, अरुण, कृष्ण और शिवशु सहित अन्य स्काउट-गाइड उपस्थित रहे।

## भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव, सभ्यता व संस्कृति का संगम: पुलिस अधीक्षक

- भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव से और मजबूत होंगे दोनों देशों के संबंध- एसपी अविनाश पांडे

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**





**पीलीभीत।** संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गांधी प्रेक्षागृह परिसर में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भारत और नेपाल की कला एवं संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी वि./रा. ऋतु पूनिया, जिला विकास अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर, नगर पालिका अध्यक्षा आस्था अग्रवाल, सहायक निदेशक संस्कृति विभाग डॉ. राजेश अहिरवार, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार की उपस्थिति में किया गया।

### भारत-नेपाल की मैत्री को मिलेगा नया आयाम

पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव दोनों देशों की सभ्यता व संस्कृति के संगम का प्रतीक है। इस आयोजन से लोग एक-दूसरे की संस्कृति को करीब से जान सकेंगे और रोटी-बेटी का संबंध और मजबूत होगा। उन्होंने इसे भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

वहीं मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह ने कहा कि भारत और नेपाल का संबंध सदियों पुराना है। ऐसे आयोजन दोनों देशों के आपसी सौहार्द और भाईचारे को और मजबूत करेंगे।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम की शुरुआत में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहायक निदेशक डॉ. राजेश अहिरवार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नेपाल सीमा से सटे आठ जिलों में यह महोत्सव



आयोजित किया जा रहा है, जिसका समापन 23 फरवरी को पीलीभीत में होगा। महोत्सव के दौरान भारत-नेपाल सांस्कृतिक मैत्री यात्रा, लोक नृत्य, व्यंजन एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी, भारत-नेपाल फ्यूजन बैंड शो, पर्यटन व्यू क्लिक ऑन स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता, उत्तर प्रदेश के लोकरंग, भारत-नेपाल लोकप्रिय गायन, सांस्कृतिक चित्र प्रदर्शनी, नृत्य नाटिका 'रघुनंदन' एवं 'समुद्रमंथनम्' जैसी विविध प्रस्तुतियां हुईं।

कार्यक्रम में भारत-नेपाली फ्यूजन बैंड शो, लोक नृत्य, नेपाली लोकगीत, राजस्थानी लोकनृत्य, ब्रजरास, पारंपरिक नेपाली नृत्य मगर नृत्य, बधाई नृत्य, भारतीय एवं नेपाली परिधान प्रदर्शन शो जैसे आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

गायिका हिमानी कपूर की शानदार प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। नेपाल से आए कलाकारों ने नेपाली मगर नृत्य समेत कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन पर दर्शकों ने तालियों की गूंज से खुशी जाहिर की। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव ने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और सशक्त किया और दर्शकों को भारत और नेपाल की कला, संगीत, नृत्य व संस्कृति की अनोखी झलक देखने का अवसर प्रदान किया।

## बोर्ड की परीक्षा ड्यूटी प्रक्रिया में धांधली का आरोप

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिले के करंजाकला विकासखंड स्थित बीआरसी कार्यालय पर यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी करने को लेकर शिक्षकों ने धांधली का आरोप लगाया है। शिक्षक नेताओं ने इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय करंजाकला में कंपोजिट विद्यालय नरौली में तैनात सहायक अध्यापक लक्ष्मण पाठक ने करंजाकला एआरपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी हर वर्ष लगा दी जाती है। कुछ चयनित अध्यापकों को का ही बार-बार बोर्ड की परीक्षा में ड्यूटी लगाई जाती है। इसमें कोई रोस्टर व्यवस्था का पालन नहीं किया जाता है। खंड शिक्षा अधिकारी इस मामले पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं देते हैं। एआरपी कभी कार्यालय में मिलते हैं और नियमावली समझाते हुए दुर्व्यवहार असभ्यता की बात करते हैं। अपना कार्य छोड़कर क्लर्क चपरासी व अन्य कार्य में लगे रहते हैं। चहेतों की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी नहीं लगाते। जब जरूरत समझते हैं मनचाहा ड्यूटी लगाते हैं। इसके अलावा शिक्षक नीतू पाठक ने भी एआरपी पर आरोप लगाया कि उनके साथ असभ्यता का रवैया अपनाते हैं और उनकी ड्यूटी सभी परीक्षाओं में लगा दी जाती है। मामले पर लक्ष्मण पाठक व नीतू ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस तरह और भी शिक्षकों ने ड्यूटी प्रक्रिया में धरने का आरोप लगाया। इस बारे में नीतू पाठक ने कहा कि करंजाकला एआरती भेदभाव का रवैया अपनाते हैं परेशान करने के लिए वह गलत तरीके से ड्यूटी लगाते हैं। जिसकी शिकायत अधिकारियों से की गई है।

## शांति भंग में आठ लोगों का हुआ चालान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अ ल ग अ ल ग स्थानों पर हुए मामूली कहासुनी के दौरान हुई




मारपीट पर पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के भादी गांव निवासी शाहिद पुत्र कलीमुल्ला, पक्खनपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार पुत्र लालता प्रसाद, ताखा पश्चिम गांव निवासी शनि वर्मा पुत्र राजेश वर्मा, खरौना गांव निवासी दुर्गेश कुमार पुत्र लालमनी राजभर, किशन राजभर पुत्र सियाराम, गोविंद पुत्र किशन राजभर,व सरपतहा थाना क्षेत्र के गैरवाह नजोपुर गांव निवासी धमेंद्र कुमार पुत्र मधुबन, फागू पुत्र रामधनी राजभर, को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने शांति भंग की धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।

## बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं जनपद के परिषदीय विद्यालय: डीएम

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




जिले के मुफ्तीगंज ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी में शनिवार को हुये वार्षिकोत्सव में नौनिहालों के उत्कृष्ट प्रतिभा की तारीफ करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद सिंह ने कहा कि विद्यालय वह जगह है जहां बग्चों का सर्वज्ञ विकास होता है। यहां के बग्चों की प्रस्तुति व कार्यक्रम का संचालन कर रही बग्ची के प्रतिभा को देखकर लगता है कि परिषदीय स्कूल के बग्चों में असीम प्रतिभा है। बस जरूरत है उनको उचित मंच मिले। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक व पूरे स्टाफ की भूरि भूरि प्रशंसा की। विशिष्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा कि यहां के बग्चों की प्रतिभा को देखते हुए कहा जा सकता है कि परिषदीय विद्यालयों की भौतिक परिवेश हो या शैक्षिक वातावरण बग्चों में आप विश्वास की बात हो यह हर तरह से कॉन्वेंट स्कूलों से आगे है। उन्होंने विद्यालय विकास में पूर्ण सहयोग की बात कही। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने मुख्यालय से सुदूर इस कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी को लगन और मेहनत से संवारा है की जिसका परिणाम है आज यह बेसिक शिक्षा परिषद जौनपुर का वास्तव में तारा है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन सिंह ने कहा कि यहां आकर मुझे आप अप्रत्याशित लगा वाकई में परिषदीय विद्यालयों के प्रति शिक्षकों का कार्य बहुत ही सराहनीय है। खंड शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल ने परिषदीय विद्यालय की योजनाओं पर गीत सुनाकर विभाग के कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। इसके पहले जिलाधिकारी ने माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। विद्यालय के बग्चों ने सरस्वती वंदना पर प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय के कई छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह ने किया।

कार्यक्रम का विद्यालय की छात्रा संचालन दिव्यांशी शुक्ला व दीक्षा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीडीओ अस्मिता सेन, विंध्यवासिनी उपाध्याय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री सतीश पाठक, संयुक्त मंत्री शैलेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल जिला संगठन मंत्री रामसिंह राव प्रचार मंत्री मनोज सिंह प्रदीप राय विपुल राय गोपाल सिंह अनूप दीक्षित विशाल सिंह दशरथ राम, सग्चिदानंद, प्रियंका सिंह मधुरानी संदीप, अमित कुमार अवनीश सिंह अनिल पांडे रीता देवी सुनीता यादव संतोष कुमार बासुदेव सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## तहसील कलीनगर में मिशन शक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

शनिवार को तहसील कलीनगर में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बीए एलएलबी और एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रशासनिक और न्यायिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही कि छात्रा अंशिका पाल ने एक दिन के लिए उप जिला अधिकारी (एसडीएम) की भूमिका निभाई। उन्होंने प्रशासनिक प्रक्रिया को नजदीक से समझा और जनता की समस्याओं को सुनने, विश्लेषण करने एवं समाधान निकालने की प्रक्रिया में भाग लिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह ने छात्रों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया और उनके सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम में आंशिका पाल, दामिनी पल, पिंकी पाल, फुला देवी, रुचि देवी, रमन कुमार वर्मा, मनोज पाल, नितेश पांडे, चरन जीत वर्मा, गुलनावाज़ अहमद खान सहित कई छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के प्रोफेसर ज़ामिन अली और तसलीम बेग के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। छात्रों ने इसे एक शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया, जिससे उन्हें प्रशासनिक तंत्र को बेहतर तरीके से समझने का अवसर मिला।

# नोन नदी का रामपुर से बिठूर तक होगा चौमुखी विकास, डीएम ने भूमि पूजन कर किया श्रमदान





जिलाधिकारी द्वारा इस कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण किये जाने तथा इस नदी के जीर्णोद्धार के विजन की सराहना की गयी। इस नदी के किनारे जहां सुगम हो वहां बैठने हेतु टिन शेड व बेंच की व्यवस्था की भी जाए तथा जिन स्थानों पर मनरेगा से कार्य हो वहां पर मनरेगा नियमों/ दिशा-निर्देशों का पालन किया जाय। मा0 ब्लाक प्रमुख द्वारा आश्वासन दिया गया कि विकास खण्ड शिवराजपुर में जहां पर भी उपयुक्त स्थल होंगे वहां पर क्षेत्र पंचायत निधि से टीन शेड व बेंच लगायी जायेंगी। मा0 विधायक, बिल्हौर व मा0 ब्लाक प्रमुख द्वारा जिला प्रशासन द्वारा कराये जा रहे कार्य की सराहना की तथा इस कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया गया।

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

नोन नदी का उद्गम कन्हैया झील से है, जहां से 48 किमी0 का सफर करते हुए विकास खण्ड शिवराजपुर की 20 ग्राम पंचायतों, चौबेपुर की 09 ग्राम पंचायतों व कल्यानपुर की 02 ग्राम पंचायतों से प्रवाहित होकर बिठूर में गंगा नदी में मिलती है। इस नोन नदी का ड्रोन सर्वे कराये जाने पर लगभग 16 किमी0 नदी में मनरेगा से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों द्वारा कार्य कराया जाना है। इस कार्य को 104 दिवसों में पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य है, जिसे प्रत्येक विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा एक साथ कराया जायेगा। खण्ड विकास अधिकारी, शिवराजपुर के द्वारा बताया गया कि विकास खण्ड शिवराजपुर की ग्राम पंचायत रामपुर नरूआ में नून नदी पर कार्य हेतु दिनांक 22-02-2025 को 48 श्रमिकों के मस्टर रोल निर्गत किये गये हैं। नोन नदी के जीर्णोद्धार से जल प्रवाह सुगम होगा जिससे जल स्तर में वृद्धि होगी तथा नदी के आस-पास के किसानों को खेती में सिंचाई हेतु जलापूर्ति भी हो सकेगी।

बिल्हौर तहसील के ग्राम पंचायत रामपुर नरूआ, विकास खण्ड शिवराजपुर में नोन नदी का जीर्णोद्धार मनरेगा योजना से किये जाने हेतु शनिवार से कार्य प्रारम्भ किये जाने के कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में राहुल बच्चा सोनकर, शुभम् बाजपेयी, ब्लाक प्रमुख शिवराजपुर, सत्यवीर सिंह, प्रतिनिधि सांसद जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, दीक्षा जैन मुख्य विकास अधिकारी, पी.एन.दीक्षित परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, चन्द्र मोहन कनौजिया उपायुक्त श्रम रोजगार, बलराम खण्ड विकास अधिकारी, शिवराजपुर, चन्द्र मणि खण्ड विकास अधिकारी, चौबेपुर, छविराम यादव, ग्राम पंचायत रामपुर नरूआ, आदर्श मिश्र, ग्राम पंचायत नदिहा बुजुर्ग, रंजीत यादव, ग्राम पंचायत हरनू कंचन राना, ग्राम पंचायत नदिहा खुर्द व ग्राम सचिव अंजलि पाण्डेय व विकास खण्ड कार्यालय का कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में निःशुल्क सहयोग प्रदान किये जाने हेतु शान्त्योदय स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित थीं।

# श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु महादेवा मेले की व्यवस्थाएं हुई चाक-चौबंद

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

जनपद की रामनगर तहसील स्थित प्राचीन लोधेष्वर महादेव मन्दिर महादेवा में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये पधार रहे हैं। बीती 21 फरवरी को जिलाधिकारी शषांक त्रिपाठी ने मेला परिसर एवं अन्य आवश्यक स्थलों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कमियों को तत्काल ठीक कराने के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे। जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने सारी कमियां दूर करने का प्रयास किया। जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत बाराबंकी बहराइच मार्ग पर हाईवे के किनारे तीन जगहों पर यथा दल सराय, किनहौली, और रामपुर खरगी में विश्राम स्थल बनाए गए हैं। कुछ श्रद्धालु बड़नपुर डिपो घाट पर स्नान हेतु जाते हैं, वहां पर भी प्रकाश की व्यवस्था, चेंजिंग की व्यवस्था तथा गोताखोरों की तैनाती कर दी गई है। खाद्य सुरक्षा की टीम लगातार भ्रमणशील रह श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जांच कर रही है। महादेवा कॉरिडोर के पास शौचालय में पाइप लाइन में टोटी लगाने के कार्य पूरे किए जा चुके है। साथ ही मेला परिसर में जिला पंचायत द्वारा पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है। मेला परिसर में कैमरे लगाने का कार्य भी अधिकारियों द्वारा किया जा चुका है। मेला क्षेत्र स्थित तीनों पार्किंग स्थलों पर कैमरे और उचित प्रकाश व्यवस्था कर ली गई है। मेले में संचालित अस्थायी दुकानों पर नम्बर लगाये जाने एवं रेट लिस्ट लगाये जाने की कार्यवाही की जा रही हैं। सफेदाबाद से असेनी मोड़ तक प्रकाश की व्यवस्था कर ली गई है। मेला परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सहित मेला परिसर के सभी शौचालयों की मरम्मत करा ली गयी हैं। रास्ते से कूड़ा-कड़कट झाड़ियों की सफाई का कार्य कराया जा चुका है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में डिपो घाट ग्राम पंचायत बड़नपुर में ग्राम पंचायत बड़नपुर द्वारा सोलर लाइट लगाने का कार्य हो चुका है। बंकी, मसौली व रामनगर रास्ते विभिन्न स्थानों पर प्याऊ व शरबत आदि व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गयी है। मेला परिसर में सीसीटीवी कमरों की संख्या बढ़ा दी गई है, जिससे कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही ड्रोन कैमरे से भी लगातार निगरानी की जा रही है।

# डीएम ने किया एलआईएस सिस्टम का उद्घाटन



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

शनिवार को जिला महिला चिकित्सालय में डीएनबी लाइब्रेरी तथा पैथालॉजी विभाग में स्थापित हारमोनल मशीन एवं एलआईएस सिस्टम का उद्घाटन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, सीएमओ की मौजूदगी में किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीएनबी नोडल, डीएनबी फैकल्टी, डीएनबी कोर्स प्रशिक्षार्थी एवं चिकित्सालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। जिला महिला चिकित्सालय में डीएनबी डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं हार्मोनल जॉच की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अब चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओ की थायराइड, कैंसर, बॉझपन आदि से संबंधित जाँचे नियमित होंगी जिससे जनता लाभान्वित होगी।

# बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**शुक्लागंज।** गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्टेटिक मजिस्ट्रेट बृजेश कुमार, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक राखी कटियार और परीक्षा प्रभारी शिव सिंह ने शिरकत की। बैठक में परिषदीय विद्यालयों से आए लगभग 29 शिक्षकों को बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान परीक्षा की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट बृजेश कुमार ने परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने शिक्षकों से परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। साथ ही, परीक्षा के दौरान होने वाली किसी भी अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक और प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने कक्ष निरीक्षकों के साथ अलग से बैठक कर उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की।
उन्होंने परीक्षा के दौरान छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए।
बैठक में शामिल शिक्षकों ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य तकनीकी पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया।
विद्यालय के शिक्षकों ने बैठक की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह बैठक बोर्ड परीक्षाओं के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इसमें परीक्षा की शुचिता, व्यवस्था और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।
शिक्षकों और अधिकारियों ने परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और सुचारू बनाने का संकल्प लिया।

# गरीब परिवारों को नही मिल रहा है शिक्षा का लाभ: आशु चौधरी

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश संगठन मंत्री आशु चौधरी ने मंडल कार्यालय पर शनिवार को एक प्रेसवार्ता करके वर्तमान सरकार को विभिन्न मुद्दों को लेकर घेराबंदी करते हुए आड़े हाथो लिया और जमकर सरकार पर जुबानी तीर चलाये। उन्होने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश मे सरकार ने कुछ समय पहले शिक्षा मित्रो को सहायक अध्यापक के पद से हटाकर उन्हे पुनः शिक्षामित्र बना दिया जिससे तमाम परिवारो मे बहुत सी कठिनाईयां पैदा हो गयी इसी के साथ मे प्रदेश मे स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता इतनी बढ़ गयी है कि आम आदमी का सरकारी अस्पतालो मे इलाज होना दूभर हो रखा है इसी तरह जो भी सरकारी व्यवस्थायें है वो सिर्फ और सिर्फ कागजो पर ही संचालित है अब अगर जनता को सरकारी सुविधाये चाहिए तो आप आम आदमी बनकर कत्तई नही ले सकते है यदि आप प्रभावशाली व्यक्ति तब आपको सरकार बहुत ही आराम से सुविधायें उपलब्ध कराएगी कहने को सरकारी विद्यालयों यदि किसी बच्चे को दाखिला लेना है तो कागजो पर स्कूल यूनिफार्म जूते बैग इत्यादि सामग्री उपलब्ध करवाना विद्यालय की पूरी जिम्मेदारी है लेकिन किसी गरीब परिवार को शिक्षा और सुविधा मिल पाना इस सरकार इतना आसान बिल्कुल नही है। इस दौरान मध्याचल सचिव अनुज सिंह, युवा जिलाध्यक्ष रोहित द्विवेदी, युवा जिला प्रभारी विशाल वर्मा, युवा मीडिया प्रभारी चंदन बाजपेई आदि किसान नेता मौजूद रहे। वहीं आगामी 1 मार्च को आंदोलन करते हुए हजारों किसान सरकार से जवाब मांगते हुए बृहद स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

# कोतवाली गंगा घाट में समाधान दिवस पर पहुंचे फरियादी



जन एक्सप्रेस । पंकज यादव

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी और गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं, लेकिन मामलों के पेंचीदा होने के कारण किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इससे फरियादी मायूस होकर लौट गए। फरवरी महीने के चौथे शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से कई फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की थीं। दोपहर के समय नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी मौके पर पहुंचीं और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल आठ लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से सात मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे, जबकि एक मामला पुलिस से जुड़ा हुआ था। हालांकि, मामलों की जटिलता के कारण किसी भी शिकायत का तत्काल निस्तारण नहीं हो सका। नायब तहसीलदार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। फरियादियों ने उम्मीद जताई थी कि उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान होगा, लेकिन ऐसा न होने पर वे निराश हो गए।

# समाधान दिवस में एएसपी ने क्रॉस चेक के जरिए जानी हकीकत, दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस । बस्ती



बस्ती जिले के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों की अधिकता रही। प्रभारी एसपी/ एएसपी ओमप्रकाश सिंह ने कप्तानगंज थाने के समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। यहां उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान प्रभारी पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने क्रॉस चेक के जरिए हो रहे समाधान का हकीकत जाना। उन्होंने जनता से सीधे फोन करके उनकी पहले की समस्या के बारे में जानकारी लिया।
प्रभारी पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर प्रभावी निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि और होली के मद्देनजर क्षेत्र में पूरी तरह सक्रियता बरती जाए। होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण करने का आदेश दिया और कहा कि साथ ही पूर्व में अगर कोई विवाद रहा तो उसे क्रास चेक कर लें। समाधान दिवस के दौरान राजस्व के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। हर्रैया, छावनी, कोतवाली, पुरानी बस्ती, कलवारी, परसरमपुर, पैकोलिया सहित सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# बीईओ और विधायक ने किया बिल्हौर ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर





बिल्हौर ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रांगण में खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय संगठन एवं उन्मुखीकरण की कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला का शुभारंभ माननीय विधायक बिल्हौर राहुल बच्चा सोनकर द्वारा मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया कार्यशाला में बिल्हौर विकासखंड के समस्त ग्राम प्रधान, परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभा किया कार्यालय की संक्षिप्त रूपरेखा डॉ राधा मोहन कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह द्वारा कार्यशाला के उद्देश्यों प्रधानाध्यापक व प्रधान के आपसी संबंध पर बल दिया आगे अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखंड के 95त्न विद्यालय से ऑपरेशन कायाकल्प के 22 पैरामीटर से पूर्ण संतृप्त हैं। ग्राम प्रधान मकनपुर मजाहिर हुसैन, गजना प्रधान अक्षम कटियार, रहीमपुर करीमपुर प्रधान विनोद कुमार, खजूरी प्रधान विपिन कटियार बिल्हौर देहात पधान वीरेंद्र कटियार, प्रधान संघ अध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह राजावत ने अपने संबोधन में परिषदीय विद्यालयों के उत्थान में आपसी संबंध पर बल दिया। विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने शिक्षक प्रशांत त्रिवेदी को सम्मानित करते हुए शासन की योजनाओं को विद्यालय में शतप्रतिशत पहुंचाने की अपील की शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। मंच का संचालन आरती सिंह द्वारा किया गया सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। प्राथमिक विद्यालय औरंगपुर साभी की प्रधानाध्यापिका द्वारा छात्रों को मानसिक विकास कैसे होता है प्रदर्शन किया गया।
गोहलियापुर के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया छात्रों को मेडल व स्टेशनरी देकर पुरस्कार किया गया खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आए हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया प्रतीक चिन्ह भी भेंट किए गए इस मौके पर सभासद देवेंद्र सविता दिसंबर शिक्षक नीरज कटियार, अनुराग कटियार, अजय, रामानंद त्रिवेदी, चंद्रशेखर, अली अनवर जाफरी, उम्मीद अली, देवनारायण यादव, आशा कटियार, रेखा भांतू, नीलम कनौजिया, सौरभ कटियार, धर्मेंद्र कटियार, प्रशांत कटियार, टीआरपी दीपक सक्सेना, सत्येंद्र मिश्रा, चंद्राकर वाजपेई, शबाना परवीन आदि उपस्थित रहे।

# हाइवे पर बे-ढंग खड़े वाहनों पर की कार्यवाही, 12 का हुआ चालान

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



हाईवे पर सड़क सुरक्षा नियमों एवं दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने चेंकिग अभियान चलाया। एआरटीओं प्रवर्तन की टीम नें हाइवें स्थित अवैध ढाबों, होटल, वर्कशॉप के सामने बे-ढंग खड़े 12 वाहनों के चालान किये। एआरटीओं प्रशासन प्रवर्तन श्रीमती शुक्ला नें वाहन चालकों कों जागरुक करते हुए कहा कि हाईवे स्थित होटल, मोटर वर्कशॉप, अवैध दुकानों पर सही स्थान पर वाहन खड़ा करे। इसके उपरान्त एआरटीओं नें हाइवें स्थित ढाबा संचालकों कों सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुयें जागरुक किया। इसके साथ ही टीम ने जनपद के ब्लैक स्पाटो का भी निरीक्षण किया। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी रामयतन यादव मौजूद रहे।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष व महामंत्री का रसूलाबाद में हुआ भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**मियाँगंज।** कस्बा रसूलाबाद में प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा व महामंत्री भानू सिंह चन्देल,मो0 जमाल, नफीस अहमद सहित टीम का वरिष्ठ पत्रकार अजीजुद्दीन अंसारी की अगुवाई में माला पहनाकर स्वागत शीबू अहमद पत्रकार राष्ट्रीय सहारा, सोने सिंह पत्रकार आज, ज़ियाउल हक अंसारी पत्रकार आज एवं अन्य लोगों द्वारा फूल मालाओं एवं ढोल नगाड़ों से किया गया। प्रेस क्लब रसूलाबाद कार्यालय का फीता काटकर अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अपनी अलग पहचान रखने वाले डॉ मूसा अंसारी व चेयरमैन प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, समाजसेवी खालिद अंसारी का पत्रकारों के समूह ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अजीजुद्दीन अंसारी, शीबू अहमद, ज़ियाउल हक अंसारी, सोने सिंह, खालिद अंसारी, ताहिर अंसारी, तुषार दिवाकर, शरद कुशवाहा, वारिस खान, साहिल, मोहम्मद आरिफ, मारूफ खान, सुहेल खान, वारिश खान, पप्पू खान, सलीम कुरैशी, मोहम्मद सैफ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महर्षि दयानंद सरस्वती स्कूल के बच्चों ने फ्रूट पार्टी में मचाया धमाल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में शनिवार को एक रंगारंग फ्रूट पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी में विद्यालय के पीजी और एलकेजी कक्षाओं के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चे फलों की वेशभूषा में पहुंचे और उन्होंने पार्टी में खूब मस्ती की। फ्रूट पार्टी के दौरान बच्चों ने विभिन्न फलों के मॉडल और वेशभूषा पहनकर सभी का मन मोह लिया। सेब, केला, संतरा, अंगूर और तरबूज जैसे फलों के रूप में सजे बच्चों ने पार्टी में रंग भर दिया। इस दौरान बच्चों ने न केवल फलों का आनंद लिया, बल्कि उनके बारे में जानकारी भी हासिल की। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा श्रीवास्तव ने बच्चों को फलों के पोषण और उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को फलों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रभात शुक्ला ने भी बच्चों को फल खाने के फायदे बताए और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए फलों का सेवन करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

# नाली में पाइप डालने के दौरान हुए विवाद की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

- तोड़फोड़ करने व धमकाने आदि की धाराओं में प्रधान प्रतिनिधि समेत चार लोगों पर मुकदमा दज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एतबारपुर निवासी महिला के घर में घुसकर तोड़फोड़, गाली गलौज, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी एवं घरेलू समान उठा ले जाने ले जाने की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव एतबारपुर निवासी देवेंद्र प्रकाश शुक्ला की पत्नी पुष्पा शुक्ला ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसके घर की दीवार से मिला प्राइमरी स्कूल है। करीब एक सप्ताह पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि स्कूल का गंदा पानी पाइप डालकर निकालने के लिए पीड़िता की दीवार को दोपहर में तोड़ रहे थे। बताया कि इसका विरोध करने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर प्रधान प्रतिनिधि एवं अन्य तीन लेबर घर में घुस कर मारपीट एवं घरेलू कीमती सामान तोडने लगे और प्रार्थिनी के घर से कीमती सामान उठा कर ले जाने लगे। शोर मचाने पर गाँव के काफी लोग इकट्ठा हो गये तो वह सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने गली गलौज, मारपीट, तोड़फोड़ करने व धमकाने आदि की धाराओं में प्रधान प्रतिनिधि समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# ट्रंप का कई नेताओं के साथ पॉजिटिव इतिहास नहीं: विदेश मंत्री एस जयशंकर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दुनिया के कई नेताओं के साथ सकारात्मक इतिहास नहीं रहा है। मगर पीएम मोदी के मामले में बात अलग है। दिल्ली विवि के साहित्य महोत्सव में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में उनसे मिलने के लिए आमंत्रित किए जाने वाले शुरुआती विश्व नेताओं में से एक थे। मेरे पास तुलनात्मक आकलन के रूप में कुछ संदर्भ बिंदु और कुछ अनुभव हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं पूरी निष्पक्षता के साथ कहूंगा कि मुझे लगा कि यह बहुत अच्छा रहा और इसके कई कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बहुत ही मजबूत राष्ट्रवादी हैं और वे इसे एक तरह से प्रदर्शित करते हैं। ट्रंप भी अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं और मुझे लगता है कि कई मायनों में राष्ट्रवादी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप स्वीकार करते हैं कि मोदी भारत के लिए हैं। मोदी स्वीकार करते हैं कि ट्रंप अमेरिका के लिए हैं। दूसरी बात यह है कि दोनों के बीच अच्छी केमिस्ट्री है। क्योंकि ट्रंप कुछ हद तक असामान्य हैं। दुनिया में ऐसे कई अन्य नेता हैं जिनके साथ उनका सकारात्मक इतिहास नहीं रहा है और मोदी जी के मामले में ऐसा नहीं है। यूएसएआईडी को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के लोगों ने कुछ जानकारी सामने रखी है। यह चिंताजनक है। हम इसकी जांच कर रहे हैं। मेरा मानना है कि तथ्य सामने आएंगे। यूएसएआईडी को सद्भावनापूर्वक, सद्भावनापूर्ण गतिविधियां करने की अनुमति दी गई थी। अब अमेरिका से सुझाव दिए जा रहे हैं कि कुछ ऐसी गतिविधियां हैं जो दुर्भावनापूर्ण हैं। यह चिंताजनक है और अगर इसमें कुछ है तो देश को पता होना चाहिए कि इसमें कौन लोग शामिल हैं।

### हनुमान, राम, रावण और लंका का किया जिक्र

कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हनुमान, राम, रावण और लंका का जिक्र किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, जब आप विदेश नीति कूटनीति कहते हैं, तो यह किस बारे में है? यह है एक सामान्य ज्ञान, एक तरह से आप अपने दोस्तों को अधिकतम करते हैं? उन सभी को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं और अंत की ओर काम करें। अब, इस प्रकार का गठबंधन निर्माण बहुत महत्वपूर्ण है। मंत्री एस जयशंकर ने हनुमान जी का उदाहरण दिया। कहा कि हनुमान जी सीता मां का पता लगाने के लिए हनुमान जी को लंका भेजा गया था। वह वहां शत्रु की भूमि में जाकर स्थिति का पता लगाएं। उस दौरान सबसे कठिन यह था रावण से हनुमान जी मिलें और मनोबल बनाए रखें। हनुमान जी वास्तव में खुद को आत्मसमर्पण करके रावण के दरबार में जाने में सक्षम हैं। वह अदालत की गतिशीलता को समझने में सक्षम हैं।

# अनैतिक देहव्यापार के आरोप में महिला समेत तीन गिरफ्तार, 3 महिलाओं को रेस्क्यू करके छुड़ाया गया

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




ट्रांस हिंडन परिक्षेत्र में देह व्यापार के आरोप में कौशांबी थानांतर्गत वैशाली इलाके में सेक्टर 5 के आवासीय फ्लैट पर पुलिस ने छापा मारकर 1 महिला समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 3 महिलाओं को रेस्क्यू करके अनैतिक देहव्यापार के धंधे से बाहर निकाला गया। सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव और कौशांबी थाना पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की जांच किया जा रहा था। जिसके क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अनैतिक देहव्यापार होने की खबर का संज्ञान लेते हुए वैशाली सेक्टर 5 के प्लॉट संख्या 660 के ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट पर छापेमारी किया। जहां अनैतिक देहव्यापार करते मामले का खुलासा हुआ । मौके से 3 महिलाओं और 1 ग्राहक, 1 महिला संचालिका और 1 मैनेजर मय आपत्तिजनक सामग्री के साथ पकड़ा गया। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अजय कुमार मिश्र के कड़े निर्देश के बाद भले स्पा सेंटरों पर ताले लगे हो अथवा अनैतिक कार्यों में कमी आई हो लेकिन अनैतिक देह व्यापार का धंधा बंद नहीं हो पा रहा है। संगठित गिरोह और मोटी आमदनी के कारण चोरी छिपे रिहायशी इलाकों के फ्लैटों, बड़ी बड़ी सोसायटियों के फ्लैटों समेत शॉपिंग कॉम्प्लेक्स समेत बड़े बड़े नामवर होटलों में ऐसे अनैतिक धंधे बदस्तूर जारी हैं। इस धंधे के मास्टर माइंड कहे जाने वाले लोग अंजान चेहरों को आगे करके ऐसे कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। वैशाली क्षेत्र के एक बहुप्रसिद्ध होटल तो साप्ताहिक दिनों में रातों में विदेशी कलाकारों की महफ़िल सजाने के लिए मशहूर है। चूंकि मामला बड़े और रसूखदारों का है, इसलिए महफिलों की आवाज़ बाहर नहीं जाती, लेकिन इनके रसूखदार ग्राहकों को सारी सुविधाएं बिना बाधा के मिलती हैं। जिस तरह से पुलिस कमिश्नर ने शराबियों के खिलाफ़ जोरदार अभियान चला रखा है उसी प्रकार एक माह ऐसा अभियान होटल, रेस्टोरेंट और ओयो होटलों के खिलाफ भी चलाए जिससे कुछ अंतराल केलिए ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लग सके।

# कोई कानूनी आधार नहीं

## एक्स से भगदड़ के वीडियो हटाने की रेल मंत्रालय मांग पर बोलीं मोइत्रा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा शनिवार को रेल मंत्रालय की आलोचना की। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में हुई भगदड़ की तस्वीरें-वीडियो एक्स से हटाने की मंत्रालय की मांग का कोई कानूनी आधार नहीं है। उन्होंने मंत्रालय के इस दावे को भी बेबुनियाद बताया कि ऐसे वीडियो कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकते हैं। मोइत्रा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रेल मंत्रालय के पास ऐसा कोई कानूनी आधार नहीं है, जिसके तहत वह एक्स से वीडियो हटाने को कह सके। रेलवे का यह दावा कि ये वीडियो कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकते हैं, पूरी तरह से बकवास है। सूत्रों के मुताबिक, रेल मंत्रालय ने एक्स को 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के परेशान करने वाली तस्वीरों और वीडियो हटाने को कहा। मंत्रालय ने नैतिक मानदंडों और मंच की सामग्री (कंटेंट) नीति का हवाला देते हुए 17 फरवरी को नोटिस भेजा और 36 घंटे में कार्रवाई करने को कहा था। इससे पहले बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ मामले में जनहित याचिका (पीआईएल) का जवाब रेलवे से मांगा था। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई थी। पीआईएल में आरोप लगाया गया है कि यह भगदड़ प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर भीड़-भाड़ के कारण हुई, क्योंकि कई लंबी दूरी ट्रेनें एकसाथ आ और जा रही थीं, विशेष रूप से दिल्ली-प्रयागराज मार्ग पर महाकुंभ के समय।

### बोर्ड को जांच के निर्देश

कोर्ट ने रेलवे बोर्ड को निर्देश दिया कि वह इस मामले की जांच करे और उठाए गए कदमों पर एक हलफनामा दाखिल करे। अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी। कोर्ट ने इस याचिका में रेलवे अधिनियम के प्रावधानों को सही तरीके से लागू न होने को लेकर चिंता जताई।

### महाकुंभ जा रहे थे श्रद्धालु

15 फरवरी को हुई इस भगदड़ में हजारों श्रद्धालु महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज जा रहे थे, जिससे रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ हो गई थी। भगदड़ की घटना में 18 लोगों की जान गई और कई घायल हो गए। इस घटना के बाद रेल मंत्रालय ने देश के 60 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्थायी प्रतीक्षालय बनाने की योजना बनाई है, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। मंत्रालय ने कहा कि यह योजना अधिक भीड़ होने से सामने आने वाली समस्याओं को कम करने के लिए बनाई गई है।

# मदन राठौड़ को दोबारा मिली प्रदेश बीजेपी की कमान

## वसुंधरा राजे ने दे दिया 'एकजुट-नो गुट-एक मुख' का नारा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ फिर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बन गए हैं। सात महीने में दूसरी बार मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई है। सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी उनके नाम की घोषणा हुई। इस दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने एकजुट, नो गुट, एक मुख का नारा दिया। चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राठौड़ के नाम का ऐलान किया। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा था। उसके बाद से ही उनका फिर से अध्यक्ष बनना तय हो गया था। जनसंघ से बीजेपी तक की यात्रा करने वाले मदन राठौड़ के पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के साथ भी बेहतर संबंध रहे हैं। मदन राठौड़ की पहली बार प्रदेशाध्यक्ष पद पर 26 जुलाई 2024 को नियुक्ति हुई थी। ऐसे में उन्हें इस पद पर करीब 7 महीने का समय ही हुआ था। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल संगठन की बैठकों में इस बात के संकेत दे चुके थे कि प्रदेशाध्यक्ष के पद पर मदन राठौड़ ही निर्वाचित होंगे। भाजपा ने सीपी जोशी के बाद मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष जिम्मा सौंपा था। उनके नेतृत्व में भाजपा ने उप चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया। इसी के चलते अब हाईकमान ने उन्हें फिर से पद पर नियुक्त किया है। हाल ही में राजस्थान की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए, जिसमें बीजेपी को 5 सीटों पर जीत हासिल हुई। इस उप चुनाव में सलूंबर, रामगढ़ और झुंझुनू सीटों पर तो जीत दर्ज की। साथ ही कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाली देवली-उनियारा के साथ आरएलपी की खींवसर सीट पर भी कब्जा किया था। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि, मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रख भाजपा अपना ओबीसी वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश में जुटी हुई है। ओबीसी की जाति घांची समुदाय से ताल्लुक मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर बीजेपी ने जातीय समीकरण साधे हैं और उस ओबीसी वोट बैंक मजबूत करने की कोशिश की है जो राज्य में जीत-हार में निर्णायक भूमिका निभाता है। राजस्थान में 50 फीसदी से अधिक वोटर्स ओबीसी में आते हैं जिसमें कई जातियां शामिल हैं और लोकसभा चुनाव के दौरान भी ओबीसी मतदाताओं ने अहम भूमिका अदा की थी।

### सत्ता-संगठन के साथ वसुंधरा को भी बैलेंस बनाने का प्लान!

मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने राजस्थान में सत्ता और संगठन के बीच समन्वय बनाने की कोशिश की हैं। सरकार की कमान ब्राह्मण समुदाय से आने वाले सीएम भजनलाल शर्मा के हाथों में है। इसलिए पार्टी की बागडोर ओबीसी समुदाय से आने वाले मदन राठौड़ को सौंपी है। इस तरह बीजेपी ने ब्राह्मण और ओबीसी के जरिए सूबे के सियासी समीकरण को साधा है। राठौड़ अस्सी के दशक में संघ से बीजेपी में आए हैं। इसके बाद जिला संगठन से अपना काम शुरू किया। इसके अलावा प्रदेश संगठन में भी अलग-अलग पदों पर रहे हैं। राठौर दो बार पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए हैं। पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था, जिसके बाद निर्दलीय ताल ठोक दी थी। हालांकि, उन्होंने पार्टी के नेतृत्व द्वारा बात करने के बाद अपना पर्चा वापस ले लिया था, जिसके बाद उन्हें राज्यसभा भेजा गया और अब उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। राठौड़ के जरिए वसुंधरा राजे को भी साधने का दांव बीजेपी नेतृत्व ने चला है। इसकी वजह है कि राठौड़ को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का करीबी माना जाता है। 2018 में वसुंधरा राजे सरकार के दौरान मदन राठौड़ ने बीजेपी के उप मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी संभाली थी।

# पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को मिली बड़ी जिम्मेदारी, पीएम मोदी के प्रधान सचिव-2 नियुक्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव-2 नियुक्त किया गया है। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा वर्तमान में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रहेगा। आदेश में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने श्री शक्तिकांत दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) की प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक रहेगी। दास एक सिविल सेवक रहे हैं, जिनकी 42 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा मुख्यतः वित्त, कराधान, निवेश और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर ने भारत के जी-20 शेरपा और 15वें वित्त आयोग के सदस्य के रूप में भी कार्य किया है।

## एक अनार.......!

बचपन से ही हमने सीखा,
अ से होता है अनार...
पहली बार चखा उसको,
जब मैं हुआ रहा बीमार....
गाँव-देश का मैं रहने वाला,
पेड़ कभी ना देखा इसका....
फल का भी....कभी-कभी ही...!
हो पाया था मुझको दीदार....
सच बताऊँ प्यारे मित्रों....!
सोचा मैंने कई-कई बार,
क्या और कैसी चीज....?
होती है ये ससुरी अनार....
मन ही मन में किस्से गढ़ता,
कल्पना करता...अद्भुत और अपार..
ऊहापोह में बचपन बीता,
धीरे से आया जब यौवन द्वार...
पढ़ने को मैं शहर में आया,
एक सहपाठी को मित्र बनाया...
बात अनार की उसे बताया....पर...
वह भी ठहरा बिल्कुल देहाती,
निकला वह भी इसका सताया....!
तय किया हम दोनों ने फिर,
शंका-दुविधा इस अनार की,
क्यों न ख़तम कर ली जाय....?
मिलकर लाया जाए एक अनार
झट जाकर कोई नजदीकी बाजार...
कई दुकानों पर पूछ-पूछ.....!
हताश हो गए हम दोनों यार....
फिर ठेले पर हमें मिला जो अनार
खरीद के उसको....पाकर उसको...!
हम दोनों को...मिली खुशी अपार....
अब कमरे पर था आया अनार
मन मे उमड़ रहे थे....!
अजब-गजब से विचार...पर...
एक बात हमें समझ ना आए,
काटें-फोड़ें या फिर छीलें....?
हम अपना यह प्यारा अनार...
जुगत भला पूछें भी हम किससे...?
सब मानेंगे हमें शुद्ध गँवार.....

उपाय कोई ना समझ में आए,
हम दोनों ही पटक रहे थे,
कमरे में अपना मूड़-कपार....
फिर अचानक आया विचार...और...
सामने रखे बेलन से....!
हमने कर दिया उस पर प्रहार....
फूट के फैल चुका था अब तो अनार
इधर-उधर बस दाँत चिआर....
अब एक उलझन सामने थी तैयार...
क्या-क्या खाएं...क्या-क्या फेंके...?
समझ न पाएं हम दोनों पगले यार....
पर एक बात दिखी जो कॉमन मित्रों,
मुँह से निकल रही थी बाहर लार....
मेहनत करके....बटोरे दाने हमने...
फिर चाव से खाये हम दोनों यार....
शिकवे-गिला और व्यथा सब दूर हुए
अब तो खूब मजे से.....!
पहचान लिए गए थे अनार....
आगे की बात....सब जाने हैं यार....
बड़े-बुजुर्गों ने जब जाने....!
इस अनार के गुण हज़ार....
बना के अनुभव को आधार,
कई कहावतों का दिया उपहार...
उनमें से ही एक रही....!
एक अनार सौ बीमार....
एक अनार सौ बीमार....



रचनाकार
जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ

# 'दोस्ती और सहयोग की मिसाल हैं भारत-भूटान संबंध'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के संबंध एक मिसाल हैं, जो विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे का भारत दौरा हुआ। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को यह बात कही। तोबगे ने 20 से 21 फरवरी तक भारत का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरान वह %स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप के पहले लीडरशिप समित में शामिल हुए, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। मंत्रालय ने कहा, इस दौरान तोबगे ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। भूटान के प्रधानमंत्री से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना एवं प्रसारण मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और केंद्र सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात की। एमईए ने कहा, भारत और भूटान की मित्रता और सहयोग के संबंध भरोसे, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत भूटान के प्रधानमंत्री का दौरा हुआ, जो हमारी विशेष साझेदारी की पहचान है।

### पीएम मोदी को बताया बड़ा भाई और गुरु

स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप समिट में शुक्रवार को तोबगे ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने बड़े भाई और गुरु के रूप में संबोधित किया। उन्होंने मोदी से मार्गदर्शन मांगा ताकि वह भूटान में सार्वजनिक सेवा को बदलने में मदद कर सकें।

# अमित शाह का राहुल गांधी को जवाब, कहा, पीएम मोदी एक क्लिक पर धनराशि लोगों के खाते में भेजते हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

- पीएम मोदी एक क्लिक से लाखों लाभार्थियों के खाते में धनराशि ट्रांसफर करते हैं: अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जवाब दिया। पुणे में जनता सहकारी बैंक लिमिटेड के अमृत महोत्सव के समापन समारोह में अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने जनधन खाते खोले, तो राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि पीएम मोदी खाते में क्या ट्रांसफर करेंगे? मैं आपको बताना चाहता हूं राहुल गांधी कि पीएम मोदी एक क्लिक से लाखों लाभार्थियों के खाते में धनराशि ट्रांसफर करते हैं। उन्होंने सहकारिता को लेकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत के लिए दो लक्ष्य तय किए हैं। पहला 2047 तक विकसित भारत और पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था। ये दोनों लक्ष्य सहकारी क्षेत्र के योगदान से हासिल किए जा सकते हैं। अमित शाह ने कहा कह पीएम मोदी ने केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की शुरुआत की है। इस मंत्रालय के जरिये देश में कई चीजों में क्रांति आई है। मंत्रालय सहकार से समृद्धि के आदर्श वाक्य पर काम करता है। जनता सहकारी बैंक भी उसी तर्ज पर काम करता है। उन्होंने कहा कि देश में 1465 शहरी सहकारी बैंक हैं और 400 से अधिक अकेले महाराष्ट्र में हैं। हम एक विशेष संगठन को सक्रिय कर रहे हैं। जो सभी सहकारी बैंकों की हर संभव तरीके से मदद करेगा। इसके लिए 300 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया गया है।

# एम्स सैटेलाइट सेंटर और श्री दूधेश्वर नाथ कॉरिडोर परियोजना को लेकर गाजियाबादी हुए निराश

- गाजियाबाद के स्वास्थ्य और धार्मिक क्षेत्र में बढ़ते कदम रुके

जन एक्सप्रेस। शैलेश पाण्डेय








**गाजियाबाद।** एम्स के सैटेलाइट सेंटर और श्री दूधेश्वर नाथ कॉरिडोर परियोजना के लटकने से गाजियाबाद के निवासी निराश हैं। यह परियोजनाएं गाजियाबाद के विकास के लिए महत्वपूर्ण थीं, लेकिन अब योगी सरकार के बजट में इनके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि गाजियाबाद के उपचुनाव में खुले मंच से मुख्यमंत्री योगी ने जनता से जीत के तोहफे में जनपद को इन योजनाओं का लाभ मिलने की बात सार्वजनिक मंच से कही थी । जनता ने तो प्रचण्ड बहुमत से गाजियाबाद सदर से संजीव शर्मा को विधायक बनाकर अपना वादा पूरा किया लेकिन अब बारी मुख्यमंत्री योगी और उनके राजनीतिक साथियों की थी , जिसे पूरा करने में वह चूक गए हैं। गाजियाबाद के निवासी यह सवाल उठा रहे हैं कि जब गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के विकास में सर्वाधिक राजस्व देने का योगदान करता है, तो फिर उसे योगी सरकार के बजट का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है? जनता स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, नाली, सड़क और सार्वजनिक स्थलों के विकास और अनुरक्षण में प्रशासनिक उदासीनता से नाराज हैं। इस मुद्दे पर सत्ताधारी नेता और विपक्षी दल अलग-अलग राय रखते हैं। सत्ताधारी नेता इसे ऐतिहासिक और अच्छा बता रहे हैं, जबकि विपक्षी दल औपचारिक विरोध दर्शा रहे हैं। लेकिन गाजियाबाद के निवासी इस परियोजना के लटकने से निराश हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार जल्द ही इस पर काम करेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में श्री दूधेश्वर नाथ कॉरिडोर और एम्स सेटेलाइट सेंटर स्थापना का वादा किया है। यह परियोजनाएं गाजियाबाद के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी । श्री दूधेश्वर नाथ कॉरिडोर परियोजना गाजियाबाद के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को बढ़ावा देगी, जबकि एम्स सेटेलाइट सेंटर स्थापना से स्थानीय लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं न्यूनतम दर पर मिलेंगी। यह परियोजनाएं योगी सरकार की विकासात्मक योजनाओं का हिस्सा हैं और गाजियाबाद को एक स्मार्ट सिटी बनाने में मदद करेंगी। योगी सरकार 2025-2026 के बजट को ऐतिहासिक बताकर पीठ थपथपा रही है । नगर विकास के मद में 25,308.48 करोड़ और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 50,550.42 करोड़ का बजट में प्राविधान किया है। लेकिन सरकारी जमीनों की उपलब्धता और जनता की जरूरतों के बाद भी कई योजनाएं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से परवान नहीं चढ़ पा रही है। उदाहरण के रूप में देखे तो आवास विकास परिषद वसुंधरा योजना में कालोनी विकसित करते समय सरकारी अस्पताल, सरकारी स्कूल कॉलेज, सामुदायिक भवन और जनोपयोगी सुविधाएं मुहैया करने के लिए भूमि आरक्षित करने का वादा किया । लेकिन अब जब योजनाओं को मूर्त रूप देने की बात आ रही है तो आवास विकास परिषद के लखनऊ और मुख्यालय में बैठे अधिकारियों की नजरें निजी निर्माणकर्ताओं पर इनायत होने लगी हैं। जिसके कारण जनता एक बार फिर अपने अधिकारों के लिए आंदोलन के लिए बाध्य जाएगी। वसुंधरा के सेक्टर 7 और 9 में खाली पड़ी बेशकीमती जमीन को एम्स के अधिकारियों द्वारा सैटेलाइट सेंटर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त बताए जाने के बाद भी विभागीय अधिकारी इस मुद्दे पर सरकार से वास्तविक स्थिति क्यों नहीं स्पष्ट कर रहे जनता लगातार पूछ रही है , जबकि अधिकारी निजी बिल्डरों को जमीन देने के लिए अपने फैसले पर अडिग दिख रहा है। जनता की माने तो अधिकारियों की बिल्डरों से सांठ गांठ की कहानी बहुचर्चित है। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और सत्ता में रसूख रखने वाले माननीय की भी भूमिका पर सवालिया निशान अब जनता लगाने लगी है। जनता योगी सरकार की नीतियों और घोषणाओं से खुश है लेकिन उसको आकर देने वाले अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही से नाखुश।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)